आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* लता मंगेशकर पुण्यतिथि”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 22 | उज्जैन, शुक्रवार 06 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 5 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मडावदा ग्राम के आंगनबाड़ी के बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने के लिए दे दी अपनी जान

# डेढ़ दर्जन बच्चों की धाय मां कंचन बाई को मिला सम्मान

## सीएम ने एक्स पर ट्वीट किया, परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता, बच्चों के शिक्षण की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच/उज्जैन

नीमच जिले के मडावदा पंचायत क्षेत्र के रानपुर आंगनबाड़ी केंद्र की स्व सहायता समूह की अध्यक्ष कंचनबाई मेघवाल ने जान देकर आंगनवाड़ी के 20 बच्चों की जान मधुमक्खियों के हमले में बचा ली। उनकी शहादत को तीन दिन हुए हैं। गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके लिए ट्वीट किया है। परिवार को 4 लाख आर्थिक सहायता एवं उनके बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी राज्य सरकार उठाएगी।


मामला सोमवार सुबह के समय का है जब स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ने अपनी जान पर खेलकर मासूम बच्चों को बचा लिया। इस तरह नीमच जिले की कंचन बाई मेघवाल इंसानियत के प्रति कर्त्तव्य और इसके लिए समर्पण व साहस का उदाहरण बन गई। मधुमक्खियों के हमले के समय आंगनबाड़ी केंद्र पर करीब 20 से अधिक बच्चे मौजूद थे।





केंद्र की सहायिका बाकी बच्चों को लेने गई हुई थी। इसी बीच बच्चों पर बाहर से झुंड के रूप में आईं मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था।

**कपड़े धोने के दौरान ही बचाया-** आंगनवाड़ी के पास में ही स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष 45 वर्षीय कंचन बाई मेघवाल का घर है। वह आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित हैंडपंप पर कपड़े धो रही थीं। उन्होंने जब बच्चों पर मधुमक्खियों का हमला होते देखा तो वह दरी और कंबल लेकर दौड़ीं और आनन-फानन में सारे बच्चों पर दरी और कंबल से घेरा बनाकर उन्हें सुरक्षित वहां से निकालकर दूर पहुंचाया लेकिन इस दौरान उन्हें मधुमक्खियों ने जमकर काट लिया था।



### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने से पहले मौत

बच्चों को बचाने के दौरान कंचनबाई को मधुमक्खियों ने अपने क्रोध का शिकार बनाया। इससे कंचनबाई गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस बीच आसपास के ग्रामीण भी एकत्र हो गए। डायल 112 को बुलाकर घायल कंचन बाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### पति लकवे से पीड़ित

कंचनबाई मेघवाल के पति शिवलाल को कई साल पहले लकवा मार गया था, जिससे उनका चलना फिरना बंद हो गया था। उनका एक बेटा और दो बेटियां हैं। वह आंगनबाड़ी में स्व-सहायता ग्रुप चला रही थीं, जिसमें वह जय माता दी स्व-सहायता ग्रुप की अध्यक्ष थी और आंगनबाड़ी में बच्चों को खाना बनाकर देती थीं। गांव के सुरेश मेघवाल ने बताया कि, कंचनबाई वक्त की बहुत पाबंद थी, वह रोजाना सुबह समय पर आंगनबाड़ी आती थीं। कभी शिकायत नहीं करती थी और हमेशा मुस्कुराती रहती थीं। पति की बीमारी के चलते परिवार को संभालती थी, अब उनके जाने से परिवार पर कहर टूट पड़ा।

## देश विदेश

### मेघालय में अवैध कोयला खदान में धमाके से 16 की मौत

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में धमाका हो गया। हादसे में कम से कम 16 मजदूरों की मौत हो गई। कई मजदूरों के अब भी खदान में फंसे होने की आशंका है। यह जानकारी राज्य की पुलिस महानिदेशक आई नोंग्रांग ने दी। बचाव दल राहत और खोज अभियान में लगे हुए हैं। यह हादसा सुबह थांग्स्कु इलाके में हुआ। नोंग्रांग ने कहा, अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं। धमाके के समय खदान के अंदर कितने मजदूर थे, यह अभी साफ नहीं है और लोगों के फंसे होने की आशंका है। एक घायल व्यक्ति को पहले सुतंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए शिलांग के अस्पताल में रेफर किया गया। यह जानकारी ईस्ट जैंतिया हिल्स के एसपी विकास कुमार ने दी। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट कोयला खनन के दौरान हुआ और यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।

### रुस ने कहा- भारत किसी से भी तेल खरीदने के लिए आजाद

**मॉस्को।** रूस ने बुधवार को कहा कि भारत किसी भी देश से क्रूड ऑयल खरीदने के लिए पूरी तरह आजाद है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस कभी भी भारत का एकमात्र एनर्जी पार्टनर नहीं रहा है। अगर भारत तेल की खरीद किसी और देश से करता है, तो इसे गलत नहीं माना जाना चाहिए। पेस्कोव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर रहा है, इस तरह की कोई भी ऑफिशियल जानकारी भारत की ओर से नहीं दी गई है। उन्होंने एक दिन पहले भी यही बात कही थी कि नई दिल्ली से ऐसा कोई मैसेज नहीं आया है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि भारत, अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील के तहत रूस से तेल खरीद रोकने को तैयार हो गया है।

### फिल्म ‘घूसखोर पंडत’ पर मचा बवाल




**मेकर के चेहरे पर कालिख पोतेंगे, टायटल पर विवाद, ब्राह्मण समाज में आक्रोश**

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म घूसखोर पंडत का टीजर जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया है। देश के कई शहरों में ब्राह्मण समाज ने फिल्म के टायटल का विरोध किया है। इधर उज्जैन में भी फिल्म के नाम को लेकर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने विरोध दर्ज कराते हुए ऐसी फिल्म बनाने वालों के मुंह पर कालिख पोतने की बात कही है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी को मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म घूसखोर पंडत का टीजर रिलीज किया था। रिलीज से पहले ही फिल्म टायटल को लेकर विवादों में फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक है। इधर जयपुर और दिल्ली के बाद अब उज्जैन में भी फिल्म पर रोक लगाने की मांग उठने लगी है। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि फिल्म के नाम में ही पंडितों और ब्राह्मणों का अपमान है। देश में ब्राह्मणों, क्षत्रिय और वैश्य समाज को गाली देने का पैटर्न चल गया है। अपमानित करने वाले शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक कानून पंडितों के लिए बनाना चाहिए। हम निंदा करते हैं ऐसे फिल्म मेकर की। वक्त आने पर पुतले जलाए जाएंगे, हमारी नजर के सामने आएंगे तो मुंह पर कालिख पोती जाएगी।

### यूपी में चाइनीज मांझे से मौत मानी जाएगी हत्या

**लखनऊ।** चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाओं और मौतों को गंभीरता से लेते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा और सख्त फैसला लिया है मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली किसी भी मौत को अब हत्या की श्रेणी में दर्ज किया जाएगा सीएम योगी ने प्रदेश भर में चाइनीज मांझे की अवैध बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर छापेमारी करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है सीएम ने यह भी निर्देश दिया कि इस अभियान की नियमित निगरानी और समीक्षा की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो सरकार का उद्देश्य आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और जानलेवा चाइनीज मांझे पर पूरी तरह रोक लगाना है।

### ट्रम्प पर हमले की कोशिश करने वाले शख्स को उम्रकैद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की कोशिश के मामले में दोषी ठहराए गए रयान राउथ को फेडरल कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, सजा बुधवार को सुनाई गई। यह घटना 15 सितंबर 2024 को हुई थी, जब ट्रम्प राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार कर रहे थे। राउथ एके-47 जैसी सोवियत शैली की राइफल और बॉडी आर्मर के साथ ट्रम्प के गोल्फ कोर्स के पास झाड़ी में पास छिपा था। एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने राइफल की नली और आरोपी का चेहरा देखा और गोली चलाई, जिसके बाद राउथ मौके से भाग गया। बाद में उसकी गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

एकतरफा प्यार में पागल युवक ने दिनभर रैकी के बाद


# नर्स की गोली मारकर हत्या

## शादी करना चाहता था, मर्डर करने जबलपुर से सागर पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सागर

सागर के शाहगढ़ में बुधवार रात एक नर्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने वाला कोई और नहीं उसका रिलेटिव निकला, जो जबलपुर से उसे मारने ही आया था। एकतरफा प्यार में पागल युवक ने दिनभर रैकी के बाद रात को मौका मिलते ही अस्पताल के गेट के पास नर्स को तीन गोली मारी। एक गोली मिस हो गई, जबकि दो गोली उसके पीठ से होते हुए दिल तक पहुंच गई।

पुलिस ने रातभर की पड़ताल के बाद आरोपी की पहचान कर ली है। उसका नाम सुशील आठ्या निवासी पनागर है, जो नर्स का रिश्तेदार है। लंबे समय से वह नर्स के पीछे पड़ा हुआ था। सुशील बेरोजगार था और शादी करना चाहता था। इसी बात पर दोनों के बीच अनबन हुई और आरोपी ने हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए परिवार ने चक्काजाम किया। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस के अनुसार, दीप शिखा चढार (26) निवासी पाटन (जबलपुर) करीब 2 साल से सागर के शाहगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स के पद पर पदस्थ थी। वह अस्पताल से करीब 200 मीटर की दूरी पर किराए का कमरा लेकर रह रही थी।






### राज्यसभा में पीएम की स्पीच के दौरान विपक्ष का वॉकआउट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दे रहे हैं। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए।

इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है पीएम बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है।

### जीतू पटवारी से मिले नरोत्तम मिश्रा, बंद कमरे में हुई चर्चा

**नवग्रह शक्तिपीठ प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण सियासत में चर्चाएं तेज**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश की सियासत में आज एक घटनाक्रम बड़ा सियासी सुर्खियों में बना रहा। दरअसल, प्रदेश की राजनीति में दबदबा रखने वाले पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के बीच एक मुलाकात हुई है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से मिलने उनके निवास पहुंचे। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने डबरा स्थित नवग्रह शक्तिपीठ में 10 से 20 फरवरी तक होने वाले भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जीतू पटवारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। जहां जीतू पटवारी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब 20 मिनट तक बातचीत भी हुई है। इस मुलाकात की सियासी जगत में खूब चर्चा हो रही है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी डॉ. नरोत्तम मिश्रा को स्वागत के बाद एक बंद कमरे में लेकर गए, जहां दोनों नेताओं के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई। बैठक के बाद जब दोनों नेता बाहर आए, तो हाथ थामे हुए दिखाई दिए हैं। हालांकि इस बैठक में क्या चर्चा हुई, इसका खुलासा दोनों नेताओं ने नहीं किया, मुलाकात को राजनीति शिष्टाचार, सामाजिक और धार्मिक सौहार्द से जोड़कर देखा जा रहा है।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जमीन वापस लेने का आदेश दिया

## आसाराम के आश्रम पर चलेगा बुलडोजर

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद के मोटेरा में स्थित आसाराम का मुख्य आश्रम अब कानूनी विवादों में है। गुजरात हाईकोर्ट ने 45 हजार वर्ग मीटर से अधिक की आश्रम की जमीन को राज्य सरकार के कब्जे में लेने और अवैध ढांचों को हटाने की मंजूरी दे दी है।

इस आश्रम की जगह अब 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। वर्तमान में इस जमीन की मार्केट वैल्यू 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की है। गुजरात हाईकोर्ट की जस्टिस वैभवी नानावती ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को जमीन वापस लेने की अनुमति दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि विकास परियोजना की आवश्यकता और नियमों के उल्लंघन को देखते हुए सरकारी कार्रवाई उचित है। इस फैसले के बाद अहमदाबाद नगर निगम किसी भी समय अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर सकता है। आश्रम में मिली जानकारी के अनुसार मोटेरा स्थित आश्रम परिसर में करीब 32 अवैध यूनिट स्थापित की गई थीं। प्रशासन को जांच के दौरान पता चला कि इन इकाइयों का इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों और अनधिकृत निर्माण के लिए किया जा रहा था।



2008 मंदी की भविष्यवाणी करने वाले इकोनॉमिस्ट ने कहा- बड़ा संकट आने वाला है

## डॉलर खत्म हो जाएगा, सोना उसकी जगह लेगा

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

मशहूर अमेरिकी इकोनॉमिस्ट पीटर शिफ ने बड़े आर्थिक संकट की चेतावनी दी है। शिफ का मानना है कि हम एक ऐसे आर्थिक संकट की तरफ बढ़ रहे हैं, जिसके सामने 2008 की मंदी बच्चों के खेल जैसी लगेगी। डॉलर धराशायी होने वाला है और इसकी जगह सोना ले लेगा।

पीटर शिफ के मुताबिक दुनिया भर के केंद्रीय बैंक डॉलर पर निर्भरता कम कर रहे हैं। वे सोने का रिजर्व बढ़ा रहे हैं। शिफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ग्लोबल मार्केट में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव है। 2025 में सोना 75% और चांदी 167% बढ़ी है। शिफ ने कहा- आने वाला संकट 2008 से बिल्कुल अलग होगा। पिछला संकट पूरी दुनिया में फैल गया था, लेकिन ये अमेरिका के भीतर ही केंद्रित रहेगा। 2008 का संकट अमेरिका के हाउसिंग मार्केट के गिरने से शुरू हुआ था, जब बड़ी संख्या में लोगों ने होम लोन चुकाना बंद कर दिए थे। इसने पूरी दुनिया की बैंकिंग प्रणाली को हिला दिया और 1930 की महामंदी के बाद का यह सबसे बड़ा वैश्विक आर्थिक संकट बन गया। शिफ ने कहा कि हम दुनिया पर निर्भर हैं। वे हमें वो सामान देते हैं जो हम नहीं बनाते। ट्रम्प इसे उल्टा समझ रहे हैं। दुनिया की अर्थव्यवस्था हमारे कारण नहीं चलती, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया के कारण चलती है। हमारी क्रेडिट आधारित इकोनॉमी खराब हो चुकी है जो डॉलर के 'रिजर्व करेंसी' स्टेटस पर टिकी है।



### सरकारी आंकड़े सही नहीं

पीटर शिफ ने उन दावों को भी खारिज कर दिया जिनमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बहुत मजबूत बताया जा रहा है। शिफ ने कहा कि दुर्भाग्य से ये आंकड़े सही नहीं हैं। ये बहुत ज्यादा घुमावदार हैं और इनमें सुधार किया जाएगा। इन पर महंगाई का बहुत असर है। आने वाले कुछ सालों में महंगाई, बाइडन के समय से भी ज्यादा खतरनाक होने वाली है। शिफ ने कहा कि सोने की बढ़ती कीमतें उस बड़े संकट की चेतावनी दे रही है जो या तो इस साल के आखिर में या अगले साल आने वाला है।

नए नियम लागू : यूपीएससी-सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद

## रैंक सुधारने का मौका सिर्फ एक बार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2026 का नोटिफिकेशन बुधवार को जारी किया है। आयोग ने इस बार 933 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया है। आवेदन की आखिरी तारीख 24 फरवरी है।

परीक्षा केंद्र में फेस ऑथेंटिकेशन के बाद ही एंट्री दी जाएगी। इस बार प्रयास और पात्रता से जुड़े नियमों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। इसके मुताबिक अब सिलेक्शन के बाद दोबारा परीक्षा देने की आजादी पहले जैसी नहीं रहेगी। नए प्रावधानों में सेवा में रहते हुए बार-बार परीक्षा देने का रास्ता बंद कर दिया गया है। वहीं, आईएएस और आईएफएस को लेकर पुराने नियम जस के तस रखे गए हैं। चयनित अफसर को एक बार परफॉर्मेंस बेहतर करने का मौका मिलेगा। जैसे किसी का 2026 में आईपीएस में सिलेक्शन हुआ तो वह 2027 में परफॉर्मेंस बेहतर करने की परीक्षा देने का पात्र होगा। उसके बाद अगर वह परीक्षा देना चाहता है तो उसे सेवा से इस्तीफा देना होगा। पहले से आईपीएस में चयनित या नियुक्त उम्मीदवार सीएसई 2026 से दोबारा आईपीएस नहीं पा सकेंगे। वहीं प्रीलिम्स के बाद लेकिन मेन्स से पहले अगर आईएएस या आईएफएस बनते हैं, तो मेन्स लिखने की अनुमति नहीं मिलेगी। सिविल सर्विस एग्जाम-2026 में अगर ग्रुप-ए या फिर आईपीएस मिलती है, तो उम्मीदवार को सिर्फ एक बार यानी सीएसई-2027 में रैंक सुधारने का मौका मिलेगा। मौका तभी मिलेगा जब उम्मीदवार को ट्रेनिंग जॉइन न करने की वन टाइम एक्जेम्शन (एक बार की छूट) मिले।




### हर साल 10 लाख से ज्यादा एस्पिरेंट्स परीक्षा देते हैं

2025 में करीब 10 लाख से ज्यादा एस्पिरेंट्स ने एप्लिकेशन भरा था। जिनमें से 14,161 एस्पिरेंट्स प्रीलिम्स पास कर मेन्स तक पहुंचे। 2,736 को इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया, जबकि 979 पदों के लिए फाइनल सिलेक्शन हुआ। इससे पहले 2024 मे लगभग 13 लाख से ज्यादा आवेदन आए और करीब 5.8 लाख प्रीलिम्स में शामिल हुए। 1,009 पदों पर सिलेक्शन हुआ। इसी तरह 2023 में करीब 13 लाख एप्लिकेशन आए और 1016 पदों पर फाइनल सिलेक्शन हुआ। लोकसभा में बुधवार को पूछा गया कि क्या लद्दाख के उम्मीदवारों को सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा में भारतीय भाषा के क्वालिफाइंग पेपर (पेपर-अ) से छूट देने का कोई प्रस्ताव है। इस पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जबाव दिया कि सिविल सेवा परीक्षा के नियम समय के साथ बदलते रहते हैं।



दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## समाज में सकारात्मकता को बढावा दें...

अंततः तीन दिन बाद ही सही नीमच जिले के मडावदा पंचायत अंतर्गत रानापुर में आंगनवाडी के बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने के दौरान अपनी जान देने वाली कंचनबाई के कर्म को सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों को आर्थिक सहायता एवं बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने ली है।




इस पूरे मामले में जिला स्तर से हुई यह देरी कदापि भी ठीक नहीं कही जा सकती है। एक महिला के इंसानियत के प्रति कर्त्तव्य और इसके लिए जान के समर्पण के मामले को जिला स्तर पर तर्क-वितर्क के स्तर पर लिया गया और घटनाक्रम को लेकर तमाम तरह के सवालों के जवाब ढूंढे जा रहे हैं। घटना को संदिग्धा स्थिति में देखते हुए पूरे मामले में तीन दिन लगा दिए गए। विचार किजिए की अगर महिला के स्थान पर मधुमक्खियां बच्चों को काटती और कुछ घटनाक्रम होता तो कैसा बवाल मचता। प्रारंभिक स्थिति में तो अधिकारियों की कर्मशीलता पर ही सवाल खडा हो रहा है कि आंगनवाडी ऐसे स्थान पर कैसे चल रही थी जिसके आसपास मधुमक्खियों के छत्ते थे जहां से वे उडी और घटना हुई। अगर मान भी लिया जाए की घटना में कुछ कमी पेशी थी तो भी इंसानियत के प्रति कर्त्तव्य को बढावा देने के लिए सकारात्मकता को अख्तियार कर इसे स्वीकार करते हुए जान देने वाली महिला को सम्मान देना चाहिए था। इस पूरे मामले से कुछ और सवाल भी खडे हो रहे हैं जो सिरे से ही संदिग्ध मामले होते हैं ऐसे मामलों में शासन का मुआवजा देने में अधिकारी देर नहीं करते हैं चाहे बाद में उन मामलों में संबंधित पिडित न्यायालयों में पलट जाते हैं और शासन स्तर से मिलने वाली राशि को खा जाते हैं। अन्यानेक प्रकरणों में विद्वेषपूर्णता के तहत बलात्कार जैसे मामलों में बाद में पिडिता बदल जाती है और ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनमें अधिकारी जिम्मेदार होते हैं क्या उन मामलों में इतने तर्क वितर्क और संदिग्धा स्थिति के तहत कार्रवाई की जाती है। खुसूर-फुसूर है कि एक और तो केंद्र एवं राज्य सरकारें मानवता के प्रति अपने कर्त्तव्य को जीवंत करने के लिए नकद ईनाम एवं तमाम प्रकार की योजना चला रहे हैं, इसके बाद भी मानवता जीवंत करने में जोर लग रहा है अमूमन प्रति दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिसमें घायल तडफता रहा और लोग देखते रहे । इसके बाद भी कंचनबाई के मामले में इस स्थिति को नकारात्मकता ही कहा जाएगा की तीन दिन तक जिले में इस पूरे मामले को दबाए रखा गया और इस पर तर्क वितर्क एवं तमाम प्रशासनिक तौर तरीका चलता रहा है। ऐसे मामलों में पूरी तरह ध्यान रखा जाना चाहिए कि दुसरों की जान बचाने के लिए कूदने वाला सबूतों को एकजाई करके आगे नहीं बढता वह तत्काल ही कूद पडता है। समाज में सकारात्मकता को बढावा देंने के लिए एवं मानवता के प्रति कर्त्तव्य को जीवंत करने के लिए अपना योगदान दें न कि उसमें तर्क वितर्क किए जाएं। स्वतंत्रता के आंदोलन में अंग्रेजों के दौर में भी यही मानसिकता रही थी इसी कारण से कई स्वातंत्र वीरों के नाम ही हजम कर लिए गए और उसी अनुसार इतिहास लिखा गया जिसे अब उचित तरीकों से ठीक किया जा रहा है। इस स्थिति में इंसानियत के प्रति कर्त्तव्य को बढावा देने के लिए समाज में सकारात्मकता को बढावा दिया जाना चाहिए।



कंचन बाई का 'दाधिची' कर्म अंधेरे में

अजीब भूमि हो गई है ये जहां अंगुली कटाकर लोग शहीद का दर्जा पा रहे हैं और जो समाज के लिए स्वर कलम करवा रहे हैं उनका जिक्र तक नहीं हो रहा है। हाल ही में पडोसी प्रदेश से जुडे संभाग के नीमच जिले के मडावदा पंचायत क्षेत्र के आंगनवाडी केंद्र में स्व सहायता समूह की अध्यक्ष बहन ने अपनी जान देकर केंद्र में आए 20 बच्चों को जीवनदान दिया है। मामला तीन दिन पुराना है। न मिडिया ने इसे विशेष स्थान दिया और न ही शासन प्रशासन ने ही इसे उचित सम्मान दिया। सामने आ रहे घटनाक्रम अनुसार आंगनवाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला किया तो स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कंचन बाई ने अपनी जान देकर केंद्र आए और वहां बाहर खेल रहे मासूम बच्चों को बचा लिया। इस तरह नीमच जिले की कंचन बाई मेघवाल इंसानियत के प्रति कर्तव्य और इसके लिए समर्पण व साहस का उदाहरण बन गई । देर से सामने आये घटनाक्रम अनुसार नीमच के पास सोमवार को सुबह आंगनबाड़ी केंद पर कई बच्चे मौजूद थे। केंद की सहायिका बाकी बच्चों को लेने गई हुई थी। इसी बीच बच्चों पर बाहर से झुंड के रूप में आई मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। पास में ही स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष 45 वर्षीय कंचन बाई मेघवाल का घर है। वह आंगनबाड़ी केंद के पास स्थित हैंडपंप पर कपड़े धो रही थीं। उन्होंने जब बच्चों पर मधुमक्खियों का हमला होते देखा तो

परीक्षार्थियों को समस्याओं से मुक्त करने के लिए बोर्ड कर रहा पहल, मानसिक दबाव कम करने के लिए भी मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 1800-233-4363 पर रहेंगे उपलब्ध

# हेल्पलाईन सेवा शुरू, परीक्षा केंद्र पर लगेगी ईमानदारी की पेटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी 10 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं का दौर शुरू होने वाला है। इसके बाद हाईस्कूल की परीक्षा 13 से शुरू हो जाएगी। परीक्षार्थियों को समस्याओं से मुक्त करने के लिए बोर्ड बराबर पहल कर रहा है। इसके अंतर्गत हेल्प लाईन सेवा शुरू की गई है। प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षणिक अभिप्रेरक और मंडल के अधिकारी मौजूद रहेंगे। परीक्षा शुरू होने पर परीक्षा केंद्रों पर ईमानदारी की पेटी लगाकर भी परीक्षार्थियों को अभिप्रेरित किया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं के पहले परीक्षार्थियों पर बनने वाले दबाव को देखते हुए बोर्ड ने हेल्पलाइन सेवा शुरू कर दी है। इसमें विद्यार्थियों को हर प्रकार की मदद मिल रही है।यह हेल्पलाइन हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी व्यावसायिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्रों के लिए संचालित की जा रही है।


### सुबह 10 .30 से शाम 5 तक

हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक अपनी परीक्षा से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संपर्क कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1800-233-4363 पर सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक फोन कर सहायता ली जा सकती है।

हेल्पलाइन में प्रतिदिन मनोचिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, शैक्षणिक अभिप्रेरक और मंडल के अधिकारी मौजूद रहेंगे, जो परीक्षा से जुड़े तनाव, मार्गदर्शन और अन्य शैक्षणिक समस्याओं का समाधान करेंगे। खास बात यह है कि यह सेवा रविवार को भी कार्यालयीन समय में उपलब्ध रहेगी।

### 3 घंट से पहले प्रश्न-पत्र बाहर नहीं

जिला शिक्षाधिकारी महेन्द्र खत्री बताते हैं कि इस बार बोर्ड के नियमों के तहत परीक्षा पूर्ण समय उपरांत ही प्रश्न-पत्र बाहर ले जाने की अनुमति रहेगी। अगर किसी छात्र ने दो घंटे की समयावधि उपरांत कापी जमा कर दी है तो भी उसे प्रश्न-पत्र बाहर नहीं ले जाने दिया जाएगा। परीक्षा पूर्ण होने के उपरांत ही ऐसे छात्रों को भी प्रश्न-पत्र दिया जाएगा। पूरे समय से पूर्व परीक्षा केंद्र छोडने वाले विद्यार्थियों की कापी के साथ प्रश्न-पत्र भी जमा होगा जो परीक्षा समय पूर्ण होने पर ही संबंधित विद्यार्थियों को वापस किया जाएगा।




### ईमानदारी की पेटी लगेगी

इस बार दसवीं- बारहवीं एमपी बोर्ड एग्जाम में बदलाव किए गए है। महत्वपूर्ण बात यह है कि बोर्ड की 10 फरवरी से शुरू होने वाली 10वीं-12वीं परीक्षा में सेंटरों पर ईमानदारी की पेटी लगाई जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री बताते हैं कि जिले के सभी 77 केंद्रों पर यह पेटी रखी जाएगी। अब नकल करते परीक्षार्थी से जो पर्ची बरामद होगी, उसको परीक्षा सेंटर पर ईमानदारी की पेटी में डाला जाएगा। इस बार परीक्षार्थियों के लिए भी नियम बदले गए हैं। अब सभी छात्रों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। दो घंटे पूरे होने से पहले किसी भी परीक्षार्थी को केंद्र से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निरीक्षण दल परीक्षा केंद्र छोड़ चुके छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्न-पत्रों का भी अवलोकन करेंगे। सभी केंद्रों पर नकल की पर्ची रखने एक पेटी रखने के लिए निर्देशित किया गया है। इस पेटी को ईमानदारी की पेटी नाम दिया है।

### सभी केंद्रों पर व्यवस्था पूर्ण

श्री खत्री बताते हैं कि जिले के सभी 77 परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था से लेकर प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। संवेदनशील केंद्रों के सीसी टीवी कैमरा के संचालन की व्यवस्था को सूचारू करवा दिया गया है। इसके साथ ही व्यवस्थाओं को कसौटी पर भी लिया जा रहा है। उडनदस्तों के लिए प्रभारी एवं जिम्मेदारियां तय की जा चुकी है।

### कलेक्टर प्रतिनिधि पहुंचेंगे थानों पर

केंद्र अध्यक्ष और कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि को हर हाल में सुबह 6 बजे तक संबंधित पुलिस थाने पहुंचना होगा। प्रश्न-पत्र का बॉक्स प्राप्त करने के बाद थाना परिसर में सेल्फी लेकर उसे निर्धारित एप पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इसके बाद परीक्षा केंद्र पहुंचकर दोबारा सेल्फी अपलोड करनी होगी। कलेक्टर प्रतिनिधि को परीक्षा के हर दिन केंद्र पर मौजूद रहना जरूरी रहेगा।

हर बार इन परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश जारी होते है व कलेक्टर के नियुक्त प्रतिनिधि इन सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे चल रहे है या नहीं, इसकी जांच करते है। अब प्रश्न-पत्र उठाने से लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया सेल्फी और एप अपलोड से मॉनिटर की जाएगी।

### दो तरह की उत्तर पुस्तिका मिलेगी

बोर्ड परीक्षा में इस बार विद्यार्थियों को दो तरह की उत्तर पुस्तिका दी जाएगी। इनमें 32 पेज की मुख्य विषय और 20 पेज की वोकेशनल और संस्कृत विषय की उत्तर पुस्तिका होगी। पूर्व की पुस्तिका पूरी भरने के बाद जिस तरह से अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका मिलती थी, वो इस बार नहीं दी जाएगी। प्रायोगिक परीक्षाओं में 10वीं के विद्यार्थियों को 8 पेज की और 12वीं के विद्यार्थियों को 12 पेज की उत्तर पुस्तिका मिलेंगी। गणित विषय में 32 पेजों की ग्राफ की उत्तर पुस्तिका मिलेगी।

### कापियों पर बार कोड का उपयोग होगा

उत्तर पुस्तिका में रोल नंबर छिपाने के लिए स्टिकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। सभी में बार कोड लगाया जाएगा। इस बार बोर्ड ने मूल्यांकन व्यवस्था में परिवर्तन किया है। सभी विषयों की उत्तरपुस्तिका पर बार कोड लगाकर विद्यार्थियों की पहचान छिपाई जाएगी। इसमें किसी तरह के पक्षपात की आशंका न्यूनतम हो जाएगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है। मूल्यांकन पूरा होने के बाद बारकोड को स्कैन कर अंकों को ऑनलाइन सिस्टम पर अपलोड किया जाएगा।

## बहुत कम संस्थाएं होती है जो इतना लंबा सफर तय कर पाती है-महेंद्र खत्री



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आलोक हायर सेकंडरी स्कूल के 50 वर्ष पूर्ण कर 51वें वर्ष में प्रवेश के समय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र खत्री ने कहा कि बहुत कम संस्थाऐं ऐसी होती है तो इतना लंबा सफर तय कर पाती है। उन्होंने संस्था द्वारा छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा व समाज उपयोगी कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा 51 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित की। कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए जिला साक्षरता अधिकारी संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाली संस्थानों में आलोक स्कूल अग्रणी है जो अपने उद्देश्यों में सफल रही है। इस अवसर पर अनीता पागे विशेष रूप से उपस्थित थी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बहुत आकर्षक प्रस्तुति दी जिसमें गुजराती, पंजाबी, मराठी, ऑपरेशन सिंदूर, साक्षरता, नारी शक्ति, राजस्थानी आदि राज्यों के नृत्य प्रस्तुत कर पूरे भारत को कालिदास संकुल हॉल के मंच पर समेट दिया। छोटे छोटे बच्चों ने मोबाइल की लत को इस प्रकार प्रदर्शित किया कि तालियों से हॉल गूंज उठा, वहीं गणेश वंदना व महाकाल आरती ने सभी का मन मोह लिया।

अतिथियों का स्वागत संचालक शशिकला पाठक, लीना कुशवाह, योगेन्द्र उपाध्याय, श्वेता माहेश्वरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से मुख्य अतिथि को रामसिंह मंडलोई द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संचालक सुश्री शशिकला पाठक ने की तथा संचालन मनीषा पांचाल ने किया। आभार योगेन्द्र उपाध्याय ने माना।

## दंत चिकित्सा अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि गुरुवार को कार्यालय जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मीटिंग हॉल में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के एक -एक मेडिकल ऑफिसर एवं समस्त दंत चिकित्सा अधिकारियों को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया'इस दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शिव मेनिया द्वारा निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी, कोटपा अधिनियम 2003, ई-सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम 2019 की जानकारी दी गई। डॉ. हसन खान( मेक्सिलोफेसियल सर्जन ) द्वारा तंबाकू से होने वाले विभिन्न ओरल कैंसर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

## 'घूसखोर पंडित' के मेकर के चेहरे पर कालिख पोतेंगे रिलीज से पहले फिल्म के टायटल पर विवाद

### उज्जैन में भी फिल्म के नाम को लेकर ब्राह्मण समाज में नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' का टीजर जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया है। देश के कई शहरों में ब्राह्मण समाज ने फिल्म के टायटल का विरोध किया है। इधर उज्जैन में भी फिल्म के नाम को लेकर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने विरोध दर्ज कराते हुए ऐसी फिल्म बनाने वालो के मुंह पर कालिख पोतने की बात कही है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी को मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म ह्यघूसखोर पंडतह्व का टीजर रिलीज किया था। रिलीज से पहले ही फिल्म के टायटल को लेकर विवादों में फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण



समुदाय के प्रति अपमानजनक है। इधर जयपुर और दिल्ली के बाद अब उज्जैन में भी फिल्म पर रोक लगाने की मांग उठने लगी है।

**तो कालिख पोतेंगे:** अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ने बताया कि फिल्म के नाम में ही पंडितों और ब्राह्मणों का अपमान है। देश में ब्राह्मणों, क्षत्रिय और वैश्य समाज को गाली देने का पैटर्न चल गया है। अपमानित करने वाले शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक कानून पंडितों के लिए बनाना चाहिए। हम निंदा करते हैं ऐसे फिल्म मेकर की। वक्त आने पर पुतले जलाएं जाएंगे, हमारी नजर के सामने आएंगे तो मुंह पर कालिख पोती जाएगी।

**फिल्म पर रोक लगे:** उज्जैन में तीर्थ पंडा समिति ने बताया कि फिल्म में पंडितों की घोर निंदा की गई है, ये निंदनीय अपराध है। ब्राह्मण सामाज फिल्म के टायटल की निंदा करता है। सेंसर बोर्ड से आग्रह करते हैं कि इस तरह की फिल्मों पर रोक लगाई जाए।

**जानिए कैसे है टीजर:** टीचर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में ह्यपंडितह्व के नाम से जाना जाता है। फिल्म में उन्हें भ्रष्ट पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। टीजर के मुताबिक दीक्षित 20 साल पहले एसआई के रूप में भर्ती हुए थे और अपने किए गए कारनामों की वजह से उन्हें बार-बार डिमोट किया गया।

### महालोक से होगा प्रवेश..., पार्किंग से दर्शन तक विशेष व्यवस्था

# महाशिवरात्रि पर महाकाल मंदिर में किए जा रहे विशेष इंतजाम

पं राहुल शुक्ल ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर नए साल जैसी दर्शन व्यवस्था रहेगी। बुधवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

महापर्व पर सामान्य दर्शनार्थियों का प्रवेश श्री महाकाल महालोक से रहेगा। वहीं शीघ्र दर्शन टिकट वाले श्रद्धालुओं के लिए पूवार्नुसार दो द्वार निर्धारित किए गए हैं। श्रद्धालु की सुविधा तथा सुरक्षा के लिए भी व्यापक इंतजाम होंगे।

### यह रहेगी दर्शन व्यवस्था

सामान्य दर्शनार्थीः आम भक्त कर्कराज पार्किंग, भील समाज की धर्मशाला, गौंड बस्ती, चारधाम मंदिर पार्किंग, शक्तिपथ, त्रिवेणी संग्रहालय द्वार, महाकाल महालोक होते हुए गणेश व कार्तिकेय मंडपम से दर्शन करेंगे।



### प्रोटोकाल दर्शन

महाशिवरात्रि पर भगवान महाकाल के दर्शन करने आने वाले अतिविशिष्ट, विशिष्ट तथा विशेष पासधारी दर्शनार्थियों का प्रवेश बेगमबाग स्थित नीलकंठ द्वार से रहेगा।

### शीघ्र दर्शन टिकट

250 रुपये के शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों को लिए भील समाज धर्मशाला से अलग कतार रहेगी। यह श्रद्धालु चारधाम मंदिर के सामने से होकर अशोक सेतु से मंदिर में प्रवेश करेंगे।

**शीघ्र दर्शन टिकटः** 250 रुपये के शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों के लिए दूसरा द्वार बड़े गणेश मंदिर के सामने बनाया गया है। शहर की ओर से आने वाले भक्त हरसिद्धि की पाल से बड़े गणेश मंदिर की गली से प्रवेश करेंगे।

### सामान्य व शीघ्र दर्शन के लिए अलग-अलग पार्किंग

महाशिवरात्रि पर सामान्य व शीघ्र दर्शन टिकट वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। सामान्य श्रद्धालु मेघदूत व कर्कराज पार्किंग में अपने वाहन पाक कर सकेंगे। शीघ्र दर्शन टिकट वाले दर्शनार्थियों के वाहन कार्तिक मेला ग्राउंड, राणोजी की छत्री, शगुन गार्डन तथा महाकाल मंडपम में तात्कालिक व्यवस्था अनुसार किए जा सकेंगे।

### मिलेंगे शीघ्र दर्शन टिकट

कर्कराज पार्किंग तथा हरसिद्धि की पाल पर शीघ्र दर्शन टिकट काउंटर स्थापित किए जाएंगे।

### शौचालय की सुविधा

कर्कराज पार्किंग, भीलसमाज धर्मशाला, चारधाम पार्किंग व हरसिद्धि की पाल पर शौचालय की व्यवस्था की जाएगी।

### 200 मीटर पर पेयजल

दर्शन की कतार में खड़े दर्शनार्थियों के लिए हर 200 मीटर पर पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था तय की गई है।

### बसों का संचालन होगा

श्रद्धालुओं को मंदिर तक लाने ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था रहेगी। दर्शनार्थी सुविधा पूर्वक आवागमन कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी

महाकाल मंदिर परिक्षेत्र में अनेक स्थानों पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध रहेगी। जीवन रक्षक उपकरणों से युक्त एंबुलेंस भी तैनात रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नजूल भूमि पर कब्जे की जानकारी अब भोपाल जाएगी

**इंदौर।** जिला प्रशासन के अधीन लीज रिन्यू यानी नजूल शाखा से इन दिनों फाइलें रुकी हुई हैं या तैयार हुई फाइलें भोपाल अब मार्गदर्शन के लिए भेजी जा रही हैं। दरअसल लीज रिन्यू को लेकर जमीन अलॉटमेंट के रिकॉर्ड को तलाशा जा रहा है और मध्य प्रदेश भूमि अधिनियम 2019 के अनुसार कंडिका 68, कंडिका 6 और कंडिका 8 के अनुसार फिर से चर्चा की जा रही है। बताया जा रहा है कि लीज रिन्यू के मामले में एक और जहां जनता परेशान हो रही है। वहीं बेहद धीमी गति से जिला प्रशासन कार्यालय के नजूल विभाग द्वारा भी काम किया जा रहा है, लेकिन नए नियमों व पुराने नियमों के बीच तालमेल को लेकर एवं सहकारिता विभाग के साथ-साथ कई तरह के संशोधन के मामलों को भी खंगाला जा रहा है ताकि लीज रिन्यू का जब अंतिम आदेश हो तब किसी तरह की परेशानी न हो।

इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। कई मामलों में जो काम लीज रिन्यू का काम पहले होना था। वह अब देरी से हो रहा है, नए नियमों के तहत भूमि का रिकॉर्ड भी देखा जा रहा है और यह भी देखा जा रहा है कि भूमि का आवंटन किन नियमों के तहत हुआ है जिसमें रियायत दर से जमीन दी गई है या नहीं दी गई है। इस तरह के कई पहलुओं पर एक बार फिर से विचार करके और रिकॉर्ड के अनुसार ही फाइलें तैयार हो रही हैं। इस तरह की फाइलों के कामकाज को लेकर कई तरह की परेशानियां भी सामने आ रही है। नजूल एसडीएम रोशनी पाटीदार ने बताया कि लीज रिन्यू के मामले में चर्चा की जा रही है और रिकार्ड भी देखे जा रहे हैं।

### असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन की तारीख बढ़ी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आवेदन की तारीख आगे बढ़ा दी है। वहीं, असिस्टेंट टाउन प्लानर के 39 पदों के लिए भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इसके लिए 20 सितंबर को एग्जाम होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए अभ्यर्थी अब 10 मई से 9 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले यह प्रक्रिया 27 फरवरी से 26 मार्च तक प्रस्तावित थी। इस फैसले से स्ऌ (स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट) देने वाले अभ्यर्थियों को सीधा फायदा मिलेगा, जो पहले आवेदन की समय सीमा के कारण बाहर हो सकते थे। सूत्रों के मुताबिक, स्ऌ का रिजल्ट अप्रैल में आने की संभावना है। MPPSC ने संकेत दिए हैं कि साल 2026 के अंत तक 10 से ज्यादा भर्ती परीक्षाओं के विज्ञापन जारी होंगे। इनमें एडीपीओ, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, मेडिकल एक्सपर्ट, डेंटल सर्जन, असिस्टेंट डायरेक्टर (एग्रीकल्चर), वैज्ञानिक अधिकारी, फूड सेफ्टी ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर के पद शामिल हैं। 26 अप्रैल से राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षाओं में थ्री-लेयर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**उज्जैन।** भारत सरकार, जलशक्ति मंत्रालय, जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, केंद्रीय भूमिजल बोर्ड, उत्तर मध्य क्षेत्र, भोपाल द्वारा भूजल प्रबंधन एवं विकास पर द्वितीय श्रेणी प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर संबंधित विभागों के साथ स्त्रोत स्थायित्व और जल संरक्षण के साथ भूजल उपयोग के प्रभावी कार्यान्वयन और क्षमता निर्माण के उद्देश्य से 6 फरवरी तक जिला पंचायत उज्जैन के सभागृह में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 04 फरवरी को क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड, उत्तर मध्य क्षेत्र भोपाल ए.के. बिस्वाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड भोपाल डॉ. राकेश सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन विभाग, नगर पालिक निगम, उज्जैन, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, उज्जैन विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक, जल जीवन मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सम्भाग, लोक निर्माण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, परियोजना अधिकारी, मनरेगा, परियोजना संचालक नमामि क्षिप्रे परियोजना, (सहायक यंत्री) जल संसाधन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिंहस्थ महाकुंभ से पहले एक बार फिर प्रदेश सरकार द्वारा उज्जैन रेंज आईजी को सौंपी कमान

# महाकाल दर्शन के बाद गुप्ता ने संभाला आईजी का पदभार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

साल 1999 बैच के आईपीएस राकेश गुप्ता ने गुरुवार को बाबा महाकाल के दर्शन किए और आईजी का पदभार संभाल लिया। राकेश गुप्ता पूर्व में भी उज्जैन के आईजी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

सिंहस्थ महाकुंभ से पहले एक बार फिर प्रदेश सरकार द्वारा उज्जैन रेंज आईजी आईपीएस राकेश गुप्ता को सौंपी है। गुरुवार को वह उज्जैन पहुंचे, जहां ऑफिसर मैस पर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों द्वारा उनकी अगवानी की गई और पुष्पगुच्छ भेंट किया। आईपीएस राकेश गुप्ता बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे और वहां से कार्यालय लौटकर पदभार ग्रहण किया। आईजी गुप्ता उज्जैन संभाग रेंज से भली भांति परिचित है। उज्जैन में एसपी, डीआईजी और आईजी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। एक बार फिर उन्हें आईजी की कमान सौपी गई है। उन्हें वर्ष 2016 के सिंहस्थ महाकुंभ का अनुभव है, उसे वक्त डीआईजी के रूप में उज्जैन में पदस्थ थे। इस बार का सिंहस्थ महाकुंभ बड़े पैमाने पर होने जा रहा है, उनका अनुभव व्यवस्थाएं संभालने के लिए काफी अहम होगा। आईपीएस गुप्ता लंबे समय तक इंदौर में भी रहे हैं और इंदौर रेंज के आईजी, एसएसपी के साथ पुलिस कमिश्नर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।





# 350 करोड़ के एलिवेटेड कॉरिडोर का काम जमीन पर, 4 साल से अटका



## ट्रैफिक के बीच सॉयल टेस्टिंग शुरू


दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में बनने जा रहे एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू हो गया है। एबी रोड से नवलखा तक बनने वाले 7.40 किमी लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर का काम पीडब्ल्यूडी ने धरातल पर शुरू कर दिया है। फिलहाल मिट्टी परीक्षण का काम चल रहा है, जिसके लिए सड़क के एक हिस्से को लोहे के पतरों से कवर किया गया है। पीडब्ल्यूडी 15 फरवरी से फाउंडेशन (नींव) भरने का काम शुरू करेगा। पीडब्ल्यूडी ने सेंट्रल लाइन मार्किंग का काम पूरा कर लिया है।



350 करोड़ की लागत वाला यह प्रोजेक्ट बीते चार साल से अधर में लटका हुआ था। फरवरी 2021 में ही गुजरात की राजकमल बिल्डर्स कंपनी को इसका वर्क ऑर्डर दे दिया गया था, लेकिन कभी डिजाइन में संशोधन तो कभी बस रूट और ट्रैफिक को लेकर यह प्रोजेक्ट विवादों में रहा। मामला हाईकोर्ट तक भी पहुँचा, लेकिन अंततः शासन ने पुराने डिजाइन पर ही काम शुरू करने का फैसला लिया है।

### मंत्री विजयवर्गीय और कलेक्टर की हरी झंडी



हाल ही में शहर विकास को लेकर हुई बैठकों में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस प्रोजेक्ट की समीक्षा की थी। उनके निर्देश और कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा दी गई मंजूरी के बाद अब निर्माण की बाधाएं दूर हो गई हैं। अधिकारियों का साफ कहना है कि डिजाइन में अब कोई बदलाव नहीं होगा और मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार ही काम आगे बढ़ेगा।

### ट्रैफिक अलर्ट

आंशिक रुकावट, जल्द जारी होगा डायवर्जन प्लान वर्तमान में सॉयल टेस्टिंग के कारण सड़क पर अस्थायी टीन लगाए गए हैं। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, 15 फरवरी से जब भारी मशीनें मौके पर पहुंचेंगी और खुदाई शुरू होगी, तब ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर एक विस्तृत ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया जाएगा, ताकि वाहन चालकों को परेशानी न हो।

### कॉरिडोर की खासियतः 4 लेन और 3 फ्लाईओवर



बीआरटीएस हटने के बाद एबी रोड पर एलआईजी चौराहे से नौलखा चौराहे तक 5.5 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। रविवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। मुख्यमंत्री ने जरूरत के अनुसार इसके दायरे को बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में जिले में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों, समग्र शिक्षा अभियान (प्राथमिक एवं माध्यमिक), उच्च शिक्षा विभाग, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, अनुसूचित जनजाति विभाग तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट और संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।बैठक में समग्र शिक्षा अभियान (प्राथमिक एवं माध्यमिक) के अंतर्गत शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा कर डीपीसी को आधार स्थिति में सुधार करने, विद्यार्थियों के आधार सीडिंग कार्य को प्राथमिकता देने तथा शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति की नियमित निगरानी करने तथा उपस्थिति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। एडीपीसी को अटेंडेंस व्यवस्था को प्रभावी बनाने एवं आगामी मंडल/बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए

# नौकरी से निकाला तो सामान हाईवे पर रखकर लगा दिया जाम

## कलेक्टर के आश्वासन पर खुला रास्ता



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नौकरी से निकालने और परिवार के साथ मारपीट करने से नाराज एक परिवार के लोगों ने गुरुवार सुबह देवास रोड हाईवे पर घर का सामान रखकर जाम लगा दिया। अचानक लगे जाम के कारण काफी देर तक वाहन चालक परेशान होते नजर आए। देवास रोड पर लगे जाम की जानकारी लगते ही तुरंत कलेक्टर रोशन कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और जाम करने वाले परिवार की फरियाद सुनकर तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद यह जाम खुल सका है।

रामदयाल प्रजापत निवासी खातेगांव की किडनी खराब है और वह पिछले दो वर्ष से अस्पताल परिसर में ही झोंपड़ी बनाकर रह रहा था। अस्पताल प्रबंधन कई बार उसे झोपड़ी हटाने का बोल चुका था। बुधवार को भी इसी बात को लेकर अस्पताल के कर्मचारी से रामदयाल की कहासुनी हुई और प्रबंधन ने परिवार का सामान सड़क पर फेंकते हुए उन्हें परिसर से निकाल दिया। बस इसी बात से नाराज रामदयाल ने अपनी पत्नी द्वारिका और बच्चों के साथ उज्जैन-देवास हाईवे का रास्ता रोक दिया। जाम के कारण सैकड़ों वाहन दोनों ओर फंस गए। आखिर कलेक्टर की समझाइश के बाद जाम खुल सका।

### 45 मिनट लगा रहा

जाम करीब 45 मिनट लगा रहा। रामदयाल का आरोप है कि पत्नी के साथ मारपीट की गई है। रामदयाल का कहना है कि पहले भी अस्पताल प्रबंधन ने उसे हटाने की कोशिश की थी। मामले की शिकायत पुलिस से की गई, पर अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# उज्जैन में बन रहा पहला फूड जोन नैवेद्य लोक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के नानाखेड़ा क्षेत्र में शहर का पहला फूड जोन ह्यनैवेद्य लोकह्न अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। रात के समय रोशनी से जगमगाता यह परिसर अब उज्जैन के प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरने लगा है। इंदौर की प्रसिद्ध छप्पन दुकान की तर्ज पर विकसित किए जा रहे इस फूड जोन में एक ही स्थान पर शाकाहारी और स्थानीय स्ट्रीट फूड का अनुभव मिलेगा। इसका उद्देश्य उज्जैन को धार्मिक नगरी के साथ-साथ स्वाद के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। परिसर में कुल 34 दुकानें बनाई गई हैं, जहां स्थानीय व्यंजन, चाट, स्नैक्स, फास्ट फूड और कैजुअल डाइनिंग की सुविधा होगी। शुरूआत में 36 दुकानों का प्रस्ताव था, जिसे अंतिम रूप देते हुए 34 दुकानें तय की गई हैं। पूरे क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन के रूप में विकसित किया गया है। यहां वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जिससे लोग आराम से घूमते हुए भोजन का आनंद ले सकें। बैठने की अच्छी व्यवस्था, महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल और खुले वॉकवे इस परिसर की खासियत होंगे। नैवेद्य लोक को आधुनिक लाइटिंग और ओपन डिजाइन के साथ तैयार किया गया है।

### दो लाख 17 हजार रुपये की अवैध मदिरी जप्त

**इंदौर।** इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया है कि आज गुरूवार आबकारी विभाग के अमले द्वारा वृत्त महू में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि आबकारी अमले द्वारा महू के भौंडिया तालाब, सहित कुल 10 छापों स्थानों पर दबिश दी गयी।

# मध्यप्रदेश बना फार्मर रजिस्ट्री के शत-प्रतिशत अनुपालन वाला पहला राज्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राज्य में ग्रामीण डेटा प्रणाली को एक नई दिशा प्रदान की गई है। उन्नत तकनीक, पारदर्शी डेटा प्रबंधन और केंद्र-राज्य समन्वय से यह पहल किसानों के हित में मजबूत डिजिटल आधार तैयार कर रही है। इससे किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेत पर उपस्थित होकर फसल की फोटो लेकर जानकारी सुरक्षित की जा रही है, जिससे फसल संबंधी डेटा पूरी तरह प्रमाणिक हो रहा है। जियो-फेंसिंग तकनीक से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वे केवल वास्तविक खेत स्थल पर ही किया जाए।




# एनएसयूआई ने जीएससी के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

## विद्यार्थी परिषद की गुंडागर्दी और कॉलेज में हस्तक्षेप के खिलाफ आक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज में इंदौर ठरवक जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल एवं प्रदेश प्रभारी ठाकुर रवि दांगी के निदेर्शानुसार विभिन्न छात्रहित मांगों को लेकर ॠअउउ अध्यक्ष शुभम ठाकुर एवं इंदौर ठरवक के नेतृत्व में प्राचार्य महोदया को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया गया कि यदि शीघ्र ही हमारी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो इंदौर एनएसयूआई को उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देव सिंह चौहान,कुणाल सुनहरे, विमल, तनमय सिंह राजपूत, शंकर राजपूत, सौरभ पटेल शामिल हुए।



- **मुख्य मांगेः–** हमें जानकारी प्राप्त हुई है कि कॉलेज के वार्षिक उत्सव में एबीवीपी के पूर्व एवं वर्तमान छात्र नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। एनएसयूआई की स्पष्ट मांग है कि यदि किसी छात्र संगठन के नेताओं को आमंत्रित किया जाता है, तो ठरवकके भी पूर्व एवं वर्तमान सभी छात्र नेताओं को समान रूप से आमंत्रित किया जाए। अन्यधा, किसी एक संगठन विशेष के नेताओं को कॉलेज में आमंत्रित न किया जाए, जिससे निष्पक्षता एवं गरिमा बनी रहे।
- यह भी उल्लेखनीय है कि कॉलेज में पिछले 4-5 वर्षों से वार्षिक उत्सव का आयोजन नहीं हुआ है। अतः इस वर्ष आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव में यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यक्रम सफल एवं छात्र हितैषी हो। 3. साथ ही, हम आपका ध्यान इस गंभीर विषय की ओर भी आकृष्ट कराना चाहते हैं कि पिछले दो दिन पूर्व ठरवकके एक छात्र प्रतिनिधि को ABVP के कार्यकर्ताओं द्वारा कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से रोका गया, जो पूर्णतः अनुचित एवं निंदनीय है।

## न्यूज-कॉलम



## वार्डवासियों ने नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू को ज्ञापन दिया

**नेपानगर।** नेपानगर में रेलवे द्वारा भूमि का सीमांकन किए जाने के बाद नगर के रहवासी मकान जद में आने से 6 और 7 के वार्डवासियों ने नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू को ज्ञापन दिया। विधायक महोदया ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम महोदय को तत्काल कार्यवाही के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है और रेल विभाग के जद में आने वाले मकानों का सर्वे कर उनके साथ वन विभाग, नेपा लिमिटेड और नगर पालिका के साथ मीटिंग आहूत कर इसका समाधान किया जाएगा। विधायक ने आश्वासन दिया है कि वे इस दिशा में कार्यवाही करेंगी ताकि इन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। एसडीएम महोदय ने भी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन के प्रयास की बात कही है। वार्डवासियों द्वारा दिये गए ज्ञापन के समय भाजपा नेता प्रवीण काटकर, विक्रम चौहान, संजय विजयवर्गीय उपस्थित थे।

## मुसलमान मोहल्ले में सीसी रोड़ निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ



**बाग।** ग्राम पंचायत बाग के सरपंच धर्मेन्द्र बामनिया द्वारा लगातार वार्ड वाइज गली मोहल्लों में सीसी रोड़ निर्माण कर स्थानीयों को राहत पहुंचा रहे हैं इसी कड़ी में आज कहीं वर्षो से ऊबड़ खाबड़ हो रहा अशरफ मंत्री से लगाकर संजय कालोनी तक की सड़क की दशा और दिशा बदलने के लिए आज सरपंच बामनिया द्वारा मुसलमान मोहल्ले की सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया । स्थानीय लोगों ने सरपंच बामनिया के कार्य की सराहना करते हुए कहा बामनिया निरंतर नगर के विकास को लेकर सक्रिय हैं । ओर सबसे अहम बात यह है कि हर काम को वह खुद खड़े होकर करवाते हैं । साथ ही सभी के साथ समंजस बैठाकर कार्य को अंजाम देते । उनकी यह कार्य शेली से वह प्रचलित है । बामनिया ने नगर के उन स्थानों पर भी सीसी रोड़ का निर्माण करवा दिया जहां बड़ी परेशानी का सामना कर रहे थे स्थानीय इस दौरान भाजपा नेता श्याम अगाल पुर्व उपसरपंच दिनेश जी झंवर अशरफ मंत्री आबिद पटेल, मन्नान पठान, सुपा काका आदि स्थानीय उपस्थित रहै ।

## शक्कर कारखाने में अनियमितताओं की शिकायत सामने आई

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के नेपानगर विधानसभा स्थित नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाने में अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। कारखाने के डेलीगेट उज्वल रामदास पाटील ने जिला कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी को पत्र लिखकर कारखाने में हुए कई वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की पारदर्शी जांच की मांग की है।



पाटील ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2018-19 में कारखाना लगभग 7 करोड़ 67 लाख रुपये के घाटे में था, फिर भी फॉर्च्यूनर वाहन खरीदा गया। साथ ही, किसानों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित उचित एवं लाभकारी मूल्य (स्न.क्र.क्क.) के 3 वर्षों का लगभग 7 से 8 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया गया। पाटील ने कहा कि इन मामलों की गहन जांच से कारखाने के अंशधारी किसानों के साथ हुए विश्वासघात का पदार्फाश हो सकेगा। उन्होंने कलेक्टर से उपरोक्त सभी बिंदुओं की विस्तृत और पारदर्शी जांच कराने का अनुरोध किया है।

## कलेक्टर ने किया स्कूलों का समय पूर्ववत

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने वर्तमान में शीत लहर का प्रभाव कम होने से अशासकीय/अनुदान प्राप्त/समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन का समय पूर्ववत किया है।उल्लेखनीय है कि शीत लहर के कारण तापमान में आई गिरावट से शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल प्रभाव पडने की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बड़वानी जिलान्तर्गत संचालित समस्त अशासकीय/ अनुदान प्राप्त/समस्त बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से ८वीं तक के छात्र/छात्राओं हेतु विद्यालयों के संचालन का समय परिवर्तन किया जाकर प्रातः 10 बजे निर्धारित किया गया था, जिसे अब पूर्ववत किया।

## बिना जांच नहीं कटेंगे नाम, निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

**उज्जैन।** उज्जैन जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में मचे घमासान ने अब प्रदेश स्तर पर हलचल मचा दी है। 22 जनवरी को कांग्रेस द्वारा लगाए गए चुन-चुनकर नाम काटने के आरोपों के ठीक 8 दिन बाद, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने भोपाल से सख्त फरमान जारी किया है।

## साक्षी ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में रैंक २४ प्राप्त की

**नागदा।** नागदा 7 नगर की छात्रा साक्षी पिता राजेश जायसवाल ने विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 4 की छात्रा साक्षी ने इस प्रतियोगिता में ए-प्लस-प्लस ग्रेड के साथ राष्ट्रीय रैंक 24 हासिल की। परीक्षा विश्व रंग फाउंडेशन, भारत द्वारा आयोजित की गई थी। जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। साक्षी ने भाषा बोध में ए-प्लस-प्लस व्याकरण व लेखन में ए-प्लस व बौद्धिक प्रश्नों में ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त किए।

# टांडा में ग्रामीणों ने रात में रोका शराब से भरा वाहन , दूसरे दिन शराब के अवैध परिवहन को लेकर दिया ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा(धार)



टांडा में गुरुवार को शराब परिवहन को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण जनो ने थाना परिसर पहुचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा एवं शराब के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की मांग की। वही कुछ ग्रामीणों ने बुधवार रात को शराब से भरे वाहन को नरवाली रोड पर रोक कर विरोध प्रगट किया था,जिसके दूसरे दिन ज्ञापन दिया गया।

गुरुवार डाक बंगला परिसर से वाहन रैली के माध्यम क्षेत्र के गई ग्रामीण थाना परिसर पहुचे यहां ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया गया आदिवासी बहुल टांडा क्षेत्र में प्रतिदिन शराब माफियाओ के द्वारा रात के समय बड़ी संख्या में शराब से लोड वाहन अवैध परिवहन करते हुए गुजरते है। इन वाहनों को बकायदा शराब कम्पनी के लोग आगे वाहन से पायलेटिंग करते हुए दूसरे थाना क्षेत्र तक छोड़ के आते हैं। इस सम्बंध में पुलिस तथा आबकारी को सम्पूर्ण जानकारी होंने के बावजूद इन वाहनों पर कार्यवाही नही की जा रही है। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि कि इंदौर से अलीराजपुर जाने वाले परमिट सुधा वाहनों का रुट टांडा-बाग-जोबट रहता है लेकिन यह वाहन व्याहा टांडा-बोरी होते हुए गुजरते है साथ ही एक परमिट पर 2-3 वाहन निकलते है। तथा इनके द्वारा 10 - 15 व्यक्ति चोराहे पर खड़े होकर रोड से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग करते है। ज्ञापन में टांडा में स्थित शराब दुकान पर बड़ी संख्या में शराब का स्टॉक करना एवं अलीराजपुर गुजरात मे परिवहन तथा ग्रामीण क्षेत्रो में बिक्री की बात भी कही। ज्ञापन मे आगे बताया गया कि पिछले दिनो भी एक व्यक्ति के साथ इनके द्वारा मारपीट की घटना सामने आई थी। वही दिनांक 4 फरवरी बुधवार की रात को ग्रामीणों के द्वारा घोर गांव में (नरवाली मार्ग) पर शराब से भरा हुई एक आयशर को ग्रामीणों के द्वारा रोका गया एवं पुलिस को सूचना की गई।१ घण्टे तक परमिट नही दिखाया। ज्ञापन में बताया कि की शराब प्रबंधन बाग से पुलिस के वाहन के पीछे आया एवं पुलिस की साठगांठ से फर्जी परमिट दिखाकर वाहन छुड़वा ले जाने का आरोप लगाया। ज्ञापन में शराब के अवैध परिवहन पर कार्यवाही की मांग की गई है एवं कार्यवाही नही होने पर धरना प्रदर्शन की बात कही। ज्ञापन सौपने के दौरान अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 11 फरवरी को एक दिवसीय रास लीला को लेकर बैठक आयोजित



**मंडलेश्वर।** ग्राम चोली में होने जा रहे ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी मंदिर के पाट महोत्सव में 11 फरवरी को एक दिवसीय रासलीला नगर के नर्मदा तट स्थित रामघाट पर भी होनी है। जिसको लेकर बुधवार रात नर्मदा घाट पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूज्य लाडली शरण जी महाराज ने उपस्थित नगरवासियों को रासलीला की रूपरेखा की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया- यहां होने वाली लीला बहुत ही अद्भुत होगी। भगवान कृष्ण और राधा जी एक नौका पर सवार होकर मां नर्मदा के आंचल में लीला का मंचन करेंगे। महाराज जी ने कहा लीला का अधिकांश हिस्सा नर्मदा में होगा, जिसके चलते सुरक्षा का विशेष इंतजाम करना होंगे। चोली में जो लीला होती है उसमें भगवान कृष्ण और राधा जी की नौका विहार का एक प्रसंग है। जिसे चोली में यमुना जी का चित्र बना पड़ा लगा कर मंचन किया जाता है। लेकिन इस बार यह मंचन नर्मदा तट पर होगा, जिससे लीला जीवंत हो उठेगी।

## थाना टांडा व जिला बल की सयुक्त टीम ने जामदा भुतिया मे दी दबीश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी के निर्देशन में एंव अति.पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री विजय डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के मार्ग दर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारीयो को संपति सबंधी / अवैध शराब की कार्यवाही व संपति संबधी अपराधियो के धड पकड करने के निर्देश दिये गये थे ।

इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी टांडा व टांडा पुलिस के द्वारा आरोपीयो की धडपकड के लिए दिनांक 5 फरवरी थाना टांडा पुलिस बल व जिला से गठित पुलिस बल के सयुक्त रुप से जामदा ,भुतिया अल सुबंह दबिश दी गई जामुदा,भुतिया मे जिले से फरार आरोपीयो व अन्य राज्यो मे फरार आरोपीयो के ठिकानो पर जाकर घेरांबदी कर दबिशे दि गई इसी दोरान एक बदमाश को पकडा जिसका नाम अमरु पिता जिले भुरिया निवासी भुतिया का है जो थाना टांडा मे स्थाई वारंट जारी है । तथा थाना राजगढ मे पुर्व मे गिरफ्तार हो चुका है इसी दोरान सुचना मिली की ग्राम भुतिया का सुमेरसिंग पिता हिरु अजनारे खाखरिया खोदरा रोड ग्राम चुन्पिया एक पीकअप एमपी ११ जी ५५०८ मे अवैध शराब भरकर भुतिया के जंगल की औ? आ रहा है इस सुचना पर मोके की पुलिस द्वारा एक पीकअप वाहन को पकडा जिसे चैक किया गया जिसमे अवैध रुप से शराब भरी पाई गई थी बाद मोके की कार्वयाही कर थाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट अपराध पजीबद्ध किया गया जो 74 पेटी माउंट 6 हजार की कीमती 177600 रुपये व एक पीकअप वाहन किमती 5 लाख का जप्त किया गया ।

# थाना वरला पुलिस ने 48 घंटे में लूट की घटना का पर्दाफाश किया

बडवानी। फरियादी उदलसिंह पिता तेजराम चौधरी, उम्र 37 वर्ष, निवासी मवई, जिला जालौन (उत्तर प्रदेश) ने थाना वरला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिनांक 31 जनवरी को मुंबई कांदावली नयागांव से नई पिकअप मैक्स वाहन लेकर बनारस जा रहा था। मार्ग में नासिक से तीन व्यक्तियों को सेंधवा तक 200 रुपये प्रति व्यक्ति भाड़ा लेकर बैठाया गया। आरोपियों ने टोल टैक्स बचाने का बहाना कर फरियादी को भ्रमित किया और पलासनेर से सोलवन-मालवन मार्ग के ईमली घाटी पुलिया के पास रोककर पीकअप वाहन और मोबाईल छिन लिए।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना वरला में अपराध क्रमांक 25/26 धारा 309(4) बीएनएस (लूट) पंजीबद्ध किया गया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए *प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में और एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वरला निरीक्षक नारायण रावल* के नेतृत्व में तत्काल टीम का गठन किया गया। सायबर सेल बड़वानी/सेंधवा के अधिकारियों और कर्मचारियों की सहायता से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए।

तत्काल पतारसी के दौरान पता चला कि लूटा हुआ वाहन ग्राम वाक्या के जंगल में जर्जर स्थिति में पड़ा है। पुलिस टीम ने वाहन को मौके पर तस्दीक कर जप्त किया। वाहन से 5 नग टायर, स्टेयरिंग, बैटरी और लाइट निकाल दिए गए थे।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ

**आलीराजपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं प्रभारी खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री तपीस पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया ई-उपार्जन परियोजना के अंतर्गत 7 फरवरी से प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त किसान भाइयों के लिए इस वर्ष नवीन पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। पूर्व वर्षों में कराए गए पंजीयन मान्य नहीं होंगे। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। नवीन पंजीयन के समय किसानों को निर्धारित आवेदन पत्र के साथ बैंक खाता विवरण, आधार नंबर एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न करना होगा। साथ ही यदि किसी कृषक ने भूमि शिकमी (पट्टे) पर ली है, तो उसे शिकमी अनुबंध-पत्र की प्रति भी प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी।प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी श्री पांडे ने जिले के सभी पंजीकृत किसान भाइयों से अपील की है कि वे गेहूँ उपार्जन हेतु अपने नजदीकी पंजीयन केंद्र पर जाकर 7 फरवरी से 7 मार्च 2026 के पूर्व ई-उपार्जन परियोजना अंतर्गत अपना पंजीयन अवश्य करा लें, ताकि समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## सेजवाड़ा में लर्नर लाइसेंस शिविर का किया गया आयोजन

**आलीराजपुर।** प्रभारी कलेक्टर श्री जितेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन तथा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा के मार्गदर्शन में आज संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत आईटीआई सेजवाड़ा परिसर में लर्नर लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



मंगलवार को सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन स्थित कलेक्टर सभागार में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों से प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए।जनसुनवाई के दौरान ग्राम उंडासा निवासी श्रीमती सुंदरबाई पति स्व. दौलतराम ने आवेदन दिया कि गांव के सरपंच के मौखिक कहे अनुसार गांव के विद्यालय में झाडू, पौछा, पानी लाने का काम किया था। तीन महीने तक कार्य करने के बाद भी विद्यालय से मेरी मेहनत का पैसा नही दिया जा रहा है। जिसके कारण मैं आर्थिक रूप से परेशान हो चुकी हूं। जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है। उज्जैन के निजातपुरा निवासी श्री आशुतोष पिता श्री तेजसिंह बैस ने आवेदन दिया कि उनका चयन मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती वर्ष 2023-24 के अंतर्गत हो चुका है। वर्ष 2023-24 का ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र उपलब्ध नही होने के कारण अभी तक जॉइनिंग लेटर जारी नही किया है, जिससे मेरी नियुक्ति प्रक्रिया बाधित हो रही है। आवेदन में निवेदन किया है कि वर्ष 2023-24 का ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र भूलवश नही बनवा पाया हूं। आवेदन पर तहसीलदार उज्जैन सिटी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया जाए, उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिए जाएं-कलेक्टर श्री गुप्ता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



रक्तदान से जुड़े समाजसेवी संगठनो के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल को निर्देश दिए कि रक्तदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाए, उन्हें इसके लिए प्रशस्ति पत्र दिए जाएं। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में रक्तदान के लिए आने वाले रक्तदाताओं को फल एवं फलों के ताजा रस के साथ-साथ स्मृति चिन्ह के रूप में रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेश लिखे हुए कैरी बैग और चाबी का छल्ला जैसी सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि रक्तदान के प्रति जागरूकता हेतु शीघ्र ही एक विशाल रैली आयोजित की जाए, जिसमें इस क्षेत्र में जुड़े सभी समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के आयोजन से पूर्व उनकी तिथि और स्थान का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि रक्तदान के इच्छुक आधिकाधिक लोग शिविर में रक्तदान कर सकें।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को चार माह बाद रक्तदान के लिए रिमाइंडर की सुविधा भी विकसित की जाए। उन्होंने रक्तदाताओं के लिए हेल्पलाइन सुविधा शुरू करने के निर्देश भी सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने ओंकारेश्वर में मंदिर ट्रस्ट एवं रेडक्रॉस के सहयोग से रक्तदान के लिए एक स्थाई यूनिट शुरू करने के लिए भी कहा। उन्होंने सिविल सर्जन डॉक्टर कौशल को निर्देश दिए कि रक्तदान के लिए प्रेरित करने हेतु जिले के पंच सरपंचों एवं पार्षदों की एक कार्यशाला आयोजित की जाए। उन्होंने ब्लड बैंक की चलित इकाई में जो भी खराबी आ रही है उसे सुधरवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि रक्तदान के संबंध में भ्रांतियां दूर करने वाले संदेशों से युक्त फ्लेक्स व बोर्ड बनवाकर बाजार के प्रमुख स्थानों पर लगवाए जाएं ताकि लोगों की रक्तदान से संबंधित गलतफहमियां दूर हों।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी विद्यार्थियों से आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 6 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ "परीक्षा पे चर्चा" करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। शुक्रवार 6 फरवरी को प्रदेश के सभी विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्ष 2018 से इस कार्यक्रम में परीक्षाओं के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का यह 0वां संस्करण है। कार्यक्रम 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी विद्यार्थियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान करेंगे।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न संचार माध्यमों पर किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई के साथ ही विभिन्न रेडियों चैनल्स, नेटफ्लिक्स, जियो, हॉट स्टार एवं अमेजन प्राइम वीडियो आदि से भी सीधा प्रसारण होगा। अन्य निजी चैनल भी कार्यकम का सीधा प्रसारण करेगें।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में सहभागिता के लिए विगत 1 दिसम्बर से 11 जनवरी तक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। इसमें मध्यप्रदेश से कक्षा ६वीं से १२वीं तक के 22 लाख 95 हजार से अधिक विद्यार्थियों, 1 लाख 28 हजार से अधिक शिक्षकों और 17 हजार से अधिक अभिभावकों सहित 24 लाख 41 हजार 390 व्यक्तियों ने सहभागिता की।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में भी राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद और सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थानों में तथा प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय एवं शासन से अनुदान प्राप्त विद्यालयों में "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम को समारोहपर्वूक आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की लाइव प्रसारण में सहभागिता होगी।

## सायबर कैफे संचालकों को करना होगा प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन

**खण्डवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार सायबर अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए सायबर कैफे में सीसीटीवी केमरे लगाना अनिवार्य होगा, जिसकी कम से कम एक महीने तक रिकार्डिंग सुरक्षित रखना होगी। इसकी जिम्मेदारी सायबर कैफे संचालक की होगी। सायबर कैफे में कार्यरत कर्मचारियों की पूरी जानकारी परिचय पत्र व फोटो सहित निकटतम पुलिस थाने में जमा कराना होगी। सायबर कैफे मालिक को अपने वैध लायसेंस की प्रति थाने में जमा करानी होगी तथा एक प्रति अपने सायबर कैफे में मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करना होगी। सायबर कैफे मालिक को अपने सभी कम्प्यूटर सिस्टम पर पोर्न साइट फिल्टर अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

## संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपलब्धियों के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर अभियान आयोजित किये जा रहे है। स?वास?थ?य जांच शिविरों का आयोजन २१ मार्च तक किया जाएगा। 1 फरवरी से आयोजित शिविरों के माध्यम से आज दिनांक तक कुल 855 नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। उपरोक्त स्वास्थ्य शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक / पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा निरन्तर सेवाएं दी जा रही है व शिविर मे आने वाले हितग्राहियों की हृदय जाँच, आंखों की जांच, स्तन कैंसर जांच कर उपचार प्रदान किया जा रहा है।शिविर मे आने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए निर्देश दिए गए है। 5 फरवरी को शहर के मुख?यमंत्री संजीवनी क्लिनिक छत्री चौक पर शिविर का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 4 बजे तक किया।

खास न्यूज

## तापमान में 4 डिग्री की तेजी कम हुई हवा की रफ्तार

**उज्जैन।** जनवरी माह के अंतिम दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के 2 स्ट्रॉंग सिस्टम सक्रिय होने के बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया था। बारिश के साथ ओलावृष्टि और सर्द हवा से ठंड बढ गई थी। गुरूवार को आसमान साफ होते ही अधिकतम तापमान में 4 डिग्री की तेजी आ गई। शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर दिन का तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। जो बुधवार को 25 डिग्री था। एक दिन पहले तक 8 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे की सर्द हवा चल रही थी, वहीं गुरूवार को 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की हो गई। वैसे सुबह के समय कोहरा छाया रहा, लेकिन सूर्य उदय होने के बाद धूप तीखी हो गई थी। मौसम विभाग ने कुछ दिनों तक तापमान में उतार-चढाव बना रहने की बात कहीं है। ठंड से पूरी तरह से राहत फरवरी माह के अंत तक ही मिलने का अनुमान जताया जा रहा है।

## चकोर पार्क क्षेत्र में छत से गिरा 2 साल का मासूम

**उज्जैन।** पंवासा क्षेत्र के चकोर पार्क स्थित मकान की 15 फीट ऊंची छत से गुरूवार शाम 2 साल का मासूम युवराज पिता संदीप आर्य गिर गया। परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। मासूम की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने इंदौर रैफर किया, परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर रवाना हो गये। मामले की जानकारी लगते ही पंवासा थाना प्रधान आरक्षक हरीश चौहान चरक अस्पताल पहुंचे। लेकिन परिवार मासूम को लेकर जा चुका था। परिवार ने अस्पताल में जो मोबाइल नम्बर दर्ज कराया था उस पर कॉल किया तो वह बंद होना सामने आता रहा। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार घटनास्थल पहुंचकर आसपास के लोगों से जानकारी प्राप्त की जायेगी। उसके बाद ही घटनाक्रम स्पष्ट होगा।

## हत्या के आरोपी को आज कोर्ट में किया जायेगा पेश

**उज्जैन।** भैरवगढ थाना क्षेत्र के पिपलीबाजार गणेश मंदिर के पास रहने वाले सेवानिवृत्त प्राचार्य रमाशंकर शर्मा 87 वर्ष की बुधवार दोपहर को घर से कुछ दूरी पर चौधरी मोहल्ला में रहने वाले मोहन तंवर ने लाठी से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने कुछ घंटे बाद ही आरोपी को हिरासत में ले लिया था। जो दिमागी रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा था। गुरुवार दिनभर भैरवगढ पुलिस ने उससे पूछताछ की और हत्या में प्रयुक्त लाठी बरामद की। शुक्रवार दोपहर उसे कोर्ट में पेश कर सीधे जेल भेजा जायेगा। पूरे घटनाक्रम के बीच गुरूवार सुबह पुलिस ने मृतक रमाशंकर शर्मा का पोस्टमार्टम कराया। जिनकी अंतिम यात्रा में सैकडो की संख्या में ब्राहम्ण समाज के साथ क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## रास्ते की बात पर कार सवारों ने 2 युवकों को पीटा

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग पर बुधवार-गुरूवार रात रास्ते से हटने की बात पर कार सवारों ने ब्रजनगर में रहने वाले लाखन पिता चैनसिंह कछावा और उसके साथी जीतू पिता रमेश यादव निवासी बापूनगर के साथ मारपीट की। घायल युवकों ने बताया कि वह कानीपुरा मार्ग निजी अस्पताल के पास खडे थे, रास्ता सकरा है, उसी दौरान कार से सुरेश पटेल और रोहन पटेल साथियों के साथ आये और हटने की बात कहीं। इसी बात पर विवाद हुआ तो सुरेश, रोहन और उनके साथियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चिमनगंज पुलिस ने घायल लाखन की शिकायत पर मारपीट करने वालों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया है।

## जेसीबी की हेडलाइट टूटने पर युवती हुई घायल

**उज्जैन।** अंकपात मार्ग श्रीकृष्ण कालोनी में रहने वाली नंदनी पिता राजेन्द्र जैन 25 साल कोतवाली थाना रोड पर बने गुप्ता मेडिकल पर दवाई लेने आई थी। मार्ग पर सड़क निर्माण के लिये मकानों को तोड़ने का काम चल रहा है। जिसमें जेसीबी का उपयोग किया जा रहा है। नंदनी मेडिकल के बाहर खडी थी उसी दौरान जेसीबी चालक ने तेजगति से आगे-पीछे की, जेसीबी की हेडलाइट तारों में उलझकर टूटी और नंदनी के सिर पर आ गिरी। सिर में चोंट लगने पर नंदनी लहूलुहान हो गई। मेडिकल संचालक और कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना का पता चलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने जेसीबी चालक की लापरवाही मानते हुये उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## दुर्घटना में घायल ड्रायवर की मौत

**उज्जैन।** झारडा के ग्राम लसुडिया गोयल में रहने वाला भरत पिता उदयसिंह 45 साल बुधवार को पिपलोन से लौट रहा था। ग्राम ढाबला के पास उसकी बाइक को बस ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर परिजन उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे थे। जहां गुरूवार तडके भरत की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप बस की तलाश शुरू की है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| कल्याण नाइट | 127-0 | 237-2 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |
| मधुर डे | 379-9 | 445 -3 |
| मधुर नाइट | 477-8 | 557-7 |
| शुभांक | 1 8 | 0 |

वाट्सएप पर भेजा था पुराने पांच के नोट का फोटो ...

# 19 लाख का झांसा देकर खोत से उडाये 1.65 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पुराने और दुलर्भ नोटों के फोटो वाट्सएप पर भेज जालसालों द्वारा धोखाधडी की जा रही है। जिसका शिकार खेतीबाडी करने वाला हो गया। जालसाजों ने 19 लाख का झांसा देकर खाते से 1.65 लाख उडा दिये गये। पुलिस ने ऑनलाइन हुई शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

इंगोरिया के दंगवाडा में रहने वाला भैरूलाल पिता रामलाल गवली 35 साल खेतीबाडी का काम करता है। कुछ दिन पहले उसके वाट्सएप नम्बर 9691675156 पर दो अलग-अलग मोबाइल नम्बर 7667061077 और 6378091683 से पांच के नोट का फोटो भेजा गया। नोट भेजने वालों ने बताया कि ऐसा नोट आपके पास हो तो हमें फोटो भेजे। हमारे नोट से मिलान हुआ तो 19 लाख मिलेगें। भैरूलाल के पास उस तरह का मिलता-जुलता नोट था, उसने वाट्सएप पर फोटो भेज दिया। कुछ देर बाद कॉल आया और बताया कि आपका नोट सही है, हमारे नोट से मिलता है। आपको 19 लाख की राशि मिलेगी। पहले आप हमारे नम्बर पर 8199 रूपये भेजों उसके बाद आपके खाते में 19 लाख ट्रांसफर किये जायेगें। चार दिनों तक भैरूलाल और जालसाजों के बीच इनामी राशि की चर्चा चलती रही। लालच में भैरूलाल ने जालसलों द्वारा मांगी गई राशि भेज दी। उसके बाद खाते से 1.65 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। अपने खाते से ऑनलाइन राशि का ट्रांजेक्शन होने पर धोखाधडी का आभास होते ही भैरूलाल ने सायबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। जहां से वेब पोर्टल के माध्यम से पुलिस तक पहुंची। इंगोरिया पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया है।

### कई साइडों पर ट्रेक्टर वाले नोट का विज्ञापन

सोशल मीडिया की कई साइड फेसबुक, ओएलएक्स, वाट्सएप पर कई दिनों से पुराने और दुलर्भ पांच के ट्रेक्टर वाले नोट का विज्ञापन सामने आ रहा है। जिसके बदले में लाखों रूपये देने की बात कही जा रही है। पांच ही नहीं 2 रूपये के नोट, सौ रूपये के नोट की डिमांड भी की जाती है। जालसाजों द्वारा किसी के पास ऐसा नोट होने पर पहले उन्हे बदले में दी जाने वाली लाखों की राशि के एवज में रजिस्ट्रेशन, प्रोसेसिंग, जीएसटी और टैक्स फीस के रूप में शुल्क जमा करने को कहा जाता है। अगर कोई शुल्क जता करता है तो उसका खाता खाली कर दिया जाता है।



### लालच-डर में सब कुछ गवां रहे लोग

सायबर फ्रॉड करने वालों द्वारा दिया जाने वाला लालच और दिखाया जाने वाला डर लोगों को अपना सब कुछ गवां पर मजबूर कर रहा है। जालसालों से बचने के लिये लगातार पुलिस द्वारा पूरे देश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि अपना ओटीपी किसी को शेयर ना करें। किसी भी अंजान लिंक पर क्लीक ना करें। सायबर फ्रॉड से बचने के लिये जागरूकता ही सबसे बडा हथियार है, बावजूद लोग जालसाजों का शिकार हो रही है। फ्रॉड करने वाले फर्जी नम्बरों का उपयोग करते है, पुलिस को उन तक पहुंचने के लिये काफी मशक्कत करना पडती है।

## बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर लूटे चांदी के आभूषण

### पुत्र के साथ शादी से लौट रही वृध्दा को मारे चाकू

**उज्जैन।** शादी में शामिल होकर लौट रहे पुत्र और मां को बुधवार-गुरूवार रात बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर लूट लिया। बदमाश 4 लाख के लगभग चांदी के आभूषण लेकर फरार हुए है। हमले में घायल पुत्र और मां को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मामला नागदा तहसील के बिरलाग्राम थाना क्षेत्र से सामने आया है। ग्राम गिदवानिया में रहने वाली पन्नाबाई गुर्जर 50 साल अपने पुत्र राहुल गुर्जर 30 साल के साथ खाचरौद के ग्राम बरखे?ा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गई थी। जहां से देर रात दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम खुरमंडी और गिदवानिया के बीच बाइक से आये 3 बदमाशों ने उन्हे रोक लिया और चाकू से हमला कर पन्नाबाई से चांदी के कडे और वजनी कंदौरा लूट लिया। बदमाशों ने राहुल पर भी चाकू से वार किये थे। घटनाक्रम के बाद लोगों की मदद से घायल पुत्र और मां को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मां पन्नाबाई की हालत गंभीर होने पर उन्हे उपचार के लिये उज्जैन रैफर किया गया। राहुल का उपचार नागदा में चल रहा है। लूट की वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल राहुल के बयान दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की गई है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। बदमाशों के नागदा-खाचरौद के आसपास के होने की आशंका जताई गई है। गौरतलब हो कि सोने-चांदी के भावों में आई तेजी के बाद बदमाशों के निशाने भी आभूषण है। पिछले दिनों इंगोरिया, घट्टिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में चोरी की वारदात होना सामने आई है। जिसमें बदमाश मंदिरों में भगवान की प्रतिमा के आभूषणों के साथ मंदिरों में लगे चांदी के छत्र चुराकर ले गये है। माकडोन और तराना के कुछ घरों में चोरी की वारदात हुई है। उसमें भी सोने-चांदी के आभूषण चोरी होना सामने आया है।

## गौरव दिवस समारोह का आयोजन

**बड़नगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा राष्ट्रीय कवि प्रदीपजी की जयन्ती के अवसर पर 6 फरवरी शुक्रवार को गौरव दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा।

गौरव दिवस अंतर्गत सुबह 11 बजे कवि प्रदीप उद्यान नयापुरा स्थित कवि प्रदीपजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात शाम 730 बजे से गाँधी चौक पर राष्ट्र प्रेमी गायक आकाश अग्रवाल देवास के द्वारा राष्ट्र भक्ती गीतो की प्रस्तुती दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या होगें।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

No.EL-2025-26-42 **ई-टेण्डरिंग नोटिस** दिनांक: 02.02.2026

मण्डल रेल प्रबंधक (बिजली / पॉवर) शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू | बयाना राशि रू | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | EL-2025-26-42 | 142,18,770.22 | 2,21,100/- | 12 माह |
| | Ratlam Division - Shambhupura - Electrical work in connection with two New freight Examination line & upgradation of existing Examination line. **Similar type of work**: "Definition of Similar Nature of work: Wiring/ Re-wiring in buildings with associated electrical works like control gear and protection arrangements in residential buildings or service buildings. OR Lighting arrangement in buildings, circulating area, yard, street etc. with associated electrical works. OR wiring / Rewiring, Lighting arrangement in building with associated electrical works." | | | |

**वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 30.01.2026. निविदा खुलने की तिथि: 24.02.2026.** विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा फार्म की लागत शून्य है।

SPAN/7/1/442

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती स्मृति दुबे पति श्री कुशलेन्द्र मिश्रा निवासी-402, महतीसाइट नंबर 13, 13 ए, 14/20, 11जी क्रास 8जी मेन मेहताजी रोड़, होयसल, नगर राममूर्ति नगर, बैंगलूर कर्नाटक द्वारा भूखण्ड क्रमांक 125, अहिल्यानगर, गांधी नगर, के पास, जनकपुरी नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 98, पश्चिम में-सड़क कॉलोनी की, उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 124 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 126 को भूखण्डस्वामी मोहक ढींगरा पिता श्री सुनील ढींगरा से क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त भूखण्ड को केवल कृष्ण ढींगरा पिता श्री रामलाल जी ढींगरा ने जनक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन से पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 4220 दिनांक 18.12.2002 के द्वारा क्रय किया गया तथा केवल कृष्ण ढींगरा पिता श्री रामलाल जी ढींगरा द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 10.03.2024 को एक वसीयतनामा लेख अपने पौत्र मोहक ढींगरा पिता श्री सुनील ढींगरा निवासी-17 दशहरा मैदान उज्जैन के हित में निष्पादित की, केवल कृष्ण ढींगरा पिता श्री रामलाल जी ढींगरा के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त वसीयतनामा लेख प्रभावशील हुई तथा मोहक ढींगरा पिता श्री सुनील ढींगरा द्वारा उक्त भूखण्ड पर अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवाया गया है यदि केवल कृष्ण ढींगरा पिता श्री रामलाल जी ढींगरा द्वारा की गयी वसीयत में उनके किसी वैध वारिस या उत्तराधिकारीगण को कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड को बंधक किये जाने के संबधं में कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति किसी के पास गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी।

सो सूचित हो। दिनांक:-05.02.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9827228461**

# एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने समझी पुलिस की आधुनिक कार्यशैली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शास्त्रीनगर एक्सीलेंस विद्यालय में आईटी/आईटीईस और सुरक्षा ट्रेड का अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों ने गुरूवार को पुलिस कंट्रोलरूम का भ्रमण कर पुलिस की आधुनिक कार्यशैली को समझा। पुलिस विभाग की ओर से विद्यार्थियों को अपनी कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

नवीन व्यावसायिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों का सुबह 10.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे थे। जहां पुलिस विभाग की ओर से उन्हे शैक्षणिक उद्देश्य से भ्रमण कराया गया। इस दौरान शहर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था कक्ष का अवलोकन करते हुए अपराधों की रोकथाम में तकनीकी भूमिका के साथ लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को आईटी संसाधनों के माध्यम से कानून व्यवस्था बनाये रखने, अपराध विश्लेषण, सुरक्षा प्रबंधन में तकनीकी उपयोग से अवगत कराया गया। सुरक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में भविष्य के अवसरों पर मार्गदर्शन भी दिया।

### डायल 112 और निर्भया वाहन दिखाया

भ्रमण के दौरान छात्र-छात्रओं को पुलिस की आपातकालीन सेवा में संचालित डायल 112 और निर्भया वाहन का अवलोकन कराया। डायल 112 के माध्यम से प्राप्त होने वाली आपात सूचनाओं की प्रक्रिया, पुलिस रिस्पॉन्स, आम नागरिकों को मिलने वाली सहायता प्रणाली के संबंध में जानकारी दी। निर्भया वाहन की भूमिका, महिला एवं बालिका सुरक्षा, स्कूल-कॉलेज क्षेत्रों में निगरानी और आपात परिस्थितियों में कार्रवाई की जानकारी देकर जागरूक किया।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत मंच पर हादसा

**उजजैन।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गुरूवार को उज्जैन पहुंचे थे। कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच लगाये गये थे। दो तालाब क्षेत्र में लगे मंच पर हादसा हो गया। गनीमत रही कोई गंभीर घायल नहीं हुआ, लेकिन अफरा-तफरी मच गई।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आये थे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाये थे। एक मंच मोर्चा के कोषाध्यक्ष द्वारा दो तालाब क्षेत्र में बनाया गया था। जहां प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर स्वागत किया जा रहा था। मंच के ऊपर गुब्बारा का गुच्छा लहराया जा रहा था और आतिशबाजी की जा रही थी। तभी गुब्बारों में जोरदार धमका हुआ और आग का गोला निकला। मंच पर अफरा-तफरी मच गई और कई कार्यकर्ता हडबडाहट में गिर गये। गनीमत रही गुब्बारों को गुच्छा हवा में था और आग का गोला भी हवा में दिखाई दिया। जिसके चलते बडा हादसा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि भाजपा पार्टी के रंग के गुब्बारों में गैस भरी हुई थी, आतिशबाजी के दौरान चिंगारी गुब्बारों से टकराई और धमाका हुआ।

## इंदौर में बुर्का पहने मिली लापता हुई बालिका

**उज्जैन।** आगर नाका क्षेत्र से लापता हुई बालिका को पुलिस ने इंदौर में मिली। बालिका ने बुर्का पहन रखा था। बालिका के साथ युवक को हिरासत में लिया गया है। जिसके खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले परिवार की 15 वर्षीय बालिका 2 फरवरी को लापता हो गई थी। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जु?ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया और तलाश शुरू की गई। 4 फरवरी को जानकारी सामने आई कि बालिका इंदौर के आजाद नगर में है। पुलिस की टीम आजादनगर इंदौर पहुंची, जहां बालिका बुर्का पहने मिली। पुलिस ने उसे अपनी कस्टडी में लिया और उज्जैन लेकर आई। उसके साथ एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया। बताया जा रहा है कि बालिका को प्रेमजाल में फंसाया गया था, वहीं उसका शोषण भी किया गया है। सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि बालिका के कोर्ट में 164 के बयान दर्ज कराये गये है। मामले की जांच की जा रही है। अपहरण की धारा के साथ अन्य धारा भी ब?ाई जायेगी। बालिका के अपहरण में कुछ ओर लोगों की जानकारी सामने आई है, जो इंदौर के रहने वाले है। उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। लापता बालिका के बुर्के में मिलने की खबर पर हिन्दूवादी संगठन के कार्यकर्ता भी चिमनगंज थाने पहुंचे थे। उन्होने आरोप लगाया कि यह ग्रुमिंग गैंग पैटर्न पर लव जिहाद है। जिसमें पहले बालिकाओं को टारगेट किया जाता है। उनके परिवार की जानकारी ली जाती है, भावनात्मक रूप दिखाया जाता है, दोस्ती, गिफ्ट, मोबाइल देकर प्यार के जाल में फंसाया जाता है। जिसके बाद शोषण कर ब्लैकमेल किया जाने लगाता है और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री अमरसिंह पिता श्री रामचन्द्र चौधरी, निवासी- भूखी माता चौक, चिंतामण रोड, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 113/2 का दक्षिण दिशा वाला भाग जिसका वर्तमान म्यु, क्रमांक 133/2/2, स्थित जयसिंह पुरा मार्ग, उज्जैन में स्थित है उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 125.97 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व की ओर-गली, पश्चिम की ओर-रास्ता, उत्तर की ओर मकान क्रमांक 113/2 का भाग जो नंदकिशोर को विभाजन मे मिला है, व दक्षिण की ओर मकान मांगीलाल भागीरथजी का स्थित है को हकाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है। उक्त भवन को श्री अमेरसिंह पिता श्री रामचन्द्र चौधरी, निवासी भूखी माता चौकै, चिंतामण रोड, उज्जैन म.प्र. ने उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत विभाजन पत्र दस्तावेज पंजीयन संख्या 498 पंजीकरण की तिथि 01/05/2002 के माध्यम विभाजन में प्राप्त किया किया है। उक्त भवन का सौदा मेरे पक्षकार ने श्री अमरसिंह पिता श्री रामचन्द्र चौधरी, निवासी भूखी माता चौक, चिंतामण रोड, उज्जैन म.प्र. से किया गया होकर आंशिक राशि दे दी गई है तथा अब उक्त भवन स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो इति दिनांक 06-02-2026

**महेन्द्र मालवीय ( एड्व्होकेट )**
**कार्यालयः ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा, उज्जैन**

**जाहिर-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- सुरेश पिता श्री रामेश्वर पाटीदार जाति कुल्मी निवासी ग्राह शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) 2- दुर्गाबाई चौधरी पुत्री श्री रामेश्वर पाटीदार पति श्री राकेश कुमार चौधरी जाति कुल्मी निवासी ग्राह लाहौरी जिला शाजापुर (म.प्र.) 3- किरणबाई पुत्री श्री रामेश्वर पाटीदार पति श्री नंदकिशोर जाति कुल्मी निवासी ग्राह सिरोलिया जिला शाजापुर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 18 रकबा 0-420 हेक्टर स्थित ग्राम चकजयरामपुरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है तथा विधिवत् अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है एवं अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 05/02/2026 उज्जैन
कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

# फिर पत्थर तराशने लगा



एक सुंदर जापानी कहानी है। एक आदमी चट्टानों को तराशने का काम करता था। वह कड़ी मेहनत करता, लेकिन कमाई कुछ खास नहीं होती। वह असंतुष्ट रहता था। वह आहें भरा करता। एक बार वह चिल्लाकर बोला, काश! मैं इतना धनवान होता कि रेशमी गद्दों पर आराम करता। स्वर्ग से एक देवदूत आया और बोला, तुमने जो कहा, तुम वही हो। वह आदमी धनवान हो गया, उसने रेशम के गद्दे पर खुद को बैठा हुआ पाया। तभी वहां से उस देश का राजा निकला। उसके रथ के आगे और पीछे घुड़सवार चल रहे थे और सिर के ऊपर सोने का छत्र लगा हुआ था। जब उस धनवान ने यह दृश्य देखा, तो वह अपनी स्थिति से असंतुष्ट हो गया। आहें भरते हुए चिल्लाया, मैं राजा बनना चाहता हूं। देवदूत फिर आया और बोला, तुमने जो कहा, तुम वही हो। अचानक उस धनवान ने खुद को रथ पर पाया। उसके आगे घुड़सवार चल रहे थे, पीछे घुड़सवार चल रहे थे और ऊपर छत्र लगा हुआ था। उस दिन सूरज तमतमाता हुआ धरती को ऐसे झुलसा रहा था कि जैसे सब कुछ स्वाहा हो जाएगा। राजा को शिकायत हुई कि सूरज की शक्ति उससे अधिक है। वह असंतुष्ट हो गया। वह चिल्लाया, मैं सूरज होना चाहता हूं। देवदूत आया और कहा, तुमने जो कहा, तुम वही हो। राजा सूरज बन गया। उसने धरती की सारी खर-पतवार जला दी और पृथ्वी के तमाम राजाओं के काफिलों को झुलसा दिया। फिर एक बादल आया और उसके व पृथ्वी के बीच अड़ गया। इस तरह, वह बादल बन गया बादल ने धरती पर मोटी-मोटी बूंदें बरसाईं, जिनसे नदियों में बाढ़ आ गई, घर बह गए, खेत तबाह हो गए। उसकी बूंदें एक चट्टान पर गिरीं, जो टस से मस न हुई। बादल क्रोधित हो गया, क्योंकि चट्टान उसकी शक्ति के सामने झुक नहीं रही थी। वह चिल्लाया, मैं चट्टान होना चाहता हूं। देवदूत ने चट्टान बना दिया। तभी एक आदमी छैनी व हथौड़ी लिए हुए आया और चट्टान को तराशने लगा। चट्टान ने सोचा कि इस आदमी के पास इतनी शक्ति कैसे है, जो मेरी छाती से पत्थर तराश रहा और वह असंतुष्ट हो गया। वह चिल्लाया, मैं कमजोर हूं। मैं आदमी बनना चाहता हूं। देवदूत ने फिर से उसे संगतराश बना दिया। अब भी वह कड़ी मेहनत करता और थोड़ी सी कमाई होती, मगर उसी में संतुष्ट था। संतोष का अर्थ उस सबके प्रति बोध से भरना है, जो तुम्हारे पास है। यदि तुम्हें एक झलक भी मिल जाए कि कितना कुछ तुम्हें मिला हुआ है, तो क्या तुम्हारी अपेक्षा रह जाएगी? अधिक की अपेक्षा करना मात्र अनुग्रह की कमी है। यदि तुम पूरे परिप्रेक्ष्य को देख पाओ, तो जो तुम्हें मिला है, तो उसके प्रति अहोभाव से भर जाओगे।

**सम्पादकीय**

## सियासी सरगर्मी

देश में सियासी सरगर्मी बहुत तेज हो गई है। सबसे पहले, मणिपुर में फिर चुनी हुई सरकार की वापसी सुखद और स्वागतयोग्य है। मई 2023 से ही संघर्षग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बुधवार को औपचारिक रूप से हटा लिया गया, जिससे युमनाम खेमचंद सिंह के नेतृत्व में राज्य में नई भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ। मणिपुर को नया मुख्यमंत्री मिलना जरूरी था। अव्वल तो भाजपा स्थानीय आंतरिक तनाव की वजह से पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को शुरू में हटा नहीं सकी थी और अब जो नियुक्ति हुई है, वह भी देर से हुई कही जाएगी। यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मणिपुर में भाजपा को एक नई शुरूआत करनी पड़ेगी। मणिपुर में अगले साल विधानसभा चुनाव है। ऐसा लग रहा है कि नई सरकार में भाजपा जातीय समीकरण को ठीक से बिठाकर चलेगी। वहां जातीय तनाव को नियंत्रित रखना होगा, हालांकि, यह आसान काम नहीं है। ध्यान रहे, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मणिपुर की चर्चा भी करते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। संकेत साफ है कि मणिपुर में सियासत अब विधानसभा चुनाव तक ऐसे ही गर्म रहेगी।

दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की राजनीति ने मानो दिल्ली में डेरा डाल रखा है। स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली में भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा संभाल रखा है। दर्ज करने लायक बात है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में पैरवी करने वाली ममता पहली मुख्यमंत्री बन गई हैं। ममता बनर्जी को शुरू से लग रहा है कि पश्चिम बंगाल को चुनाव आयोग निशाना बना रहा है, ताकि भाजपा को लाभ पहुंचाया जा सके। हालांकि, एसआईआर की कवायद अन्य राज्यों में भी चल रही है, पर सर्वाधिक चिंता शायद पश्चिम बंगाल में है। ममता बनर्जी की इस सक्रियता से यही संकेत गया है कि वह पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ हैं। सर्वोच्च न्यायालय में इसे रोकने के लिए पहले भी कोशिश हुई है, पर वहां किसी को कामयाबी नहीं मिली है। क्या ममता बनर्जी को कामयाबी मिलेगी? एसआईआर को लेकर उनकी परेशानी समझ से परे है, क्योंकि चुनाव आयोग राज्य सरकार के कर्मचारियों के भरोसे ही काम करता है। सरकार के बीएलओ और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीएलए, दोनों मिलकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि एसआईआर सोलह आना सही ढंग से पूरा हो।

### लोक संस्कृति के दर्शन

# भगोरिया पर्व का स्वागत करें



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भगोरिया पर्व,मनाया जाता हैगाँवों मे बरसों से साप्ताहिक हाट लगते हैं और दूर दराज से हमारे आदिवासी भाई -बहन खरीदारी करने आते हैंहोली के पहले लगने वाला साप्ताहिक हाट भगोरिया हाट होता है जिसे स्थानीय भाषा में भोंगरिया कहा जाता है ,भगोरिया हाट से पहले लगने वाला हाट त्योहारिया हाट और भगोरिया हाट के बाद लगने वाला हाट उजाड़िया हाट कहलाता हैधार जिले की ही बात करें तो मार्च से लगने वाले भगोरिया में लगभग 59 हाट लगते है ।प्रमुख भगोरिया हेतु जिस दिन जिस गांव में भगोरिया हाट हो उस दिन का स्थानीय अवकाश भी घोषित हो तो पर्व मनाने एवं पर्व देखने हेतु लोक संस्कृति के दर्शन के साथ नृत्य,गीत,संगीत को समझ के साथ पर्व का आनन्द अन्य लोगों एवं जो शासकीय कर्मचारी है विशेषकर उन्हें स्थानीय अवकाश घोषित होने पर भगोरिया पर्व देखने में शामिल होने का पर्व लाभ मिल सकें।भगोरिया पर्व :लोक गीत,संगीत,नृत्य और प्रकृति सौंदर्य में आदिवासी नारी की भूमिका सर्वश्रेष्ठ रहती है ।कई जिलों में जैसे झाबुआ में भगोरिया पर्व लेकर प्रशासन द्वारा विशेष तैयारी की जा रही जो कि प्रंशसनीय है। पर्यटकों के लिए सभी सामग्री एक स्थान पर मिलना,सेल्फी पॉइंट बनाना,विधुत व्यवस्था झूला व्यवस्था नाश्ते के लिए स्टॉल ,भोजन के लिए कक्ष , बड़े धार्मिक स्थलों पर जैसे उज्जैन ,नासिक आदि पर भगोरिए के प्रचार प्रसार के लिए कटआउट लगाए जाएसाथ ही प्रदेश के महाविधालय के विधार्थियों को भगोरिए मेले में बुलाकर आदिवासी संस्कृति से रूबरू करने जैसे सुझाव भी दिए जाऐ भगोरिया पर्व मध्यप्रदेश के धार,झाबुआ ,आलीराजपुर ,खरगोन आदि के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में नृत्य ,संगीत ,लोक गायन ,एक जैसे ड्रेस कोड वाले सुन्दर परिधान,चांदी के सुन्दर पहनावे के साथ धूमधाम से मनाया जाता है` भगोरिया पर लगने



वाले हाट -बाजार मेले का रूप ले लेते है`मेले में अपनी जरुरत की वस्तुएं खरीदते है`भगोरिया प्रारम्भ समीप शिव मंदिर से किया जाता हैजिलों में भगोरिया की तारीख पहले तय की जाती है` होली जलने के लगभग एक सप्ताह पूर्व से मनाया जाता है` भगोरिया के पश्चात पड़ने वाले हाट -बाजार को उजाड़िया बाजार भी कहा जाता है`बांसुरी ,घुंघरू ,मांदल ,बहुत बड़े आकर का ढोल ,थाली ,छतरी ,रुमाल आदि को लेकर नृत्यकिया जाता है` फागुन मौसम छटा बिखेरकर पर्व को दर्शनीय बनाता है`भगोरिया पर्व नजदीक आने को है` भगोरिया पर्व आते ही वासन्तिक छटा मन को मोह लेती है वही इस पर्व की पूर्व तैयारी करने से ढोल ,बांसुरी की धुनों की मिठास पूर्व से ही कानों मे मिश्री घोल देती है व उमंगो में एक नई ऊर्जा भरती है दूरस्थ गाँव के रहने वाले समीप भरे जाने वाले हाट (विशेष कर पूर्व से निर्धारित लगने वाले भगोरिया) मे सज-धज के जाते है`युवक-युवतिया झुंड बनाकर पैदल भी जाते है`ताड़ी के पेड़ पर लटकी मटकिया जिसमे ताड़ी एकत्रित की जाती है ताड़ी के वृक्षों पर बेहद खुबसूरत नजर आती है`खजूर ,आम आदि के हरे -भरे पेड़ ऐसे लगते है`मानों ये भगोरिया मे जाने वालो का अभिवादन कर रहे हो ,फागुन माह में आम के वृक्षों पर नए मोर और पहाड़ो पर खिले टेसू का ऐसा सुन्दर नजारा होता है मानों प्रकृति ने अपना अनमोल खजाना खोल दिया हो देश ही नहीं अपितु विदेशों से भी इस पर्व को देखने विदेशी लोग कई क्षेत्रों में आते है लोक संस्कृति के पारम्परिक लोक गीतों को गाया जाकर माहौल मे एक लोक संस्कृति का बेहतर वातावरण देखने को मिलता हैसाथ ही प्रकृति और संस्कृति का संगम हरे -भरे पेड़ो से निखर जाता है`कई क्षेत्रों में जंगलो के कम होने से व गाँवों के विस्तृत होने से कई क्षेत्रो मे कम्पौंड के अन्दर ही नृत्य कर भगोरिया पर्व मनाया जाने लगा है । भगोरिया उत्सव के दौरान लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है`लोक संगीत हेतु बड़े आकार का विशेष प्रकार का ढोल नृत्य घेरे के मध्य खड़े होकर लोक संगीत बजाया जाता है` इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इसके एक तरफ आटा लगा के बजाया जााता ।लोक संगीत से जुड़े बड़े आकार के वाद्य यंत्रों का महत्व आज तक बरकरार है` इन वाद्य यंत्रो से निकले लोक संगीत के आनंद की बात ही कुछ और है इसके संगीत में चुंबकीय आकर्षण होता है` इस ढोल की प्रेक्टिस व तैयारी एक माह पूर्व से की जाती है` लोक संगीत ,लोक गीतों लोक नृत्य, लोक गायन , लोक कला कृति आदि के उपासकों द्धारा इन्हें संजोए रखने का कार्य प्रशंसनीय तो है ही साथी भावी पीढ़ी को इनकी विशेषता से परिचित भी करवाता है`मेले में आदिवासी महिलाएं टेटू पारंपरिक रूप से बनवाती है ।इसके अलावा आभूषण जो चांदी से निर्मित होते है ।पूरे शरीर पर आभूषण सुंदर डिजाइन के और उन आभूषण को भिन्न भिन्न नाम से जाना जाता है ।वर्तमान में चांदी भाव आसमान छू रहे है` महिलाएं इन्हें पहन कर आती है इसमें सभी ग्रुप की ड्रेस कोड बड़ी सुंदर होती ।लोक गीतों का भी समावेश बांसुरी संग किया जाता है ।भगोरिया नृत्य टीम को सम्मानित किया जाता है दिल्ली में राष्ट्रीय पर्व पर भगोरिया पर्व की झांकी भी निकाली जाती है ।झाबुआ /आलीराजपुर /धार /खरगोन ,आदि जिलों के गांवों के निर्धारित की जाने वाले दिनांक को लगने वाले क्षेत्रीय हाट- बाजारों में भगोरिया पर्व को बेहतर तरीके से लोक गीतों पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संगीत के साथ एवं लोकनृत्य से अपनी लोक संस्कृति को विलुप्त होने से बचाते आरहे है ।इसका हम सभी को गर्व है ।

## कागज के शेर और समोसे का फेर

शहर की धूल फाँकती एक तंग गली के आखिरी छोर पर 'साहित्यिक पुनरुत्थान परिषद' का बैनर ऐसे लटक रहा था, मानो अपनी बदहाली पर खुद ही आंसू बहा रहा हो। कार्यक्रम का नाम था 'अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन', जिसमें 'अखिल भारतीय' शब्द का भार केवल उन कवियों के कंधों पर था, जो पड़ोस के जिलों से रोडवेज की खटारा बसों में धक्के खाकर आए थे। मंच पर बिछी सफेद चादर पर इतने दाग थे कि वे खुद किसी रहस्यमयी कविता के प्रतीक मालूम पड़ते थे। आयोजक महोदय की सक्रियता ऐसी थी कि वे हर दो मिनट में माइक को ठोककर यह सुनिश्चित कर रहे थे कि 'हल्लो-हल्लो' की आवाज मोहल्ले के उस कुत्ते तक जरूर पहुँचे, जो इस आयोजन का एकमात्र निष्पक्ष श्रोता था। श्रोताओं के नाम पर वही दस-बारह लोग थे, जिन्हें समोसे और चाय का लालच देकर रोका गया था, और जो बार-बार अपनी घड़ी की तरफ ऐसे देख रहे थे जैसे कि जेल से रिहाई का वक्त करीब आ रहा हो।

मंच संचालन की कमान एक ऐसे सज्जन के हाथ में थी, जिनकी अपनी कविताएँ इतनी लंबी थीं कि उन्हें पढ़ने के लिए श्रोताओं को पुनर्जन्म लेना पड़े। उन्होंने संचालन शुरू करते ही हिंदी साहित्य के गिरते स्तर पर साढ़े तीन मिनट का विलाप किया, जिसमें उन्होंने स्वयं को 'साहित्य का आखिरी पहरेदार' घोषित कर दिया। बीच-बीच में वे किसी कवि का परिचय देते हुए विशेषणों की ऐसी झड़ी लगाते कि लगता साक्षात कालिदास या तुलसीदास बस अभी रोडवेज की बस से उतरे ही हैं। जब उन्होंने पहले कवि को आमंत्रित किया, तो उनके शब्दों में इतनी चाशनी थी कि पास रखे पानी के गिलास में चींटियाँ लगने का डर पैदा हो गया। कवि महोदय मंच पर ऐसे पधारे जैसे कि नोबेल पुरस्कार उनके स्वागत में पलकें बिछाए खड़ा हो। उन्होंने अपनी जेब से कागजों का एक ऐसा गट्ठर निकाला, जिसे देखकर पहली पंक्ति में बैठे बुजुर्ग ने गहरी आह भरी और अपनी लाठी संभालकर निकलने का मन बना लिया। कवि जी ने माइक को अपनी नाक के इतने करीब सटा लिया कि उनकी सांसों की आवाज किसी चक्रवाती तूफान जैसी सुनाई देने लगी। उन्होंने पहले दो मिनट तक इस बात पर शोधपरक भाषण दिया कि आज का कवि कितना उपेक्षित है और कैसे सरकार को कवियों के लिए कम से कम 'पेंशन और मुफ्त हवाई यात्रा' का प्रबंध करना चाहिए।

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 06 फरवरी 2026
शुक्रवार
सूर्योदय - 07:09 सूर्यास्त 18:13
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पंचमी 25:19 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - हस्त 24:24 उपरांत चित्रा
योग - धृति 23:37 उपरांत शूल
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 17 तारिख

**मेष-** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी।

**कर्क-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**सिंह-** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा।

**कन्या-** स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है।

**तुला-** ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्?य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक-** राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे।

**धनु-** राजमान प्राप्त होगा। नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर-** प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**कुंभ-** पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा। व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा।

**मीन-** दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## गुरुकुल से गूगल तक : ज्ञान की नहीं, चेतना की यात्रा



स्नेहलता श्रीवास्तव
(दैनिक अवन्तिका)

गुरुकुल से गूगल तक की यात्रा को केवल शिक्षा-पद्धति के परिवर्तन के रूप में नहीं देखा जा सकता है, यह यात्रा वास्तव में मनुष्य की अंतःचेतना की यात्रा है। पहले ज्ञान साधना था, फिर साधन बना और अब उपभोग की वस्तु होता जा रहा है। यह यात्रा स्मृति से स्क्रीन तक, मौन से शोर तक और बोध से सूचना तक फैली हुई है।

गुरुकुल भारतीय संस्कृति की वह आयाम था जिसमें शिक्षा जीवन से अलग कोई संरचना नहीं थी। गुरु वहाँ केवल विषय का ज्ञाता नहीं, बल्कि जीवन की लय से जुड़ा हुआ पथप्रदर्शक था। शिष्य की आँखों में जिज्ञासा होती थी, उतावलापन नहीं। ज्ञान वहाँ धीरे-धीरे उतरता था - जैसे वर्षा की बूँदें मिट्टी में समाकर उसे उर्वर बनाती हैं। वहाँ शिक्षा का उद्देश्य उत्तर देना नहीं, प्रश्न को परिपक्व करना था।

गुरुकुल का वातावरण प्रकृति के सान्निध्य में रचा गया था। वृक्ष, नदी, अग्नि और आकाश - सब शिक्षा के मौन सहपाठी थे। गुरु का एक वाक्य, एक दृष्टि, कभी-कभी केवल मौन, शिष्य के भीतर दीर्घकालिक स्पंदन उत्पन्न कर देता था। वहाँ ज्ञान का संचय नहीं, संस्कारों का बीजारोपण होता था। इसलिए शिक्षा आचरण बनती थी, जीवन का स्वभाव बनती थी। समय के साथ समाज की गति बदली। नगर बसे, व्यवस्थाएँ जटिल हुईं और शिक्षा संस्थानों में सीमित होने लगी। यह परिवर्तन आवश्यक था, क्योंकि ज्ञान को व्यापक होना था। पुस्तकों ने स्मृति को विस्तार दिया, विश्वविद्यालयों ने विचारों को मंच दिया, और विज्ञान ने मनुष्य को प्रश्न करने का साहस दिया। यह वह काल था जहाँ शिक्षा ने मनुष्य को बाह्य जगत को समझने और रूपांतरित करने की क्षमता दी। परंतु गूगल के युग में प्रवेश करते-करते शिक्षा का स्वरूप पुनः बदल गया। अब ज्ञान साधना नहीं, तत्काल उपलब्धता है। प्रश्न पूछने से पहले उत्तर स्क्रीन पर चमक उठता है। स्मृति की जगह खोज ने ले ली है और अनुभूति की जगह सूचना ने। आज मनुष्य बहुत कुछ जानता है, पर कम ही समझता है।

गूगल युग की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं कि ज्ञान सतही हो गया है, बल्कि यह है कि मनुष्य का ठहराव खो गया है। वह जानने की प्रक्रिया में नहीं, केवल परिणाम में रुचि रखता है। पढ़ना अब संवाद नहीं रहा, स्क्रॉल बन गया है। सोचने से पहले हम खोजते हैं, और खोजने के बाद सोचने की आवश्यकता महसूस नहीं करते।

गुरुकुल में गुरु ज्ञान का संस्कारकर्ता था - गूगल में ज्ञान निराकार, अनिर्दिष्ट और निर्वैयक्तिक है। वहाँ सत्य-असत्य का भेद शिष्य की चेतना के स्तर पर होता था; यहाँ वह एल्गोरिद्म और प्रवृत्ति के हवाले है। चयन का अधिकार हमारे पास है, पर चयन की क्षमता (विवेक) दिनोंदिन क्षीण होती जा रही है। फिर भी यह कहना उचित नहीं कि गूगल युग केवल पतन का प्रतीक है। प्रत्येक युग अपनी संभावनाएँ लेकर आता है। गूगल ने ज्ञान के द्वार सबके लिए खोल दिए हैं। प्रश्न यह नहीं कि माध्यम क्या है - प्रश्न यह है कि हम उससे क्या बनने का साहस रखते हैं। आज आवश्यकता गुरुकुल की भौतिक पुनर्स्थापना की नहीं, बल्कि उसकी आत्मा को बचाए रखने की है। हमें ऐसे गुरु चाहिए जो सूचना के इस अरण्य में दिशा दे सकें। ऐसे शिक्षण-संस्कार चाहिए जो तकनीक का उपयोग करें, पर मनुष्य को मशीन न बनने दें। जहाँ प्रश्न पूछना फिर से साहस हो, और मौन फिर से अर्थवान बने। गुरुकुल से गूगल तक की यात्रा तब ही पूर्ण और सार्थक होगी, जब तकनीक मनुष्य की चेतना को संकुचित नहीं, विस्तृत करे; जब शिक्षा रोजगार से आगे बढ़कर उत्तरदायित्व सिखाए; और जब मनुष्य यह समझ सके कि जान लेना ही पर्याप्त नहीं है, समझकर जीना ही ज्ञान का चरम है।

# सेहत की बातः पोषक तत्वों का खजाना टिण्डा की सब्जी



टिंडा एक ऐसी सब्जी है जो पोषक तत्वों का खजाना है. भले ही आपको इसका स्वाद पसंद ना आए लेकिन इससे सेहत को खूब सारे फायदे मिलते हैं. ये रंग रूप में बिल्कुल लौकी जैसा होता है. इसमें कैलरी कम और पानी की काफी ज्यादा मात्रा होती है.इसलिए इसे गर्मी में खाना फायदेमंद होता है.इससे शरीर हाइड्रेट रहता है. वहीं इसके पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें आयरन, पोटेशियम, विटामिन ए, विटामिन सी, कैलशियम नियासिन, एंटीबैक्टीरियल एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो बीपी सहित कई बीमारियों में फायदा पहुंचा सकते हैं.आइए जानते हैं इससे मिलने वाले फायदे के बारे में-

### टिंडा खाने के फायदे

1. टिंडे में करीब 94% पानी की मात्रा होती है और इसमें फाइबर की मात्रा भी प्रचुर होती है जो मोटापा कम करने में मददगार है. रोजाना टिंडे की सब्जी या जूस का सेवन करने से वजन कंट्रोल में रह सकता है.
2. पाचन संबंधी समस्याओं में भी आप डाइट में टिंडे शामिल कर सकते हैं. टिंडे में पाए जाने वाले गुण पाचन को बेहतर रखने में मदद कर सकते हैं. टिंडे के अंदर फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो आपकी आंत का ध्यान रखता है और मल त्यागने में आसानी करता है
3. टिंडे में कैलोरी की मात्रा बहुत कम होती है. इस कारण मधुमेह के रोगियों के लिए यह बहुत फायदेमंद साबित होता है. टिंडे के छिलके में फोटोकेमिकल होते हैं जो रक्त शर्करा को कम करने में मदद करता है. ताजा टिंडे की सब्जी बना कर खाना मधुमेह के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है.
4 .टिंडे में ग्लोबुलीन नामक प्रोटीन पाए जाते हैं जो हमारे रक्त में भी होते हैं. ये बीमारियों से लड़ने में हमारी सहायता करते हैं. डॉक्टर भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए टिंडे के बीजों को खाने की सलाह भी देते हैं, क्योंकि बीजों में भी फैटी एसिड और प्रोटीन पाए जाते हैं.
5. हाई बीपी वाले लोगों को भी टिंडे का सेवन करना चाहिए. इससे काफी हद तक उच्च रक्तचाप को काबू में किया जा सकता है. इसमें कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के विभिन्न होते हैं.
6. टिंडे का सेवन यूरिन इंफेक्शन को दूर करने में मदद कर सकता है. दरअसल टिंडे में पानी की मात्रा खूब होती है जो यूरिन इन्फेक्शन से आपको बचा सकता है. इसके अलावा यह कब्ज, ब्लोटिंग जलन, गैस की समस्या में भी आराम पहुंचा सकता है.
7. टिंडे के सेवन से आपकी त्वचा कोमल और निखरी हुई बन सकती है. दरअसल टिंडे के अंदर विटामिन इ पाई जाती है. यह आपके स्किन को सॉफ्ट बनाने और उसे मॉइश्चराइज करने के काम आती है. इसके अलावा स्किन से जुड़ी समस्या जैसे एलर्जी, फंगल इंफेक्शन से भी छुटकारा दिलाने में मदद करती है.
8. टिंडे का सेवन बुखार से भी लड़ने में मदद करता है. क्योंकि यह प्रतिरक्षा तंत्र को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे सामान्य बुखार के लक्षणों में कमी आती है.

**धर्म-आस्था**

# क्यों नर्मदा का हर कंकर कहलाता है शंकर

भारत की धार्मिक चेतना में नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि साक्षात शिवस्वरूपा मानी गई है। गंगा जहाँ स्नान से पवित्र करती है, वहीं नर्मदा दर्शन मात्र से ही पापों का नाश करने वाली कही गई है। इसी आस्था का सबसे गहरा और विलक्षण सूत्र यह विश्वास है कि नर्मदा नदी का हर पत्थर शिवलिंग है—अर्थात। नर्मदा का हर कंकर शंकर है।। यह कथन केवल लोकविश्वास नहीं, बल्कि पुराणों, कथाओं और सदियों की साधना से उपजा हुआ आध्यात्मिक सत्य माना गया है।

नर्मदा तट से प्राप्त होने वाले प्राकृतिक, अंडाकार शिवलिंग को नर्मदेश्वर या बाणलिंग कहा जाता है। इन्हें स्वयंभू माना गया है, अर्थात इन्हें स्थापित करने के लिए प्राणप्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं होती। शास्त्रों में वर्णन है कि मिट्टी या साधारण पत्थर से बने शिवलिंग के पूजन की अपेक्षा स्वर्णनिर्मित शिवलिंग अधिक फलदायी है, उससे भी अधिक फल मणि से बने शिवलिंग का है, किंतु इन सबसे करोड़ों गुना अधिक पुण्य नर्मदेश्वर शिवलिंग के पूजन से प्राप्त होता है। यही कारण है कि गृहस्थ जीवन में इसे अत्यंत कल्याणकारी माना गया है। नर्मदेश्वर की पूजा से स्थिर लक्ष्मी, पारिवारिक शांति और सिद्धियों की प्राप्ति का वर्णन मिलता है। सामान्य शिवलिंग पर चढ़ाई गई वस्तुएँ ग्रहण नहीं की जातीं, परंतु नर्मदेश्वर का प्रसाद स्वीकार्य माना गया है—यह इसकी विशिष्टता है।

इस आस्था के मूल में स्कंदपुराण में वर्णित एक दिव्य कथा है। कथा के अनुसार, भगवान शिव ने चातुर्मास काल में देवी पार्वती को विष्णु के द्वादशाक्षर मंत्र का जप करते हुए तपस्या करने की आज्ञा दी। पार्वती हिमालय में तप में लीन हो गईं और भगवान शिव पृथ्वी पर विचरण करने लगे। यमुना तट पर भ्रमण करते हुए जब शिव यमुना में स्नान हेतु उतरे, तो उनके तेज से यमुना का जल श्याम हो गया। यमुनाजी ने प्रकट होकर उनकी स्तुति की और शिव ने उस क्षेत्र को हरतीर्थ का नाम दिया।

इसके पश्चात शिव अपने दिगंबर स्वरूप में, डमरु धारण किए, जटाजूट और त्रिपुण्ड के साथ मुनियों के आश्रमों में विचरण करने लगे। उनका यह रूप लीला और वैराग्य का अद्भुत संगम था। शिव का दिगंबर स्वरूप इंद्रिय-विजय का प्रतीक है—जो इंद्रियों पर विजय पा ले, वह नग्न होकर भी वस्त्रधारी होता है, और जो इंद्रियासक्त है, वह बहुमूल्य वस्त्र पहनकर भी नग्न ही रहता है। किंतु मुनियों ने शिव को पहचानने में भूल की। उनके इस रूप से क्रोधित होकर उन्होंने शिव को शाप दे दिया कि वे लिंगरूप हो जाएँ।

शिव अंतर्ध्यान हो गए और उनका लिंगरूप अमरकंटक पर्वत के रूप में प्रकट हुआ। उसी दिव्य क्षण से नर्मदा का प्राकट्य हुआ। इसीलिए कहा गया कि नर्मदा में स्थित प्रत्येक प्रस्तरखण्ड शिवलिंगरूप है। यह केवल भौतिक पत्थर नहीं, बल्कि शिवतत्त्व का प्रतीक है—स्थिर, मौन और चेतन।

नर्मदेश्वर से जुड़ी एक अन्य कथा नर्मदा की तपस्या को उजागर करती है। प्राचीन काल में नर्मदा ने ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए दीर्घ तप किया और वरदान में गंगा के समान पूज्य बनने की इच्छा व्यक्त की। ब्रह्मा ने कहा कि जैसे शिव, विष्णु, पार्वती और काशी की कोई समानता नहीं कर सकता, वैसे ही गंगा की भी कोई समानता नहीं कर सकता। यह सुनकर नर्मदा ने वह वरदान त्याग दिया और काशी जाकर शिवलिंग की स्थापना कर तप करने लगीं। शिव उनकी निष्काम भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हुए।

भगवान शिव ने नर्मदा को वरदान दिया कि उनके तट का प्रत्येक पत्थर शिवलिंगरूप होगा और नर्मदा दर्शन मात्र से ही समस्त पापों का नाश करेंगी। साथ ही नर्मदेश्वर शिवलिंग को पुण्य और मोक्ष देने वाला घोषित किया। शिव स्वयं उस लिंग में लीन हो गए। इसी कारण नर्मदा को मोक्षदायिनी कहा गया।

नर्मदा की यह महिमा केवल ग्रंथों में सीमित नहीं है। सदियों से साधु-संतों की नर्मदा परिक्रमा, गृहस्थों की श्रद्धा और जनमानस की आस्था ने इसे जीवंत रखा है। नर्मदा हमें यह सिखाती है कि धर्म केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि भक्ति, वैराग्य और करुणा का मार्ग है। यही कारण है कि नर्मदा का एक-एक कंकर श्रद्धा में शिव बन जाता है। नर्मदा भारतीय संस्कृति की वह धारा है, जहाँ प्रकृति और परमात्मा का भेद समाप्त हो जाता है—और पत्थर भी पूज्य हो उठता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी- टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जन सहयोग से गुप्तेश्वर महादेव दास हनु-मान मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरु

**महिदपुर रोड।** ग्राम गोगापुर गांव के तालाब किनारे स्थित मुक्तेश्वर महादेव तथा दास हनुमान मंदिर के सौंदर्यी करण का कार्य मंगलवार को संत जनों तथा श्रद्धालुओं की उप स्थिति में शुभ मुहूर्त में प्रारंभ हुआ। मंदिर के पुजारी लखन बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया उक्त मंदिरों के सौंदर्यीकरण तथा अधूरा निर्माण कार्य वर्षों से लंबित था जिसका बीड़ा नगर के युवाओं ने जन सहयोग से उठाया ग्राम गोगापुर महिदपुर सहित आसपास के गांव के श्रद्धालुओं ने मुक्त हस्त से मंदिर सौंदर्यीकरण तथा अपूर्ण निर्माण को पूर्ण करने के लिये आर्थिक सहयोग करने के संकल्प के साथ तन और मन सहयोग देना शुरू किया पुजारी लखन बैरागी ने बताया शीघ्र ही कार्य पूर्ण कर मंदिर को श्रद्धालुओं की भावना के अनुरूप एक पूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा बैरागी ने बताया इस कार्य में सभी समाजों के प्रमुखों का सहयोग प्राप्त हो रहा है निर्माण तथा सौंदर्यी करण के कार्य को विचारों रूप से संचालित करने के लिये नगर के युवा समाजसेवी संतोष विश्वकर्मा (भूरा सेठ) के नेतृत्व में युवाओं की टीम वरिष्ठों के मार्गदर्शन में निरंतर कार्य कर रही है।

## राजस्थान पुलिस के एक दर्जन वाहनों ने दी दबिश, माचलपुर में ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़



सुसनेर। गत रात्रि नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब राजस्थान के झालावाड़ जिले की पुलिस के एक दर्जन से अधिक वाहन अचानक क्षेत्र में प्रवेश कर गए। पुलिस ने मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त 320.72 किलो संदिग्ध केमिकल के मामले में मुख्य आरोपी जयनारायण उर्फ मामू निवासी छावनी आगर तथा उसके साथी रामलाल निवासी सुसनेर को डिटेन किया। इससे पूर्व झालरापाटन में दीपक पुत्र श्यामलाल ब्राह्मण निवासी नवल थाना आगर, जितेंद्र सिंह पुत्र कमल सिंह राजपूत निवासी गोंदलमऊ थाना नलखेड़ा तथा शैलेन्द्र विलाला पुत्र रमेशचंद्र विलाला निवास गोंदलमऊ को पकड़ा गया था। इस कार्रवाई में कुल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी, 3 वाहनों की जब्ती तथा 320.72 किलो संदिग्ध केमिकल बरामद किया गया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह केमिकल महाराष्ट्र से मंगवाया गया था और इसका उपयोग एमडी ड्रग्स बनाने में किया जाना था। बुधवार को झालावाड़ एसपी अमित बुडानिया ने झालावाड में प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि जानकारी के आधार पर पुलिस ने मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के माचलपुर क्षेत्र में संचालित अवैध ड्रग्स फैक्ट्री पर छापा मारा जहां से कई उपकरण व संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। इस पूरे ऑपरेशन में राजस्थान के साथ आगर और राजगढ़ पुलिस का भी समन्वय रहा। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।

## खेल मंत्रालय के तत्वावधन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**महिदपुर रोड।** ग्राम खारूआं कलां में मेरा युवा भारत कार्यक्रम के के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन मां शारदा पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा खेल प्रकोष्ठ रतलाम जिला सहसंयोजक अतुल वर्मा, माधव शर्मा व ब्लॉक समन्वयक दुगार्शंकर मोयल ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया । कबड्डी, दौड़ 100 एवं 200 मीटर, रस्साकस्सी और गोला फेंक प्रतियोगिता हुई । समापन समारोह मे मुख्य अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजू डांगी, रमेश प्रजापत, जीवन सिँह बाखला, मेहताब सिँह डांगी, फूल सिँह चौहान ने बच्चो को मेडल एवं ट्रॉफी से पुरुस्कृत किया । कबड्डी बालक वर्ग मे विजेता माँ शारदा पब्लिक स्कूल , उपविजेता आलोट स्पोर्ट्स एसोसि एशन रहा । कबड्डी बालिका वर्ग मे विजेता आलोट स्पोर्ट्स एसोसि एशन व उपविजेता माँ शारदा पब्लिक स्कूल रहा। रस्साकस्सी बालक एवं बालिका वर्ग मे माँ शारदा पब्लिक स्कूल विजेता एवं उपविजेता आलोट स्पोर्ट्स एसोसिएशन रहा। दौड़ बालक वर्ग 100 मीटर मे प्रथम श्यामपाल, द्वितीय दिलीप, तृतीय सुमित रहे। 200 मीटर दौड़ बालक मे आयुष, ओमप्रकाश, देवेंद्र मीणा रहे। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ मे सारिका मीणा, द्वितीय हर्षि ता व्यास, तृतीय वर्षा प्रजापत, 200 मीटर दौड़ मे शीतल प्रजापत, द्वितीय मनीषा डांगी, तृतीय नव्या पंवार रहे। गोला फेंक बालक एवं बालिका वर्ग मे मे लूनी प्रथम एवं आलोट स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वितीय रहा। कार्यक्रम का संचालन मोनू मीणा ने किया आभार संस्था प्राचार्य प्रकाश हाडा ने माना। निर्णायक की भूमिका माधव शर्मा, मोनू मीणा, जीवनसिंह सौलंकी, मंगलसिंह चौहान, हेमंत सौलंकी, सीमा मौर्य आदि ने निभाई।

फतेहगढ थाना पुलिस ने की अवैध शराब के विरूद्ध सतर्क कार्यवाही

# हाथ भट्टी से बनी 57 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर तस्कर किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना





पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील एवं सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब माफियाओं एवं तस्करों के विरूद्ध लगातार कठोर और प्रभावी कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना श्री विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में जिले के फतेहगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी और उनकी टीम द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए कच्ची शराब बेचने की फिराक में एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फतेहगढ थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम रामपुर-सेनवोर्ड रोड़ स्थित अम्बाराम चक गांव में नहर की पुलिया पर एक व्यक्ति प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो कैनों में अवैध कच्ची शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में बैठा है। थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना को गंभीरता से लेते हुए फतेहगढ़ थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना हुई। टीम द्वारा बिना कोई देरी किए तुरंत अम्बाराम चक में मुखबिर की बताई जगह नहर की पुलिया के पास पहुंचकर देखा तो जहां पर संदिग्ध व्यक्ति दो केनों के साथ बैठा हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही केनें छोड़कर वहां से भागने लगा, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसे घेराबंदी कर धर दबोच लिया गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम देवा उर्फ देवू पुत्र रूकमा भील उम्र 45 साल निवासी ग्राम अम्बाराम चक थाना फतेहगढ़ जिला गुना का बताया। जिसके पास मौजूद कैनों को चेक करने पर उनमें हाथ भट्टी की बनी कुल 57 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरुद्ध फतेहगढ थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

अवैध शराब के विरुद्ध फतेहगढ थाना पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक तिवारी, सउनि नरेश शर्मा, सउनि जसरथ दिवाकर, प्रधान आरक्षक सरनाम सिंह, आरक्षक आरक्षक सुनील असैया, आरक्षक बृजेन्द्र कुशवाह, आरक्षक कुलदीप धाकड़, आरक्षक कांजराज एवं महिला आरक्षक क्रांति रघुवंशी का विशेष योगदान रहा है।

### शुजालपुर

अवैध शराब के विरूद्ध सतत चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जिला शाजापुर कलेक्टर `ऋतु बाफना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही शाजापुर के मार्गदर्शन में मदिरा के अवैध निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण के लिए वृत्त क्रमांक 1 शाजापुर अंतर्गत सलसलाई क्षेत्र में स्थित पंपापुर कंजर डेरे पर थाना सलसलाई गौलाना चौकी व आबकारी बल द्वारा सामूहिक दबिश दी गई। इस दौरान लगभग 1800 किलोग्राम लहान मौके पर मिला जिसे अमले ने नष्ट किया। साथ ही आबकारी अधिनियम के तहत 05 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए व एक खाली तलाशी पंचनामा पंजीकृत किया। उक्त कार्यवाही में सलसलाई थाना प्रभारी जनक सिंह रावत, सहायक जिला आबकारी अधिकारी बबीता शिंदे, गुलाना चौकी प्रभारी रामदयाल बैरागी ,आबकारी उप निरीक्षक सुरेश पटेल, मीनाक्षी बोरदिया, महेंद्र परमार, आबकारी आरक्षक दिनेश कौशिक, लखन सिंह सिसोदिया, राकेश जमरा, सैनिक देवकरण ,बाबूलाल का विशेष योगदान रहा।

## शिप्रा नदी में मिला लापता युवक का शव, तीन दिन पहले ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



जिले के आनंदपुर डूंगरिया गांव के रहने वाले 27 वर्षीय रविन्द्र मोर्य का शव शिप्रा नदी में मिला है। रविन्द्र पिछले तीन दिनों से लापता था। गुरुवार सुबह कुछ लोगों ने नदी में शव ऊपर हुआ देखा, जिसके बाद इसकी सूचना देवास और शिप्रा पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। जांच में मृतक की पहचान रविन्द्र मोर्य के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रविन्द्र तीन दिन पहले ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

### बाइक भी मिली

रविन्द्र के लापता होने पर परिवार ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और लगातार उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस को एक दिन पहले उसकी बाइक भी शिप्रा थाना क्षेत्र में लावारिस हालत में मिला था।

शव शिप्रा नदी के इंदौर जिले वाले हिस्से में मिला है, इसलिए पोस्टमार्टम के लिए शव को इंदौर भेजा गया है। पुलिस को आशंका है कि युवक ने नदी में छलांग लगाई होगी। हालांकि, मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में व्यापक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से न केवल कैंसर संभावित मरीजों की पहचान की गई, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उपस्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों और जिला अस्पताल में विशेष शिविर लगाए गए। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी जांच करवाने पहुंचे।



## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई पंचदिवसीय श्रीमद् भगवत वेद कथा

**कानड़।** नगर के माता जी रोड स्थित मांगलिक भवन में बुधवार से पंचदिवसीय श्रीमद् भगवत वेद कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा आयोजन समिति द्वारा आर्य वीर दल व्यायाम शाला से निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों–राजवाड़ा, बजरंग मोहल्ला, पीपल चौक, सदर बाजार, गोंदी चौराहा, स्वामी दयानंद मार्ग एवं पुराने बस स्टैंड से होते हुए कथा स्थल पहुंचा।कलश यात्रा में कथा वाचक पंडित प्रकाश आर्य (महू, इंदौर) एवं पंडित काशीराम आर्य (अनल) बग्गी पर सवार रहे, जिनका विभिन्न स्थानों पर पुष्पमालाओं एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। स्वागतकर्ताओं में राजवाड़ा चौराहे पर महेश सूर्यवंशी, बजरंग मोहल्ला में संदीप बैरागी व राजेश माली, पीपल चौक पर आनंद आर्य व अनिरुद्ध पालीवाल, सदर बाजार में पं. गोपाल त्रिवेदी, स्वामी दयानंद मार्ग पर, सिद्धनाथ चौधरी,संतोष शर्मा व अशोक सोलंकी, आर्य समाज मंदिर पर नरेंद्र नागर, मोहनलाल आर्य व जगदीश आर्य तथा पुराने बस स्टैंड पर मनोज कुमार गुप्ता शामिल रहे।संत शिरोमणि रविदास मंदिर चौराहा पर गौरीशंकर सूर्यवंशी ,बाबूलाल सूर्यवंशी,बाबूलाल मंडोर, विष्णु कुमरावत आदि ने स्वागत किया।झंडा चौक पर राजाराम, दुर्गाप्रसाद पेजवाल, सलमान खान ने स्वागत किया। वही माताजी रोड पर मनीष शर्मा व राजेश शर्मा ने भी स्वागत किया।

## पैरामेडिकल कालेज संचालक एसोसिएशन न किया डॉ. फौजदार का सम्मान

**सारंगपुर।** पैरामेडिकल एजुकेशन एण्ड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जो की पैरामेडिकल कालेज संचालको की मप्र शासन के द्वारा रजिस्टर्ड एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ संजय सिंह, अध्यक्ष संतोष सिंह बघेल, सचिव डॉ बलराज सिंह यादव कोषाध्यक्ष व विष्णुकान्त त्रिपाठी संयुक्त सचिव के द्वारा डॉ. अजय फौजदार एचओडी फिजियोथेरेपी डिपार्टमेन्ट सुभाश चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर को नेशनल कमीशन फॉर एलाईड एण्ड हेल्थ केयर प्रोफेशनल के द्वारा म.प्र का को-आर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर बधाई दी व सम्मानित किया गया। डॉ. अजय फौजदार मप्र के जाने माने फिजियोथेरेपिस्ट है व विगत कई वर्षा से सुभाश चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे है। डॉ. अजय फौजदार एक मिलनसार एवं प्रतिभाशाली चिकित्सक हैं। केंद्रीय शासन द्वारा संपूर्ण भारत मे पैरामेडिकल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान हेतू नेशनल कमीशन फॉर एलाईड एण्ड हेल्थ केयर प्रोफेशनल का गठन किया गया है।

## मोहम्मद मुदस्सिर बना मात्र 21 वर्ष की उम्र में पायलट

**सारंगपुर।** सारंगपुर के शासकीय शिक्षक मुबारिक मंसूरी के पुत्र मोहम्मद मुदस्सिर ने महजा 21 वर्ष की उम्र में 200 घंटे की उडान पूरी कर कमर्शियल पायलट के रुप में जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने अपनी शुरूआती पढाई सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल, सारंगपुर से पूरी की। छोटे शहर से निकलकर आसमान तक पहुँचने का यह सफर आसान नहीं था, लेकिन बचपन से ही विमानों और उडान के प्रति उनका गहरा लगाव था, जो धीरे-धीरे उनके जीवन का लक्ष्य बन गया। स्कूली शिक्षा के बाद वे कोटा गए, जहाँ उन्होंने जेईई की तैयारी शुरू की। बातचीत के दौरान कैप्टन मो. मुदस्सिर मंसूरी ने बताया कि उनका सपना हमेशा से पायलट बनने का था। कुछ समय बाद उन्होंने यह अहम फैसला लिया कि वे जेईई की तैयारी छोडकर एविएशन में अपना करियर बनाएंगे। इसके बाद उन्होंने डीजीसीए की सभी प्रतियोगी परीक्षाएँ एक ही प्रयास में सफलतापूर्वक पास कीं, जो उनके लिए एक बडा माइलस्टोन रहा और उनके आत्मविश्वास को नई उडान मिली।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुफद्दल मुल्थानवाला (MUFADDAL MULTHANWALA) पिता तुरब अली (TURAB ALEE) जाति बोहरा निवासी 109, सुभाष पथ बोहरा गली बड़नगर तह. बड़नगर जिला उज्जैन। पूर्व में मेरा नाम मुफद्दल (MUFADAL) पिता तुरब अली (TURAB ALEE) था। चूंकि अब मेरा नाम मुफद्दल मुत्थानवाला (MUFADDAL MULTHANWALA) पिता तुरब अली (TURAB ALEE) हो चुका है।

अतः मेरे सभी कागजों में वर्तमान में यही नाम लिखा हुआ है। अब मुझे मेरे सही नाम मुफद्दल मुत्थानवाला (MUFADDAL MULTHANWALA) के नाम से जाना जायें।

दिनांक - 05.02.2026

**मुफद्दल मुल्थानवाला पिता तुरब अली**
**निवासी 109, सुभाष पथ बोहरा गली बड़नगर (म.प्र.) 456771**
**मो. 9575527021**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 6 व 6/1/8 का भाग स्थित घटकरपर मार्ग, माधवनगर, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 1600 वर्गफीट है, उसके पूर्व दिशा मे पार्च बाद गली 40 फीट की, पश्चिम दिशा मे पोर्च व बाद 80 फीट चौडी सडक, उत्तर दिशा मे - इसी मकान का शेष भाग एवं दक्षिण दिशा मे - इसी मकान का शेष भाग है को नरेश भण्डारी पिता स्व. श्री कल्याणमलजी भण्डारी, निवासी 12, मून्दडा कालोनी, हीरामिल मार्ग, उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 05-02-2026

स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 94250 92749**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 6 व 6/1/8 का भाग स्थित घटकरपर मार्ग, माधवनगर, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 1600 वर्गफीट है, उसके पूर्व दिशा मे पार्च बाद गली 40 फीट की, पश्चिम दिशा मे -पोर्च व बाद 80 फीट चौडी सडक, उत्तर दिशा मे इसी मकान का शेष भाग एवं दक्षिण दिशा मे - मकान नरेश भण्डारी एवं श्वेता भण्डारी का है को नरेश भण्डारी पिता स्व. श्री कल्याणमलजी भण्डारी, निवासी 12, मून्दडा कालोनी, हीरामिल मार्ग, उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि 1 मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी।

इति दिनांक 05-02-2026 स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 94250 92749**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 6 व 6/1/8 का भाग स्थित घटकरपर मार्ग, माधवनगर, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2560 वर्गफीट है, उसके पूर्व दिशा मे पार्च बाद गली 40 फीट की, पश्चिम दिशा मे -पोर्च व बाद 80 फीट चौडी सडक, उत्तर दिशा मे गली 10 फीट की एवं दक्षिण दिशा में इसी मकान का शेष भाग है को नरेश भण्डारी पिता स्व. श्री कल्याणमलजी भण्डारी, निवासी 12, मून्दडा कालोनी, हीरामिल मार्ग, उज्जैन से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 05-02-2026 स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर : 94250 92749**

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन (मप्र)

**क्रमांक 569/री-1/2026** **उज्जैन दिनांक 0०3/02/26**
**प्रकरण क्र०-80/ अपील / 2025-26**

**अपील सूचना समंस आदेश नियम 1 और सीपीसी**

1. सुरेश पिता घीसाजी ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन

**अपीलार्थी**

1. बहादुर पिता घीसाजी
2. लीलाबाई पिता मदन
3. प्रभू पिता जग्गू
4. अम्बाराम पिता घीसा
5. गंगाबाई पिता भागीरथ
6. कलाबाई पिता भागीरथ
7. राजूबाई पिता भागीरथ
8. प्रेमबाई पिता भागीरथ
9. मदन पिता भागीरथ
10. मोहन पिता भागीरथ
11. रमेश पिता भागीरथ
12. सत्यनारायण पिता भागीरथ निवासीगण ग्राम तालोद तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.)---------**विरूद्ध**

आप अनावेदक के विरूद्ध आवेदकों के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार के प्रकरण क्रमांक 0150/अ-27/2023-24 आदेश दिनांक 07.05.2024 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 0031 / अपील / 2025-26 है।

उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनांक 19/02/2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदक उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियम दिनांक 19/02/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदक की अनुपस्थिति में आवेदक की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक का अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**अनुभाग उज्जैन**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने दुकानस्वामी श्रीमती कोमल जयसिंघानी पति श्री सुशीलकुमार जी निवासी- 6, यंत्रमहल मार्ग उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की एक दुकान क्रमांक 11 जो भवन नगर नगर पालिक निगम क्रमांक पुराना 15,153, 15/2 व 15/1 स्थित श्रीपाल मार्ग उज्जैन पर बने भवन शांता अपार्टमेन्ट के ग्राउण्ड फ्लोर में है, जिसका कुल क्षेत्रफल 10.57 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व में दुकान अन्य की पश्चिम में दुकान अन्य की उत्तर में- कामन पेसेज दक्षिण में मकान अकील अब्बास भाई का उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र कराया जाना बाकी है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति किसी भी बैंक, पेठी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 04-02-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर- 99260-68606**

### जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्री राजकुमार पिता शांतिलाल राठौर, लक्ष्मी पति राजकुमार राठौर, निवासीगण-सी-43, ऋषि नगर, उज्जैन एवं रशीद पटेल पिता गनी पटेल, निवासी-ग्राम दताना जिला उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक कृषि भूमि जिसका सर्वे नं. 411/2 रकबा 0.4300 हे. पटवारी हल्का नं. 00086 ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित हैं, के विक्रय करने में भेरूलाल पिता सिद्धु जी परमार, मोहन पिता सिद्धु जी परमार, सुगनबाई पति सिद्धु जी परमार, निवासीगण ग्राम चंदेसरी तहसील व जिला उज्जैन ने सहमति प्रदान की हैं को विक्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार से किया हैं तथा अग्रिम विक्रय मूल्य बयाने पेटे राशि अदा कर दी गई हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाउसिंग बोर्ड, उज्जैन विकास प्राधिकरण या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय को उक्त कृषि भूमि के विक्रय के संबंध में कोई आपत्ति हो तो मय लेखी प्रमाण जाहिर सूचना प्रकाशन की अवधि से 07 दिवस के भीतर संपर्क करे। अन्यथा बाद मियाद गुजरने बाद शेष राशि अदा कर विकय पत्र संपादित करवा लिया जावेगा, बाद कोई भी आपत्ति उज्ज मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक

**रितेश मीणा एडवोकेट**
**पता-5/5, काजीपुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827591910**

# चोरों ने कलेक्टर बंगले के पास से उडा ले गए बाइक

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

शहर में वाहन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे व्यस्ततम इलाकों और प्रशासनिक अधिकारियों के आवास के पास भी वारदात करने से नहीं हिचक रहे हैं। ताजा मामला शहर के स्टेशन रोड और टंकी चौराहा क्षेत्र का है, जहां चोरों ने दिनदहाड़े एक बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों की यह पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें वे पहले एक जगह चोरी का प्रयास करते और फिर दूसरी जगह वारदात करते नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार चोरों ने सबसे पहले स्टेशन रोड स्थित अग्रवाल किराना स्टोर के पास खड़ी एक बाइक को निशाना बनाया। फुटेज में दिख रहा है कि चोर करीब आधे घंटे तक उस बाइक का लॉक तोड़ने की कोशिश करते रहे। जब वे लॉक नहीं तोड़ पाए, तो वहां से निकल गए। इसके तुरंत बाद वे टंकी चौराहा पहुंचे। यहां चोरों ने कलेक्टर बंगले के पास खड़ी एक दूसरी बाइक का लॉक तोड़ा और उसे लेकर रफूचक्कर हो गए।

**बाहर निकली तो बाइक गायब**–इस मामले में फरियादी संदीप राजपूत (19) पुत्र ईश्वरसिंह राजपूत, निवासी आर.एस. कोल्ड स्टोर्स, मझानिया जोड़ ने कोतवाली थाने में



शिकायत दर्ज कराई है। संदीप टंकी चौराहा स्थित पाटीदार हार्डवेयर पर काम करता है। पुलिस को उसने बताया कि अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक बुधवार शाम करीब 4.30 बजे गोडाउन के सामने लॉक करके खड़ी की थी। जब शाम 7.30 बजे काम खत्म करके लौटा, तो बाइक वहां से नदारद थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक नहीं मिली, तो उसने सीसीटीवी देखे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और तलाश शुरू कर दी है।

## तमिलनाडु के मिनिस्टर बोले- उत्तर भारतीय यहां पानीपुरी बेचते हैं उन्हें सिर्फ हिंदी आती है

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने कहा कि उत्तर भारत से आए लोग सिर्फ हिंदी जानते हैं, इसलिए उन्हें अच्छी नौकरियां नहीं मिलतीं। वे तमिलनाडु आकर टेबल साफ करने, मजदूरी करने या पानी पूरी बेचने जैसे काम करते हैं। पन्नीरसेल्वम ने बुधवार को एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं। बीजेपी और दूसरी विपक्षी पार्टी नेता के इस बयान का विरोध कर रहे है। तमिलनाडु बीजेपी ने सोशल मीडिया पर पन्नीरसेल्वम की वीडियों शेयर करते हुए लिखा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा ने कहा- के कई नेता प्रवासी मजदूरों का, विशेषकर उत्तर भारतीय या हिंदी बोलने वालों का बार-बार मजाक उड़ा चुके हैं। ऐसे में जब तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है, इस तरह के बयान गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक हैं।

## रेलवे आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए

**नई दिल्ली।** संसदीय समिति ने मंगलवार को कहा RAC कैटेगरी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए यात्री से पूरा किराया लेना सही नहीं है। समिति ने रेल मंत्रालय को सुझाव दिया कि रेल मंत्रालय को ऐसे यात्री को आंशिक किराया वापस करने के लिए नियम बनाना चाहिए। मौजूदा नियम के तहत, रेलवे RAC कैटेगरी के तहत ट्रेनों में बर्थ बुक करने के लिए यात्री से पूरा किराया लेता है। हालांकि, यात्री RAC कैटेगरी में रह सकता है और बर्थ दूसरे RAC यात्री के साथ साझा कर सकता है। दोनों यात्री रेलवे को पूरा किराया देते हैं। वहीं, सुपरफास्ट ट्रेनों को कैटेगराइज करने के लिए समिति ने कहा कि इसके लिए 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार का बेंचमार्क बेहद कम है। समिति ने कहा कि 2007 से सुपरफास्ट ट्रेनों के कैटेगराइजेशन के नियमों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अभी 55 किमी/घंटे की रफ्तार वाली ट्रेनें सुपरफास्ट मानी जाती हैं।

## बंगाल में 21-40 की उम्र के बेरोजगारों को 1500 मिलेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 21-40 वर्ष की आयु वर्ग के बेरोजगार लोगों को 1,500 रुपए का मासिक भत्ता दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में दोबारा आती है ते यह योजना 15 अगस्त से शुरू की जाएगी। सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले में डियरनेस अलाउंस में भी 4 की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत भी 500 रुपए बढ़ाए गए हैं। इसमें अभी तक सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1,000 रुपए और SC/ST महिलाओं को 1,200 रुपए दिए जाते थे। पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में 2026-27 वित्तीय वर्ष के लिए 4.06 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया। राज्य में तीन महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## राज्यसभा में पीएम बोले-कांग्रेस के वक्त डील यानी बोफोर्स घोटाला

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। स्पीच के दौरान विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। विपक्षी नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दिया जाए, तानाशाही नहीं चलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खड़गेजी की उम्र देखते हुए उन्हें बैठकर नारे लगाने की इजाजत दी जाए। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। प्रधानमंत्री ने एक घंटा 27 मिनट भाषण दिया। मोदी ने कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो मोदी की कब्र खोदने की बात करते हैं। ये सार्वजनिक जीवन की मर्यादा का अपमान नहीं है। पीएम बोले- टीएमसी, कांग्रेस, लेफ्ट, डीएमके दशकों से केंद्र में सत्ता का हिस्सा रहे। उनकी पहचान क्या बनी, उनके वक्त डील के नाम पर बोफोर्स याद आता है। आज डील की चर्चा गौरव से होती है।

## कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स को आउटसोर्स करने पर हाईकोर्ट की रोक

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में पोस्टेड कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स को आउटसोर्स व्यवस्था में लाने के फैसले पर हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने सरकार, लोक शिक्षण संचालनालय और समग्र शिक्षा अभियान को नोटिस जारी किया है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगला प्रभावी आदेश आने तक वर्तमान व्यवस्था जारी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी। मंडला निवासी अरजीत नामदेव सहित 118 शिक्षकों ने याचिका दायर कर बताया कि वे लंबे समय से सरकारी स्कूलों में संविदा के रूप में कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर की सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश के करीब 92 हजार सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक व्यवस्था के तहत मेरिट के आधार पर उनकी नियुक्ति हुई थी। याचिका में कहा गया है कि एकेडमिक सेशन 2025-26 के बीच अचानक आदेश जारी कर सरकार ने भर्ती में ड़बडियों का हवाला दिया। कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर्स की सेवाओं को आउटसोर्सिंग में लाने का निर्णय लिया, जिससे हजारों शिक्षकों का भविष्य खतरे में पड़ गया।

## बाबा रामदेव संग शीर्षासन करते दिखे सीएम डॉ. मोहन यादव

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरिद्वार में योगगुरु बाबा रामदेव के साथ गुरुवार को योग पर कदमताल किए। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरु रामदेव के साथ शीर्षासन के साथ योग के अन्य आसन भी किए। इस दौरान उन्होंने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, संतुलित और ऊर्जावान जीवन की ओर कदम बढ़ाने के लिए कहा। दूसरी ओर दिल्ली में रुके बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आज एमपी के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के साथ भोज पर एमपी के विकास को लेकर चर्चा की।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने माना शाजापुर पुलिस का लोहा, 12 को अति उत्कृष्ट और उत्कृष्ट सेवा पदक

**शाजापुर।** खाकी के सम्मान में शाजापुर पुलिस के नाम एक सुनहरी उपलब्धि जुड़ गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शाजापुर जिले के 12 पुलिसकर्मियों को उनकी वर्षों की निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के लिए देश के प्रतिष्ठित सेवा पदक से सम्मानित किया है। पूरे उज्जैन संभाग में शाजापुर इकलौता ऐसा जिला बनकर उभरा है, जिसकी झोली में सबसे ज्यादा 12 पदक गिरे हैं।

**7 को अति उत्कृष्ट और 5 को उत्कृष्ट सम्मान-** भारत सरकार के राजपत्र के मानकों पर खरा उतरते हुए जिले के सात जांबाजों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक दिया गया है। इनमें का. उनि प्रकाश विभूते, का. सउनि हीरालाल, का. सउनि तृप्ती चव्हाण, का. प्रआ विकास तिवारी, का. प्रआ मनोज कुमार राठौर, का. प्रआ हरिसिंह और का. प्रआ रमेशचंद्र शामिल हैं। वहीं, बेहतर सेवा



रिकॉर्ड के लिए पांच अन्य पुलिसकर्मियोंक् का. उनि (अ) मनीषा जाधव, का. प्रआ रजत सौराष्ट्रीय, का. प्रआ राकेश राठौर, का. प्रआ सुधीर यादव और का. प्रआ दीपक शर्मा को उत्कृष्ट सेवा पदक से नवाजा गया है।

**एसपी की मेहनत लाई रंग**-उक्त पुलिसकर्मियों की मेहनत को दिल्ली तक पहुंचाने में पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत की अहम भूमिका रही। उन्होंने स्वयं इन पुलिसकर्मियों के कार्यों की बारिकी से समीक्षा कर उनके नामों की अनुशंसा गृह मंत्रालय को भेजी थी। एसपी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान हमारे जवानों के पसीने और उनकी ईमानदारी का प्रतिफल है। इससे पूरी फोर्स का मनोबल बढ़ेगा।

## जामनेर में कल भव्य प्राण प्रतिष्ठा व 19वां सुंदरकांड

**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर के समस्त मंदिरों में चल रहे 21 सुंदरकांड के पावन संकल्प के अंतर्गत 19वां सुंदरकांड कार्यक्रम शुक्रवार 6 फरवरी को गुजरातीपूरा स्थित श्री बाबा रामदेवजी महाराज मंदिर में श्रद्धा व भक्ति के साथ आयोजित होगा। संकल्पकर्ता एडवोकेट अमित मालवीय ने बताया कि प्रात: वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डाला बाई, सुगना बाई एवं भाटी जी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा ज्योतिषाचार्य पं. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा विधि-विधान से कराई जाएगी। रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ होगा। भजन गायक हुकमसिंह गुर्जर सहित अन्य कलाकार भजन प्रस्तुति देंगे। सुंदरकांड मंडली द्वारा कराया जाएगा।

## किस्त विवाद में दो भाईयों पर जानलेवा हमला

**शुजालपुर।** वाहन की किस्त बकाया को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर पत्थर से हमला कर घायल करने और उसके भाई पर चाकू से वार करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों पर मारपीट कर दूध के रुपए छीनकर ले जाने का आरोप लगाया है। मंडावर निवासी संजय सिंह राजपूत 27 वर्ष ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 5 फरवरी को अपने भाई श्रीपाल के साथ मोटरसाइकिल से शुजालपुर बस स्टैंड के सामने स्थित मां भवानी दूध डेयरी से हिसाब के रुपए लेकर गांव लौट रहा था। दोपहर करीब 12 बजे पचोर रोड दरगाह के सामने पंकज परमार की एजेंसी से जुड़े लोग विजेंद्र, अमन, अंकित सिसोदिया व लल्ला लववंशी ने उसे रोक लिया और किस्त बकाया होने की बात कहकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विवाद के दौरान विजेंद्र ने पत्थर से संजय के सिर पर वार किया, जिससे वह घायल हो गया। इसी दौरान मौके पर पहुंचे चेतन, पंकज परमार व योगेश ने भी मारपीट की। आरोप है कि चेतन ने संजय के भाई श्रीपाल की पीठ पर चाकू से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के अनुसार मारपीट के बाद आरोपी दूध के रुपए छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय विजय सिंह व अजय सिंह ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने संजय की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उपनिरीक्षक पुलिस एनिम टोप्पो ने बताया कि किसी भी वाहन की किस्त बकाया होने पर सिजिंग की कार्यवाही के लिए संबंधित वसूलीकर्ता को पुलिस थाने को सूचना देना चाहिए और सिजिंग के बाद भी सूचना दी जाना चाहिए, हालांकि थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की सिजिंग की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

## नि: शुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन रविवार को

**आगर मालवा।** लायन्स क्लब आगर शताब्दी के सहयोग से सेवासदन नेत्र चिकित्सालय बेरागढ़ द्वारा नि: शुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिन्द ओपरेशन शिविर का आयोजन रविवार दिनांक 8 फ़रवरी को स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला छावनी आगर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे किया जावेगा। लायंस क्लब चार्टर अध्यक्ष सतीश मित्तल एवं क्लब के अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने बताया की सेवासदन बेरागढ़ की चिकित्सको की टीम द्वारा मोतियाबिंद ओपरेशन हेतु मरीजो का चयन किया जावेगा। सभी मरीजो को बस द्वारा सेवासदन अस्पताल ले जाया जायेगा। वहां पर अस्पताल द्वारा जांच, ओपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण, काला चश्मा, दवाइया, आवास एवं भोजन की सुविधा नि: शुल्क रहेगी।

ओपरेशन के पश्चात् सभी मरीजो को अग्रवाल धर्मशाला छावनी में छोड़ा जावेगा। जिनकी पुन: जांच सात दिनों बाद धर्मशाला में ही होगी। लायंस क्लब की मीटिंग में इस अवसर पर अभय जैन कांट्रेक्टर, पारस जैन नमस्ते, शिवसहाय सक्सेना, राजेश बागडी, संजीव बंसल, सुरेश अग्रवाल, राजू जायसवाल, रवि शर्मा, डॉ. घनश्याम शर्मा, सुधीर भाई जैन, अजय माली, अविनाश मित्तल, योगेश गर्ग, राजेश झाला, सजन सिंदशिविरल, कमल प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## पुलिस की बड़ी कामयाबी, सूने मकान को निशाना बनाने वाले ताला तोड़ दबोचे

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

मोहन बड़ोदिया क्षेत्र में सूने मकान की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वारदात के कुछ ही दिनों के भीतर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी गए चांदी के आभूषण, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार घटना जुना हाट क्षेत्र की है। फरियादी अब्दुल वहीद अंसारी ने पुलिस को बताया था कि वह संतरे और प्याज-लहसुन का व्यवसाय करते हैं। 28 जनवरी 2026 को वह अपने परिवार के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने उज्जैन गए थे, घर पर ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने घर और अलमारी (गोदरेज) के ताले तोड़कर वहां रखे 10,000 रुपये नकद और चांदी के कीमती जेवर पायल, बिछुड़ी, पैर की पट्टी पार कर दिए थे। घटना का खुलासा 2 फरवरी को घर लौटने पर हुआ। मामले में प्रकरण दर्ज कराया गया। सूने घर में हुई इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के निर्देशन में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल ने विशेष टीम गठित की। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही पीरूशाह निवासी ज्योति नगर शाजापुर को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी रेहान के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी का माल छिपाने में मदद करने वाले तीसरे आरोपी इमरान पठान को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चांदी के आभूषण एवं 5,200 नकद कुल कीमत 45,200 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत 30,000 रूपये बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार तीनों आरोपी शातिर और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। इनके विरुद्ध शाजापुर और आसपास के थानों में चोरी व मारपीट के कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस रिमांड के दौरान इनसे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-** चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल के नेतृत्व में सउनि सुभाष पटेल, सउनि विजय सिंह, प्रआर. जगदीश दांगी, प्रआर. हेमेन्द्र जादौन, आरक्षक सुरेश राठौर, आर. अनिल सेन, आर. जीवन सिंह, आर. कपील यादव, चालक विष्णु दांगी एवं महिला आरक्षक कीर्ति मण्डोत की विशेष भूमिका रही।

## खेत पर गया था पति, घर में घुसकर युवक ने विवाहिता से किया दुष्कर्म

**शाजापुर।** जिले के बेरछा थाना क्षेत्र में देर रात एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पति की गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना बुधवार रात करीब 12.30 बजे की है। 22 वर्षीय पीड़िता अपने दो साल के बेटे के साथ घर पर अकेली थी, जबकि उसका पति खेत पर फसल में पानी देने गया हुआ था। इसी दौरान दरवाजे पर दस्तक हुई। पीड़िता ने पति के लौटने की आहट समझकर दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खुलते ही आरोपी जगदीश पिता गोकुल गुर्जर जबरन घर में दाखिल हो गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने घर में घुसते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। सुबह पति के खेत से लौटने पर पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे थाने पहुंचे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## राह चलते मोबाइल पर बात करना पड़ सकता है भारी

**शाजापुर।** सड़क पर चलते या वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना न केवल दुर्घटना का कारण बन सकता है, बल्कि अब लुटेरों की नजर भी ऐसे ही लोगों पर है। बुधवार शाम बरवाल घाटी इलाके में ऐसा ही एक वाकया हुआ, जहां मां से फोन पर बात कर रहे एक छात्र का मोबाइल बाइक सवार बदमाश छीन ले गए। टुकराना जोड़ निवासी अंकित विश्वकर्मा के साथ यह वारदात तब हुई जब वह शाम 6.30 बजे घर लौट रहा था, तभी पल्सर सवार दो बदमाश जिन्होंने पहचान छिपाने के लिए सफेद कपड़ा बांधा था आए और इस वारदात को अंजाम दिया। मोबाइल की कीमत करीब 10,500 रुपये है। अंकित अपनी मां के साथ थाने पहुंचा। कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। अंकित ने बताया कि उसने आरोपियों का पनवाड़ी तक पीछा किया, लेकिन वह फरार हो गए।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मांगे रुपए

**शाजापुर।** सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में अनजान दोस्ती कब असली दुश्मन बन जाए, इसका एक खौफनाक उदाहरण शाजापुर में सामने आया है। इंस्टाग्राम पर एक हाय-हेलो से शुरू हुई बातचीत ने एक युवती और उसके पूरे परिवार को मानसिक प्रताड़ना के जाल में फंसा दिया।

## मध्य प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग, एनएसयूआई ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने मध्य प्रदेश में लंबे समय से बंद पड़े छात्र संघ चुनावों को पुन: शुरू करवाने के लिए अपनी आवाज बुलंद कर दी है। इसी क्रम में गुरूवार को शाजापुर इकाई ने जिला कलेक्टर के माध्यम से शासन को ज्ञापन प्रेषित किया। एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष कबीर कुरैशी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार नाहिद अंजुम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि प्रदेश में कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण विद्यार्थी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। संगठन का कहना है कि छात्र संघ चुनाव युवाओं में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतंत्र की समझ विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा हाल ही में एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया था, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपना समर्थन दिया। संगठन ने मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किए जाएं। ज्ञापन देते समय बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सैनानी की पूण्य तिथि आज

**शुजालपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंदराम सोनानिया की 13 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके गृह ग्राम अरनियाकलां में समाधि स्थल पर प्रतिभाओं का सम्मान एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सोनानिया ने बताया कि 6 फरवरी को सुबह 9 बजे श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।


## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पंकज सोनी पिता श्री रामचन्द्र सोनी निवासी ग्राम चन्द्रावतीगंज तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) ने संजय पिता श्री दुलेसिंह व अर्जुन पिता श्री रामेश्वर निवासीगण ग्राम बामनखेड़ी तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 1207/1/1 रकबा 0.060 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 1209/1 रकबा 0.070 हेक्टर, सर्वे नंबर 1207/1/3 रकबा 0. 140 हेक्टर, सर्वे नंबर 1207/1/2 रकबा 0.140 हेक्टर कुल किता 3 रकबा 0.410 हेक्टर स्थित ग्राम टकवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत्त विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक 05/02/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.) बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार रितू जैन पति सुनिल जैन निवासी 233, गौतम मार्ग उज्जैन म.प्र ने मुन्नीबाई पति स्व कैवलचंद निवासी 234. गौतम मार्ग नायपुरा नामदारपुरा उज्जैन म.प्र से एक भवन क 234 एवं पूराना नंबर 193 है वार्ड क्र 9 गौतम मार्ग नयापुरा में स्थित होकर मेरी पक्षकार द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 733.64 वर्गफीट है। उक्त भवन भवन संपूर्ण हवाई हक सहित समस्त सुखाधिकार सहित क्रय किया जा रहा है। उपरोक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था वित्तीय निकाय बैंक पेडी समूह शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का ऋण लिया हो अथवा उक्त भवन का अन्य किसी का स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, भोज, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिन से अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भवन के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भवन स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित होवे।

सो सूचित होवे। इति दिनांक 5.02.2026

**ओमप्रकाश पाठक**
**157, अकंपात मार्ग उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9302203030**

## // जाहिर सूचना//

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भवन क्रमांक ए-15 का दक्षिण दिशा वाला भाग अशोक विहार सेठी नगर के पास उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 72.49 वर्गमीटर है। उपरोक्त संपत्ति श्रीमती कलाबाई परमार पति श्री अंबारामजी परमार से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी IGR18842025ए100967342 दिनांक 28-10-2025 के माध्यम से डॉ. अभिमन्यु भार्गव पिता स्व श्री मुकुल भार्गव को विधिवत प्राप्त हुई है। उपरोक्त सम्पत्ति पर डॉ अभिमन्यु भार्गव पिता स्व श्री मुकुल भार्गव द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अंत सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, यद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अत: सूचित हो। इति दिनांक 05/02/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

न्यूज-कॉलम

## सैलाना में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रतलाम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में 5 फरवरी को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक सैलाना के बी एम ओ डॉ शैलेश द्वारा महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया । इस दौरान 8 से 10 मरीज को जिनके पंजे में कमजोरी, उंगलियों में कमजोरी, आंख बंद करने में परेशानी, शरीर पर दाग एवं शुनयापन, शरीर पर हल्के चमकदार दाग में लालपन, सूजन तंत्रिकाओं में मोटापा, दर्द अथवा झनझनाहट की समस्या उसका निराकरण एवं दवाइयां से रोगी द्वारा निशुल्क एम डी टी दवाइयो का प्रभाव एवं मल्टी बैसीलरी एवं पेसि बैसीलरी मरीज को प्रतिदिन किए जाने वाले व्यायाम के बारे मे श्रीमती प्रियंका द्वारा बताया गया। इस दौरान बी ई ई कैलाश यादव, मुकेश खांगुडा, कलम डावर, लैब टेक्नीशियन विजय सोनी आदि उपस्थित थें। आभार नॉन मेडिकल अस्सिटेंट सुपरवाइजर सूरज सिंह डोडियार द्वारा माना गया।

## एमएसएमई क्रेडिट कैंप 7 फरवरी होगा

**रतलाम।** कृषि उपज मंडी, अरनिया पीठा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ७ फरवरी को एमएसएमई क्रेडिट कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप की अध्यक्षता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख श्री धीरज गोयल करेंगे। कैंप में क्षेत्र के एमएसएमई उद्यमियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न व्यापार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न सेंट्रल बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, एसडीएम जावरा, मंडी सीईओ श्री आर. वासुनिया, रतलाम क्षेत्रीय प्रमुख श्री संतोष कुमार तथा लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री मोहन लाल मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कैंप क्षेत्र के उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जहरीली शराब प्रकरण में आरोपी नवीन की जमानत निरस्त

**रतलाम।** 10 लीटर की केन में यूरिया से बनी हाथ भट्टी की तेज गंध वाली कच्ची शराब नवीन पिता जगदीश कंजर के कब्जे से जब्त की गई। एफएसएल रिपोर्ट में शराब जहरीले साबित हुई।।जहरीली शराब अपराध में आरोपी नवीन की जमानत निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार 24 सितंबर 2025 को थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा पर मुखबिर सूचना के आधार पर उखेडिया केरवासा कच्चा रास्ता (खदान के पास) से आरोपी नवीन पिता जगदीश कंजर, (21) निवासी ग्राम उखेडिया के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की 10 लीटर की केन में यूरिया से बनी हाथ भट्टी की तेज गंध वाली कच्ची शराब जप्त की गई। जब्त शराब को आर्टिकल॰ एवं सैंपल॰1 के रूप में सील किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा पर अपराध क्रमांक 514/24 सितंबर 25 धारा 49(क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवक की मौत

**मन्दसौर।** स्थानीय लालघाटी रोड़ पर एक कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार की बुधवार की शाम कार नं. एमपी 14 सीसी 2034 के चालक ने कार को लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार सागर पिता अंबालाल व दक्ष पिता अर्जुन सिंह की घटना में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शांति समिति की बैठक 7 फरवरी को

**रतलाम।** अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी दिवस में आने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक 7 फरवरी को सायं 4 बजे से न्यू पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 9977755777

# अरिहंत महाविद्यालय, रतलाम में तीन दिवसीय कुरुक्षेत्र खेल महोत्सव का भव्य एवं सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



अरिहंत महाविद्यालय, रतलाम में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव कुरुक्षेत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रबंधन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेयर रेस, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, दौड़, रस्साकशी सहित अनेक खेल गतिविधियाँ शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे जोश, ऊर्जा और खेल भावना के साथ भाग लिया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, वहीं टेबल टेनिस और बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स स्पधाओं में विद्यार्थियों की गति, संतुलन और शक्ति देखने योग्य रही। चेयर रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में खेल उत्सव जैसा माहौल बना रहा। शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थी लगातार खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित ढंग से की गईं, जिससे प्रतियोगिताएँ सुचारु रूप से संपन्न हुईं।

समापन समारोह में उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और संबोधन में कहा कि कुरुक्षेत्र जैसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रति स्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सहयोग की भावना को भी विकसित करते हैं। तीन दिवसीय खेल महोत्सव कुरुक्षेत्र न केवल एक खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए सीख, प्रेरणा और मनोरंजन का अनूठा संगम साबित हुआ, जिसे सभी प्रतिभागी लंबे समय तक याद रखेंगे।

## ग्रामीणों और पुलिस टीम पर फायर करने वाले लुटेरों कंजरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले के आलोट थाना क्षेत्र अंतर्गत दो वर्ष पूर्व पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते समय ग्रामीण पर फायर करने और पिछले वर्ष पुलिस टीम के ऊपर फायर करने वाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से लोहे का एक देसी कट्टा भी बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर दो वर्ष पुर्व भोजाखेडी मगरे स्थित पेट्रोल पंप पर लूट डकेती की योजना बनाते समय ग्रामीणजनो के पहुचने पर उनके उपर फायर करने वाले व पिछले वर्ष ताजली रोड स्थित खेत पर पुलिस के उपर फायर करने वाले फरार आरोपी कालु उर्फ शम्भु पिता हडमत कंजर 32 वर्षीय निवासी अरनिया थाना उन्हेल नागेश्वर जिला झालावाड राजस्थान को पकडने मे सफलता मिली है। आरोपी कालु से पुछताछ करने पर बताया कि घटना 26.10.2025 को रात्री के समय अपने अन्य कंजर साथी बलवंत पिता विक्रम कंजर निवासी अरनिया के साथ ताजली रोड पर लखन दमामी निवासी बर्डिया राठौर के साथ बैठकर बातचीत करते समय व चोरी की वारदात करने से पुर्व पुलिस के आने पर उनके उपर देशी कट्टे से फायर करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी लखन दमामी निवासी बर्डिया राठौर को भी गिरफ्तार किया गया है।

## स्वदेशी मेले की तैयारियों को लेकर मालवा प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत ने दिया मार्गदर्शन

**मन्दसौर।** स्वदेशी जागरण मंच के मालवा प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत का मंदसौर प्रवास संपन्न हुआ। इस प्रवास के दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यकताओं से भेंट की और महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। श्री रावत ने कार्यकताओं के साथ स्वदेशी मेले की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की और आयोजन को भव्य बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही आगामी संगठनात्मक विस्तार और कार्ययोजना को लेकर भी कार्यकताओं के साथ विस्तृत योजना बनाई गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में आत्मनिर्भरता का मार्ग स्वदेशी से ही होकर गुजरता है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह घर-घर तक स्वदेशी का विचार पहुंचाए। विभाग सह संयोजक अंकुश पालीवाल ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर जिला संयोजक दिलीप चौधरी, वरिष्ठ आयाम प्रमुख संजय नीमा, युवा आयाम प्रमुख अभिजीत सिंह चौहान, आशीष त्रिवेदी, शुभम दुबे, दीपक पोरवाल आदि उपस्थित रहे।

## साक्षरता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पिपलिया मंडी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय पिपलिया मंडी में साक्षरता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए साक्षरता क्लब प्रभारी प्रीति गिरवाल ने बताया कि यह नाटक इस बात पर प्रकाश डालता है कि शिक्षा किस प्रकार गरीबी, शोषण और अंधविश्वास के अदृश्य पिंजरों को तोड़कर व्यक्ति को प्रश्न पूछने, सही चुनाव करने तथा आगे बढ़ने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। इस प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि साक्षरता जीवन की यात्रा का पहला कदम है। यह पढ़ने, लिखने और समझने की मूलभूत क्षमता है। साक्षरता केवल एक स्कूली विषय नहीं है, बल्कि यह मानवीय गरिमा का आधार है तथा आधुनिक दुनिया में जीवित रहने का एक महत्वपूर्ण कौशल है। इस नाटिका में छात्र नीलेश, पल्लवी एवं प्रतीक ने सहभागिता की। अंत में कार्यक्रम संयोजक द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## विकसित भारत का संकल्प है केंद्रीय बजट, म.प्र. के विकास को मिलेगी नई रफ्तार- यशपाल सिंह सिसौदिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2026-27 के मुख्य बिंदुओं को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने इस बजट को च्विकसित भारत का विजन डॉक्यूमेंट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के सशक्तिकरण के साथ प्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। यह बजट आने वाले 10-20 वर्षों के भारत की दिशा तय करने वाला सर्वस्पर्शी दस्तावेज है।

श्री सिसौदिया ने कहा कि बजट में 200 लेगेसी इंडस्ट्रियल क्लस्टर्स के पुनर्जीवन की योजना है, जिससे प्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों में नया निवेश आएगा। उन्होंने धार में पीएम मित्र पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार वस्त्र उद्योग के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा बजट में 15 प्रतिशत की वृद्धि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने कि सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश बढ़ाकर 40 हजार करोड़ किया गया है। वहीं बायोफार्म शक्ति योजना और सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से मध्यप्रदेश में हाई-टेक उद्योगों, डिजिटल निवेश और फार्मा स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा। बजट में लखपति दीदी योजना का विस्तार और देश के प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास की स्थापना का प्रावधान नारी शक्ति को आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा।

श्री सिसौदिया ने कहा कि केन्द्रीय बजट में युवाओं के लिए भी अवसर दिये गये है, 15 हजार स्कूलों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना और टूरिस्ट गाइड के रूप में 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षित करने की योजना रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी। साथ ही बजट में स्वास्थ्य में बड़ी राहत देते हुए कैंसर की 17 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य की गई है। जिला अस्पतालों में ट्रामा सेंटर और हेल्थ टूरिज्म पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर, नानालाल अटोलिया, शिवराजसिंह घटावदा, विजय सुराना, निलेश जैन भी उपस्थित थे।

## किसानों के साथ कांग्रेसजनों ने नारेबाजी कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

क्षेत्र में शनिवार को ओलावृष्टि व तेज बारिश से अफीम,सहित गेंहू,चना, रायड़ा, लहसुन, मेथी, चिया, ईसबगोल, सहित अन्य फसले पूरी तरह नष्ट होगई है।कांग्रेस लगातार आंदोलन कर बिना सर्वे के मुआवजे की मांग कर रही है।गुरुवार को किसानों के साथ प्रदेश कांग्रेस के सचिव एवं क्षेत्र से विधानसभा उम्मीदवार रहे परशुराम सिसौदिया के नेतृत्व में केंद्रीय वित्तमंत्री एवं राज्यपाल के नाम गाडगिल चौराहे से रैली निकालकर अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी को नारेबाजी कर ज्ञापन सौपे। इस मौके पर कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि बुधवार को क्षेत्र में ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में खेतों में जाकर क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश जी देवड़ा ने क्षतिग्रस्त फसलों को देखा और कहा कि संकट के इस समय मे सरकार आपके साथ खड़ी है देवड़ा जी आप प्रदेश के वित्तमंत्री है खजाने की चाबी आपके पास है पीड़ित किसानों के साथ तो कांग्रेस खड़ी है आप ने तो स्वयं क्षतिग्रस्त फसलों को अपनी आंखों से देखा है तो अब किस बात का सर्वे अगर आप किसानों के हितैषी है तो बिना सर्वे के किसानों का जितना नुकसान हुवा है उतना ही मुआवजा बिना सर्वे के कमलनाथ जी की सरकार ने 2019 में दिया था उसी प्रकार आप भी किसानों के संकट के समय पर्याप्त मुआवजा दो।सिसौदिया ने यह भी कहा कि किसानों को जब तक मुआवजा नही मिल जाता तब तक कांग्रेस किसान हित की लड़ाई को लगातार आंदोलनों,धरनो,ज्ञापनों के माध्यम से किसानों की लड़ाई लड़ेगी ओर उन्हें न्याय दिलाकर ही रहेगी।

## तम्बोली समाज की धर्मशाला भूमिपूजन समारोह में माणक मोदी सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



पवित्र तीर्थ नगरी औंकारेश्वर में संयुक्त तम्बोली समाज धर्मशाला का शनिवार को भूमिपूजन मुख्य अतिथि सकल तम्बोली समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश लख्खुलाल चौरसिया व 108 महामण्डलेश्वर श्री सच्चिदानंदजी महाराज, अन्नपूर्णा आश्रम औंकारेश्वर के सानिध्य में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। उज्जैन डीएसपी राकेश मोदी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

गरिमामय कार्यक्रम में दिव्यांग सेवा के क्षेत्र में कार्य करने एवं समाज की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए नीमच जिले के रामपुरा नवजीवन संस्था के अध्यक्ष वरिश्ठ समाजसेवी माणक मोदी को वरिष्ठ समाज सदस्यों द्वारा समाज रत्न से सम्मानित किया गया। कुकडेश्वर से प्यारचंद चंदेल, महेश मोनु मोदी व टीम, डालूराम तोडावाल, ओमप्रकाश भानपिया, जगदीश मणिराम भानपिया, प्रहलाद बैरा को भी समाज रत्न से सम्मानित किया गया।

अध्यक्ष संतोश कपूरचंद कुमरावत खण्डवा व राष्ट्रीय सचिव धीरेन्द्र घनश्याम पटेल, इन्दौर हाईकोर्ट एडवोकेट ने श्रीमती पार्वती माणक मोदी नीमच के कार्यो की विशेष सराहना की और राष्ट्र और प्रांत में हरसंभव सेवा कार्य को बढाने और सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि चेयरमेन पाठ्यपुस्तक स्थाई समिति राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल भागीरथ कुमरावत, महिला अध्यक्ष बारी संघ महाराष्ट्र जलगांव मंगला ताई, अ.भा.तम्बोली समाज महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयसिंह यदुवंशी, म.प्र.अध्यक्ष संतोष कपूरजी कुमरावत, खण्डवा, संयुक्त तम्बोली समाज राष्ट्रीय सचिव विरेन्द्र घनश्याम पटेल, सकल तम्बोली समाज राष्ट्रीय सहसचिव सुमन चौरसिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों सहित मुम्बई, जलगांव, बडवाह, सनावद, इन्दौर, भोपाल, टाण्डा बरूर, सिमरोल, बालगढ, भानपुरा, रामपुरा, आलोट, जावरा, कोटा, खरगोन, सिवनी मालवा, हरदा, खण्डवा, मण्डलेश्वर, कुकडेश्वर, नीमच, पडदा, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन से बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय कबड्डी में राजेन्द्र यादव की कप्तानी में म.प्र.टीम ने जड़ी स्वर्णपदकों की हैट्रिक

**मन्दसौर।** पुणे में आयोजित 8वीं राष्ट्रीय मास्टर्स गेम्स कबड्डी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर जीत की हैट्रिक पूरी की। मध्यप्रदेश कबड्डी टीम ने अपनी एकजुटता और रणनीतिक कौशल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर वर्चस्व कायम रखा है। इसके पूर्व टीम 2024 में गोवा में प्रथम स्वर्ण पदक व 2025 में धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुकी है। पुनः इस बार हेट्रीक लगाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। मन्दसौर के श्री राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में टीम ने पुणे की मिट्टी पर विरोधी टीमों को चारों खाने चित कर दिया। व्यक्तिगत उपलब्धियों में राजेन्द्र यादव को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ कैचर चुना गया, वहीं इंदौर के विपिन जोशी (सेल टैक्स विभाग) ने अपने आक्रामक खेल से सर्वश्रेष्ठ रेडर का खिताब अपने नाम किया। कोच श्रवण यादव और सचिव अमानत खान के मार्गदर्शन में टीम ने मैदान संभाला। टीम में महेंद्र गौड़, दुर्लभराम खटोलिया, देवकीनंदन गौड़, सुनील ठाकुर, विजयनाथ योगी, ओमप्रकाश बेड़ा, मन्नालाल बिन्दोरिया, रामप्रकाश गौतम और नारायणसिंह गहलोत जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों का तालमेल दिखाई दिया।

## गौवंश का कटे अवशेष मिलने से हिन्दू संगठनों ने किया चक्काजाम



**मन्दसौर।** गुरूवार को स्थानीय जीवागंज में गौवंश के कटा हुआ सिर व अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तथा नयापुरा रोड़ स्थित माहेश्वरी धर्मशाला के सामने मिले गौवंश के अवशेष रखकर चक्काजाम कर दिया। कुछ आक्रोशित लोगों ने निकलकर नयापुरा से शुक्ला चौक तक दुकाने भी बंद कराई। हालांकि कुछ देर बार दुकाने फिर खुल गई। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार की दोपहर में जीवागंज क्षेत्र में मंजू श्री साड़ी सेंटर के पास गौवंश के अवशेष मिला। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और समाजजन बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और चक्का जाम कर सड़क पर बैठ गए। इसके चलते नयापुरा रोड पर आवागमन ठप्प रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अमला तुरंत मौके पर पहुंचा। एएसपी तेर सिंह बघेल सहित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्यकताओं से चर्चा कर चक्काजाम हटवाया। प्रदर्शनकारी दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की।उल्लेखनीय है कि विगत 23 जनवरी को भी मंदसौर के समीप ग्राम हैदरवास में भी गोवंश के अवशेष मिले थे। 13 दिन बाद पुनः इस तरह की घटना सामने आई।

## भाजपा पार्षद की तीसरी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी

**मन्दसौर।** गुरुवार शाम स्थानीय अभिनंदन क्षेत्र में भाजपा पार्षद शाहिद मेव की पत्नी पर बाइक सवार युवक ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरूवार की शाम लगभग 5.30 बजे अभिनंदन क्षेत्र में मंदसौर के वार्ड क्र. 15 के पार्षद शाहिद मेव की पत्नी रुबीना पर ऑटो में बैठते समय बाइक पर सवार दो युवकों में से एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया। हमला करने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि इस वारदात के पीछे पारिवारिक विवाद है। पुलिस ने पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल रुबीना को उपचार हेतु हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है व आरोपी की तलाश में जूट गई है। बताया जा रहा है कि रुबीना पार्षद शाहिद मेव की तीसरी पत्नी थी।

## ट्रक से तस्करी कर ले जाई जा रही खैर की लकड़ी जप्त, आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर अवैध खैर की लकड़ी की तस्करी के विरूद्ध वन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई। अवैध खैर की लकड़ी ट्रक में भरकर दिल्ली की ओर ले जायी जा रही थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन संरक्षक उज्जैन आलोक पाठक, वन मंडलाधिकारी संजय रायखेरे के मार्गदर्शन मे उप वनमंडलाधिकारी गरोठ और वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरा के नेतृत्व में वन विभाग की टीम और गरोठ पुलिस की टीम ने शामगढ़ नाका और फोरलेन-एटलेन चौकड़ी पर सघन घेराबंदी की गई। घेराबंदी देख ट्रक चालक ने वाहन को बडीर्या अमरा के रास्ते भगाने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर भारी मात्रा में बेशकीमती खैर की अवैध लकड़ी बरामद हुई। वाहन चालक के पास लकड़ी के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। टीम ने मौके से आरोपी चालक खालिद पिता अजीम पठान (निवासी नोह, हरियाणा) को हिरासत में ले लिया। लकड़ी अवैध होने के कारण वन विभाग द्वारा वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वर्तमान में जब्त ट्रक वन विभाग की सुपुर्दगी में है।

## सुनें सुनाएं की पहल साहित्य उत्सव का स्वरूप ले : कलेक्टर मिशा सिंह

**रतलाम।** साहित्यिक गतिविधियां उल्लेखनीय हैं । इसे निरंतर बढ़ाने की आवश्यकता है। सुनें सुनाएं के माध्यम से शहर में रचनात्मक गतिविधियों का सिलसिला और आगे बढ़े तथा साहित्य उत्सव का एक स्वरूप ले, यह शहर की साहित्यिक, सांस्कृतिक समृद्धि के लिए आवश्यक भी है। उक्त विचार कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने सुनें सुनाएं की रचनात्मक पहल कैलेंडर - 2026 का अवलोकन करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर को उक्त कैलेण्डर वरिष्ठ साथी सुभाष जैन, ओमप्रकाश ओझा, विनोद झालानी, लगन शर्मा, महावीर वर्मा तथा आशीष दशोत्तर ने भेंट किया। इस अवसर पर सुभाष जैन ने हम लोग द्वारा आयोजित गतिविधियों की भी जानकारी प्रदान की।



## शबे-ए-बरात की रात छोटे-छोटे बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**बिछड़ौद।** मंगलवार को शबे-ए-बरात के मौके पर नगर की जामा मस्जिद में जलसे का आयोजन किया गया। जहां मकतब के छोटे-छोटे बच्चों ने नात शरीफ, हदीश शरीफ, कलमें और दुआएं पड़ी। वहीं जिन बच्चों का कुरान शरीफ मुकम्मल हो गया उनका पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।और स्टील लंच बॉक्स और स्टील पानी बोटल देकर सम्मानित किया गया। वहीं जामा मस्जिद कमेटी द्वारा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हासिम मजाहिरी सहाब का पुष्प माला पहनाकर और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। शबे-ए-बारात को मुस्लिम समाजन कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों की मगफिरत के लिए दुआ करते है। शबे-ए-बारात केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और सुधार का संदेश भी देती है। यह रात इंसान को अपने गुनाहों को स्वीकार कर उनसे तौबा करने, दूसरों को माफ करने और दिल से नफरत निकालने की सीख देती है। जानकारी जसीम रंगरेज ने दी।

## सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भंडारे के साथ समापन



**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम पंचायत ठिकरिया के गांव कुमारिया में हनुमान मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय कथा में कथावाचक राष्ट्रीय संत गोपालकृष्ण महाराज ने कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित की मोक्ष के बारे में बताया वहीं सुदामा चरित्र के बारे में प्रसंगों में आगे कहा कि सुदामा श्री कृष्ण की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा इतना बड़ा आदमी नहीं हूं केवल द्वारिकाधीश को बता देना कोई दीवाना आया है और नाम सुदामा बता रहा है श्री कृष्णा में सुदामा को अपने गले से लगाए और अपने महल में ले गए। वही कथा प्रसंग में आगे राजा परीक्षित के बारे में यह बताया परीक्षित ने अपने जीवनकाल में कई अश्वमेघ यज्ञ किए और एक प्रतापी राजा के रूप में शासन किया। वे शक्तिशाली राजा बने, लेकिन एक ऋषि के श्राप के कारण तक्षक नाग के काटने से उनकी मृत्यु हुई शुकदेव मुनि ने उन्हें सात दिनों तक भागवत कथा सुनाई, जिससे राजा परीक्षित का मन सांसारिक मोह से हट गया और उन्हें मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति हुई। और आगे कहा कि आज का युवा तनाव एवं डिप्रेशन में जी रहा है। इसका मुख्य कारण है कि वह भगवान से दुर हो रहा है। इसलिए भगवान से जुड़े रहने पर मन को हर स्थिति में भी व्यक्ति घबराता नहीं है। यह प्रभु की भक्ति की कृपा होती है। कथावाचक राष्ट्रीय संत गोपालकृष्ण महाराज द्वारा कथा के बीच बीच में मधुर मधुर भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी गई इसके पुर्व छठवें दिन कथा में सीएम डॉ मोहन यादव के भ्राताश्री व कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष नारायण यादव दादा,भरत जायसवाल, पवनसिंह आंजना,लालसिंह चुंडावत, एलकारसिंह सौंलकी, डॉ मोहनलाल मकवाना, पंकज मित्तल सहित आसपास गांवों से बडी संख्या में भक्तों शामिल हुए।

## प्रीति अग्रवाल को बनाया अध्यक्ष डिवाईन मंच का स्थापना दिवस मनाया



**शुजालपुर।** डिवाईन मंच का स्थापना दिवस जटाशंकर परिसर में गत दिवस मनाया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न गेम आयोजित किए गए। लक्की ड्रा में विजेता रश्मि अवस्थी रही। इसी प्रकार अन्य गेम भी हुए, जिसमें प्रथम शीतल विजयवर्गीय, द्वितीय अनिता राठी, तृतीय अंजू खत्री रही। स्थापना दिवस पर मंच की नवीन कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंजू खत्री, सचिव शोभा जैन एवं शीतल विजयवर्गीय को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर रत्ना सोनी, मधु मंडलोई, निर्मला चौबे, रश्मि अवस्थी, अमिता डागा, अनिता राठी, ममता मेहता, माधवी सणस सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति अग्रवाल ने किया।

## सड़क हादसे में गंभीर घायल को विधायक बापू ने पहुँचाया अस्पताल

**सुसनेर।** रात्रि करीब 8:30 बजे डग रोड स्थित आव नदी के समीप हुए सड़क हादसे में नाहरगढ़ निवासी भाव सिंह पिता भगवान सिंह (30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान सुसनेर से डग की ओर जा रहे क्षेत्रीय विधायक भैरोसिंह बापू की नजर घायल पर पड़ी। उन्होंने तत्काल अपना वाहन रुकवाया और एंबुलेंस का इंतजार किए बिना मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए घायल को अपनी ही गाड़ी से सिविल अस्पताल भिजवाया। विधायक के साथ मौजूद गनमैन राघवेंद्र सिंह और ड्राइवर ने घायल को सुरक्षित अस्पताल पहुँचाने में सहयोग किया। सिविल अस्पताल में डॉ. बी.बी. पाटीदार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बेकसूरों को फंसाने वाले अब वरिष्ठ अधिकारियों को कर रहे गुमराह

# हल्ला मचने पर जांच अधिकारी बदला, मामला 132 के व्ही से स्क्रेप बेचने का

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

सिटी मंडी रोड स्थित पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के 132 के व्ही उपकेन्द्र के प्रभारी सहायक यंत्री ने जो विद्युत कंपनी की सामग्री कबाड़ी को बेची थी और पकडे जाने पर बेकसूरों को फंसाने के लिए षडयंत्र रचकर निर्दोष गरीब मजदूरों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई वह अपने कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है और इस मामले में विद्युत कंपनी के कुछ अधिकारी भी सहयोग कर रहे है।

यह आरोप चोरी के मामले में झूठे फंसाए गए मजदूरों ने मीडिया कर्मी के चर्चा के दौरान लगाए। बता दे 132 के व्ही विद्युत ग्रिड से 30 जनवरी को वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के बिना लाखों रुपए का स्क्रेप प्रभारी द्वारा बेचा गया था, जो कि पुलिस ने पकड़ लिया तो अपने हाथ बचाने के लिए विद्युत कंपनी के कुछ अधिकारियों ने मजदूरों व वाहन चालक पर ही चोरी का आरोप लगा दिया। इतना ही नहीं पुलिस से मिलीभगत कर 6 लोगों पर चोरी का मामला भी दर्ज करवा दिया। झूठे मामले में फंसाए गए इन मजदूरों का कहना है कि जिस क्षेत्र से वे सामग्री लेकर आए वह पर सुरक्षा गार्ड से लेकर कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे, यह परिसर प्रतिबंधित क्षेत्र है और केन्द्र के अंदर कैमरे भी लगे हुए है। स्क्रेप खरीदने वाले कबाड़ी जावेद व




शकिल का कहना है कि इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, उन्हे स्क्रेप खरीदने के लिए सहायक यंत्री विजय ओझा ने 29 जनवरी को बुलाया, इसके बाद अंदर स्क्रेप को देखा, इसके अगले दिन 30 जनवरी को वे बकायदा तोल कांटा लेकर मजदूरों के साथ केन्द्र के अंदर गए, जहां पर विधिवत रजिस्ट्रर में इन्टी की गई, केन्द्र में स्क्रेप का तोल कार्य अधिकारियों के सामने हुआ। विद्युत कंपनी के अधिकारी जो सामान शिफ्टिंग करने की बात कहकर हमपर चोरी का आरोप लगा रहे है, यदि सामान को शिफ्टिंग करवाना था तो तोल कार्य की आवश्यकता ही क्यों थी। एफआईआर में जिनके नाम दर्ज है उनका कहना है कि कंपनी की सम्पत्ति को बेचने में कार्यपालन यंत्री की भी भूमिका है।

### फर्जी गेट पास बनाने की बात कही

शासकीय सम्पत्ति को अनाधिकृत रूप से बेचे जाने के इस मामले में लगातार ऑडियों सामने आ रहे है। हमारी पड़ताल में एक और ऑडियों सामने आया, जिसमें सहायक यंत्री विजय ओझा अपने अधिनस्त से चर्चा कर रहे है और जिसमें ओझा निर्देश दे रहे है कि अभी चार लेबर बुलवा रहे है उन्हे शटर के अंदर कर देना, ये लेबर पेकिंग कर लेगे और 12-1 बजे गाडी बुलवाकर मटेरियल तुलवा देना, जब अधिनस्त सामान गेट पास से जाने की बात कहता है तो सहायक यंत्री ओझा कहते है कि यह सामान गेट पास से थोडी जाएगी। साथ ही ओझा सबको देने की बात कहते है। जब अधिनस्त पूर्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली की बात बताता है तो ओझा फर्जी गेट पास बनाने की बात कहकर अधिनस्त को अपने पास बुलाते सुनाई दे रहे है।

**इनका कहना है**

विद्युत कंपनी के स्क्रेप चोरी जाने की जो एफआईआर दर्ज हुई है



उसमें जांच का कार्य अब उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी करेगे। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार विद्युत कंपनी केन्द्र व अन्य मामलों की भी जांच की जाएगी।

**निमेष देशमुख एसडीओपी शुजालपुर**

### जांच अधिकारी बदला गया

स्क्रेप घोटाले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध प्रतित हो रही है, क्योकि पुलिस ने किसी भी प्रकार की प्रारंभिक जांच किए निर्दोष गरीब लोगों पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर ली। जिस स्थान से स्क्रेप जाना बताया गया उस स्थल पर अभी तक पुलिस पहुंची भी नहीं है। निर्दोष लोगों को गलत तरीके से चोरी का आरोपी बनाए जाने का जब मीडिया में समाचार प्रकाशित हुआ तो वरिष्ठ अधिकारी भी सजग हुए। इस मामले की जांच पहले प्रधान आरक्षक को दी गई थी, लेकिन मामले में हल्ला मचने के बाद जांच का जिम्मा उपनिरीक्षक को सौपा गया।

कलेक्टर ने किया सांदीपनी शासकीय मॉडल विद्यालय का निरीक्षण

# मॉडर्न कंप्यूटर प्रयोगशाला का रिबिन काटकर किया शुभारंभ

### पीएम आवास की देखी गुणवत्ता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने बुधवार सांदीपनी शासकीय मॉडल विद्यालय की नव-निर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस कंप्यूटर लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान के साथ-साथ वोकेशनल ट्रेनिंग के क्षेत्र में विशेष लाभ मिलेगा।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि विद्यालय की नई बिल्डिंग शीघ्र पूर्ण हो, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को रीड, राइट और रिवाइज का मूल मंत्र दिया।

कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जरूरी यह नहीं है कि हम कितना जानते हैं, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि हम जो जानते हैं उसे कितनी स्पष्टता से जानते हैं। एक ही विषय को अलग-अलग पुस्तकों से पढ़ने के बजाय एक ही पुस्तक को बार-बार पढ़ना अधिक उपयोगी है। प्रत्येक अध्ययन के साथ निरंतर रिवीजन और लिखने का अभ्यास परीक्षा में सफलता की कुंजी है। रिवीजन से विषय स्मरण में रहता है, वहीं लेखन अभ्यास से समय प्रबंधन बेहतर होता है और परीक्षा समय पर पूर्ण की जा सकती है। इसके पश्चात कलेक्टर कन्याल ने पीएम आवास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया तथा कुल संख्या सहित सामान्य जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुना में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

## मिशन वात्सल्य योजना के तहत वल्नरेबिलिटी मैंपिंग के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**राजगढ़।** मिशन वात्सल्य योजना के तहत जोखिम ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैंपिंग के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल बंजारे के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत सभागार में किया गया। कार्यशाला में श्रीमती अर्घा तिवारी, मास्टर ट्रेनर उदयन केयर एवं श्रीमती इंदू सारस्वत, राज्य समन्वयक, ममता संस्था के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उपरोक्त कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, न्याय विभाग, प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर के समस्त परियोजना अधिकारी समस्त पर्यवेक्षक एवं आंगनवाडी कार्यकताऐं व सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें। जिले के जोखिम ग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का चिन्हांकन उपरांत उन्हे शासन की विभिन्न योजनाओं से जोडा जाए।

## कृषि विभाग की विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**राजगढ़।** कलेक्टर ने कृषि विभाग की विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें कृषि विभाग के समस्त अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ई-टूर प्लान अन्तर्गत विगत महिनो में अपने क्षेत्र में किए गए भ्रमण से सम्बंधित जानकारी की पृविष्टि ई-टूर प्लान में नहीं किए जाने के साथ ही विभागीय योजनाओं में विभिन्न घटको के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्यो के विरुद्व पूर्ति भी नही की है। जिसके अन्तर्गत कलेक्टर ने सुश्री साक्षी साहू कृषि विस्तार अधिकारी विकास खण्ड खिलचीपुर, प्रितेश पाटीदार कृषि विस्तार अधिकारी विकास खण्ड नरसिंहगढ़, रोहित जाटव कृषि विस्तार अधिकारी विकास खण्ड सारंगपुर को उक्त लापरवाही के फलस्वरुप उनकी नियुक्ती दिनांक से आगामी तीन वर्ष के लिए प्रभावशील परिविक्षा अवधि को, अवधि समाप्त होने के दिनांक से आगामी 1 वर्ष के लिए तत्काल प्रभाव से बढाई जाने के आदेश पारित किये गये।

## जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को

**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा 7 फरवरी 2026, शनिवार को संपन्न होगी। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा परीक्षा के प्रवेश पत्र आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, जहाँ से परीक्षार्थी डाउनलोड कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपने साथ वैध प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेकर आएँ। परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से कम से कम एक घंटा पूर्व पहुँचना होगा ताकि जाँच प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

# मावठे से जनजीवन प्रभावित, स्कूलों में सन्नाटा, शादियों पर भी पड़ा असर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिले में मावठे की बारिश के कारण एक बार फिर ठंडक घुल गई। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच पूरा शहर भीग गया और सड़कों पर पानी बह निकला। अचानक बदले मौसम के कारण जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिला। सुबह के समय ठंडी हवाओं और बारिश के चलते लोग घरों में दुबके रहे। वहीं बाजारों में भी चहलझपहल कम नजर आई।

नगर में बड़ी संख्या में शादियां आयोजित थीं। सुबह हुई तेज बारिश से विवाह वाले परिवारों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दीं। टेंट, सजावट और आवागमन को लेकर लोग परेशान रहे। हालांकि दोपहर बाद हल्की धूप निकलने से आयोजकों ने राहत की सांस ली और कार्यक्रमों में धीरेझधीरे रौनक लौट आई। फिर भी मौसम की अनिश्चितता के कारण पूरे दिन असमंजस की स्थिति बनी रही।



बारिश का सबसे ज्यादा असर स्कूली व्यवस्था पर पड़ा। कई निजी विद्यालयों ने सुबह ही अवकाश घोषित कर दिया जबकि अन्य स्कूल खुले तो जरूर, लेकिन कक्षाओं में बच्चों की संख्या बेहद कम रही। ठंड और बारिश के कारण अभिभावक बच्चों को घर से बाहर भेजने से हिचकिचाते नजर आए। शिक्षकों के अनुसार उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में आधी से भी कम रही जिससे पढ़ाई का क्रम प्रभावित हुआ।

आगर मालवा जिले में पिछले दो दिनों से जारी हल्की बारिश और सर्द हवाओं के चलते स्कूलों में उपस्थिति घटकर मात्र 30 से 40 प्रतिशत रह गई है। न्यूनतम तापमान 13झ14 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने से सुबह के समय कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शिक्षकों का कहना है कि लगातार अवकाश और कम उपस्थिति से सिलेबस पीछे छूटने की चिंता बढ़ गई है।

कृषि कार्यों के साथझसाथ दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एकझदो दिन तक क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और बच्चों तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। लगातार बदलते मौसम ने फिलहाल पूरे इलाके की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है।



## कलेक्टर ने ग्रामों में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

**कानड़।** विगत दिनों जिले में ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की स्थिति का जायजा लेने हेतु कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा बुधवार को कानड़ क्षेत्र के ग्राम जस्साखेड़ी, भडभूंजी, कोलुखेड़ी एवं कुंडलाखुर्द का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की तथा ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का शीघ्र सर्वे कर वास्तविक नुकसान का आंकलन करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, तहसीलदार विजय सेनानी, किसान नेता डूंगर सिंह सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, उद्यानिकी अधिकारी, बड़ी संख्या में कृषक, उपस्थित थे।

## गेहूं एमएसपी से पिछले साल से 160 रुपए ज्यादा दाम



**तनोडिया।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारी पूरी हो गई है। इस बार किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपए अधिक है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों के पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक होंगे। प्रबंधक संजय विश्वकर्मा ने बताया कि किसानों के लिए निःशुल्क पंजीयन की सुविधा ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्रों पर रहेगी। सशुल्क पंजीयन एमपी ऑनलाइन कियोस्क, निजी साइबर कैफे पर होगा। यह दस्तावेज जरूरी पंजीयन के दौरान किसान को भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड और अन्य फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पंजीयन और फसल विक्रय दोनों प्रक्रियाओं में आधार वेरिफिकेशन जरूरी रहेगा। आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से होगा।

## हर हाल में मुस्कुराइए, यही खुश रहने का मंत्र- ललितप्रभ जी मसा



**महिदपुर।** राष्ट्रसंत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि सदैव खुश रहने का सरल मंत्र है–हर परिस्थिति में मुस्कुराना। प्रतिकूल हालात में भी जो मुस्कुराना सीख लेता है, वही सच्चा सुखी इंसान होता है। उन्होंने कहा कि तनाव और दुःख से मुक्ति की रामबाण औषधि है खुलकर हँसना और सकारात्मक सोच रखना। वे असाड़ी गली में आयोजित दो दिवसीय प्रवचन माला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में जो है उसका आनंद लें, जो चला गया उसका दुःख न करें। मुस्कान से तन-मन स्वस्थ रहता है और घर स्वतः स्वर्ग बन जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रसंत के महिदपुर आगमन पर सकल समाज द्वारा भव्य प्रवेश जुलूस निकाला गया। जो सुबह लाल मंदिर से प्रारंभ होकर असाड़ी गली पहुंचा , जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## स्कूली बच्चों का विदाई समारोह संपन्न, शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं



**महिदपुर रोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खारुआंकलां के कक्षा - 12वीं में अध्ययनरत स्कूली छात्र - छात्राओं के बिदाई समारोह का कार्यक्रम संकुल प्राचार्य मेवाराम सिंह दादौरिया तथा जनशिक्षक रघुवीर सिंह सौलंकी की उपस्थिति में संपन्न हुआ इस दौरान शिक्षक गोपाल डाबी, लीना परमार, श्री कृष्ण शर्मा, हुकुमचंद पाटीदार, मुकेश नायक, राकेश धाकड़, मुकेश डामोर, राजाराम दांगी, दीपिका मांझी एवं जनशिक्षक रघुवीरसिंह सौलंकी, बाबूलाल राठौर आदि ने छात्र-छात्राओं को अच्छे नंबर से पास होने की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का संचालन शिक्षक पिंटू मालावत ने किया आभार छात्र कुंदन सौलंकी ने व्यक्त किया।

मृणाल ठाकुर और धनुष के अफेयर व शादी की खबरें इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। इस बीच अब सिद्धांत चतुर्वेदी ने भी मृणाल को धनुष को लेकर छेड़ा है। जानिए सिद्धांत ने क्या कहा...

# 'आप किसी और की दुल्हन हैं'

## धनुष से शादी की खबरों के बीच सिद्धांत चतुर्वेदी ने मृणाल ठाकुर को चिढ़ाया



मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में हैं। उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है और दोनों की शादी तक की चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच मृणाल ठाकुर अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान ही फिल्म में मृणाल के को-स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी ने मृणाल को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जो अब वायरल है।

### सिद्धांत ने मृणाल को लेकर किया मजाक

'दो दीवाने सहर में' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान मृणाल और सिद्धांत एक-दूसरे से मजाक करते नजर आए। इसी दौरान सिद्धांत चतुर्वेदी ने मृणाल को लेकर एक मजाक किया। दरअसल, सिद्धांत से उनके वैलेंटाइन डे को लेकर सवाल किया गया। इसी पर जवाब देते हुए सिद्धांत ने कहा कि फिलहाल वो सिंगल हैं। तभी फिल्म के पोस्टर की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल ये ही दुल्हन है। तभी वहां खड़ी मृणाल को संबोधित करते हुए सिद्धांत ने कहा, 'आप तो किसी और की दुल्हन हैं।' इस पर वहां मौजूद सभी हंसने लगे। मृणाल ने भी सिद्धांत के इस मजाक पर सिर्फ मुस्कुरा दिया।

### चेन्नई के सवाल पर भी सिद्धांत ने मृणाल से लिए मजे

ट्रेलर लॉन्च के दौरान एक पल और ऐसा आया, जब सिद्धांत ने मृणाल के धनुष से कनेक्शन पर कमेंट किया। दरअसल, इवेंट में मौजूद किसी ने चेन्नई को लेकर सवाल किया। इस पर सिद्धांत ने मृणाल की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'चेन्नई वाला सवाल इनसे था या मुझसे?' मृणाल और वहां मौजूद बाकी लोग जल्द ही सिद्धांत के इस मजाक को समझ गए और हंसने लगे। वहीं मृणाल सिद्धांत के इस मजाक पर ब्लश करती नजर आईं। धनुष के साथ रिलेशनशिप और शादी की चर्चाओं के बीच सिद्धांत का मृणाल को लेकर इस तरह का मजाक करना और अभिनेत्री का सिर्फ ब्लश करके और मुस्कुराकर इनको टालना, एक बार फिर दोनों के रिलेशन को लेकर हिंट देता है।

### पिछले काफी वक्त से धनुष के साथ जुड़ रहा मृणाल का नाम

पिछले काफी वक्त से मृणाल ठाकुर का नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। यहां तक कि पिछले दिनों दोनों के जल्द ही शादी करने की चर्चाएं भी सामने आईं। हालांकि, मृणाल ठाकुर ने इन खबरों को सिर्फ अफवाह ही बताया। पिछले एक इंटरव्यू में भी इस बात का मजाक उड़ाते हुए अभिनेत्री ने कहा कि शादी की डेट तक आई और मुझे इनवाइट भी नहीं किया गया। कम से कम मुझे भी इनवाइट कर देते। लेकिन इस बीच अब सिद्धांत का इवेंट में इस तरह मृणाल को धनुष को लेकर छेड़ना, कुछ और ही बयां करता है।

### 20 फरवरी को रिलीज होगी 'दो दीवाने सहर में'

रवि उदयवार द्वारा निर्देशित 'दो दीवाने सहर में' 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म एक तयशुदा शादी से पनपे रिश्ते की पड़ताल करती है, जिसमें दो अजनबी लोगों के बीच की अटपटी शुरूआत, दोस्ती, भावनात्मक घनिष्ठता और जटिल विकल्पों के बीच के सफर को दिखाया गया है। फिल्म में मृणाल और सिद्धांत के अलावा इला अरुण, आयशा रजा, जॉय सेनगुप्ता और अचिंत कौर भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

## मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडित' पर बढ़ा विवाद, ब्राह्मण समाज ने जताया विरोध



मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडित' रिलीज से पहले ही विवादों में फंस गई है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली ये फिल्म अब कानूनी पचड़े में भी फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक है। वहीं फिल्म को लेकर अब ब्राह्मण समुदाय के लोग सड़कों पर भी उतर गए हैं और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडित' को लेकर विरोध अब बढ़ता जा रहा है। फिल्म के विरोध में अब ब्राह्मण समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। विरोध कर रहे लोगों की मांग है कि मेकर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। एक ओर जहां फिल्म को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। वहीं दूसरी ओर अब सड़कों पर भी फिल्म को लेकर विरोध तेज हो गया है।

कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि फिल्म का शीर्षक और प्रचार सामग्री 'पंडित' शब्द को भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से जानबूझकर जोड़ती है। याचिकाकर्ता वकील विनीत जिंदल जो स्वयं को जनहितैषी नागरिक बताते हैं, ने फिल्म के कंटेंट के सांप्रदायिक रूप से आपत्तिजनक और मानहानिकारक होने पर गंभीर आपत्ति जताई है। साथ ही ब्राह्मण समुदाय की गरिमा और प्रतिष्ठा को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचने की आशंका व्यक्त की है। याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार को मामले में मुख्य पक्षकार बनाया है। इसमें तर्क दिया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्मों को कंट्रोल करना और सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने वाले कंटेंट की स्ट्रीमिंग को रोकना सरकार का कर्तव्य है।

'वध 2'

## बांधकर रखती है 'वध 2', अभिनय सबसे मजबूत पक्ष




संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, कुमुद मिश्रा और शिल्पा शुक्ला जैसे दमदार अभिनेताओं से सजी यह फिल्म अभिनय के मामले में कहीं भी पीछे नहीं रहती। इसकी कहानी आपको पूरे समय बांधे रखती है। जसपाल सिंह संधू का कसा हुआ निर्देशन इसे और तगड़ा बनाता है। फिल्म में प्यार, हवस, बदला, क्रोध और चुप्पी सब कुछ है। कुल मिलाकर कैसी है ये फिल्म ? चलिए जान लेते हैं...

### कहानी

फिल्म की शुरूआत 1994 से होती है जहां मंजू देवी (नीना गुप्ता) को डबल मर्डर के इल्जाम में 28 साल की सजा सुनाई जाती है। 28 साल से मंजू जिस जेल में बंद हैं उसी जेल का गार्ड शंभुनाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) उससे प्यार करता है। शंभु जेल की सब्जियां चुराकर बाहर बेचता है और मंजू को जो भी मदद चाहिए होती है वो उसे उपलब्ध कराता है। इसी बीच प्रकाश सिंह (कुमुद मिश्रा) को जेल का नया अधीक्षक नियुक्त किया जाता है। दूसरी तरफ जेल के एक बिगड़ैल कैदी केशव (अक्षय डोगरा) की, 23 वर्षीय महिला कैदी नैना (योगिता बिहानी) पर नजरें खराब हो जाती हैं। एक रात कुछ ऐसा होता है कि प्रकाश, केशव की पिटाई कर देता है जिस-के बाद केशव जेल से गायब हो जाता है। जांच बैठती है और पड़ताल करने के लिए इंस्पेक्टर अतीत सिंह (अमित के सिंह) जेल आते हैं। आगे की पूरी कहानी केशव को ढूंढने और उसके साथ क्या हुआ? इस बारे बात करती है।

### कैसी है फिल्म ?

फिल्म की शुरूआत में ही संजय और नीना के बीच एक दृश्य है। दोनों तारों से भरे आसमान के नीचे, एक-दूसरे को बिना देखे, जेल की दीवार के आर-पार एक दूसरे से बात कर रहे हैं। इस सीन में एक सुकून, शांति और सच्चे प्यार का आनंद है। इसी सीन से ही आपको अंदाजा लग जाता है कि आगे आप किस तरह के बेहतरीन अभिनय से रूबरू होने वाले हैं। यह एक मसाला नहीं जिसमें हर पल कुछ न कुछ होता ही रहे। यह आर्ट फिल्म की तरह बढ़ती है इसलिए इसका बिल्ड अप थोड़ा स्लो है पर एक बार जब यह स्पीड पकड़ती है और इंटेंस हो जाती है फिर सस्पेंस बना रहता है। इंटरवल से आधे घंटे पहले यह और मजेदार बन जाती हैं। वहीं सेकंड हाफ क्लाइमैक्स से पहले थोड़ा स्लो है पर क्लाइमैक्स में पहुंचकर आपको पता चलता है कि आप जो सोच रहे थे वैसा तो कुछ था ही नहीं।

### अभिनय

फिल्म के इस डिपार्टमेंट में तो आप निराश हो ही नहीं सकते। नीना गुप्ता हर एक सीन में उम्दा हैं। चुप रहकर भी वो आंखों और एक्सप्रेशन से अभिनय करती हैं। संजय मिश्रा, पूरी फिल्म में आपको अपने से लगते हैं। अपनी मासूमियत से आपका दिल जीतते हैं। कुमुद मिश्रा जब-जब स्क्रीन पर आते हैं छा जाते हैं।




पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच बहिष्कार अब उल्टा पड़ता दिख रहा है। जिस बांग्लादेश के समर्थन में यह कदम उठाया गया, वही अब आर्थिक नुकसान को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

## पाकिस्तान के मैच बहिष्कार के फैसले पर भड़का बांग्लादेश! पीसीबी से पूछा- हमें क्यों नुकसान में झोंक रहे?



**ढाका।** टी20 विश्वकप 2026 से पहले हाईवोल्टेज ड्रामा जारी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बाद अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बेशर्मी की हद पार कर दी है। उसने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच के बहिष्कार का एलान किया है। हालांकि, इस मैच का बहिष्कार कर पाकिस्तान ने जिस सियासी लड़ाई की शुरूआत की थी, वह अब खुद उसके कथित सहयोगी बांग्लादेश के लिए ही परेशानी बनती दिख रही है। इस फैसले से न सिर्फ आईसीसी और पीसीबी को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है, बल्कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के भीतर भी असंतोष उभर आया है।

### भारत-पाकिस्तान मैच: क्रिकेट की सबसे बड़ी कमाई

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला टी20 मुकाबला दुनिया के सबसे कमाऊ क्रिकेट मैचों में गिना जाता है। ब्रॉडकास्ट राइट्स, विज्ञापन, स्पॉन्सरशिप, टिकट और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को मिलाकर इस मुकाबले की कीमत लगभग 500 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। इस कमाई का बड़ा हिस्सा आईसीसी के पास जाता है, जिसे बाद में सभी सदस्य बोर्डों में बांटा जाता है। ऐसे में यह सिर्फ भारत या पाकिस्तान का नहीं, बल्कि पूरी क्रिकेट दुनिया का आर्थिक इंजन माना जाता है। हालांकि, अब जब पीसीबी ने इस मैच के बहिष्कार का सोचा है तो आईसीसी नुकसान की भरपाई पीसीबी को मिलने वाले फंड से चुकाकर कर सकता है।

### बांग्लादेश क्यों हुआ नाराज?

दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार बांग्लादेश के समर्थन में किया था, जब बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार किया और उसे टूर्नामेंट से बाहर कर स्कॉटलैंड को शामिल किया गया। लेकिन अब बीसीबी का एक धड़ा इस फैसले से खुश नहीं है। बांग्लादेशी अखबार प्रथम आलो से बात करते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक वरिष्ठ निदेशक ने कहा, 'अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है, तो पूरी क्रिकेट दुनिया को आर्थिक नुकसान होगा। हमारा डिविडेंड भी घटेगा। हम ऐसा नुकसान नहीं चाहते थे।'

### आईसीसी रेवेन्यू घटने की चिंता

बीसीबी के एक अन्य अधिकारी ने साफ तौर पर आईसीसी की कमाई घटने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, 'इससे आईसीसी के सेंट्रल रेवेन्यू पूल पर सीधा असर पड़ेगा। हम भी उस फंड के हिस्सेदार हैं। छोटे देश शायद एक-दो लाख डॉलर से संतुष्ट हो जाएं, लेकिन हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हम कैसे टिक पाएंगे?'

### पाकिस्तान का मकसद क्या था?

बीसीबी अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तान का मकसद साफ था, भारत के खिलाफ सख्त संदेश देना और भारतीय क्रिकेट के दबदबे को चुनौती देना। एक अधिकारी ने माना, 'उस नजरिए से यह फैसला पाकिस्तान के लिए समझ में आ सकता है।' लेकिन सवाल यही है कि क्या इस सियासी संदेश के लिए बाकी क्रिकेट जगत को नुकसान में झोंकना सही है?

## थाईलैंड से हारकर भी भारत क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** युवा तन्वी शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद गत चैंपियन भारत को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में ग्रुप वाय के दूसरे मैच में गुरुवार को थाईलैंड के हाथों 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। इस हार के बावजूद भारत ने क्वार्टर फाइनल के लिये क्वालिफाई कर लिया है। म्यांमार को पहले मैच में 5-0 से हराने के बाद भारत ग्रुप वाय में थाईलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा। दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी और 2024 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रही तन्वी ने विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज बुसानन ओंगामरूनंगफान को 21-14, 17-21, 21-18 से हराया।

गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने इसके बाद 65वीं रैंकिंग वाली टी क्लीबायीसुन और नत्तामोन लेइसुआन की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-11 से हराया। रक्षिता रामराज हालांकि 2023 विश्व जूनियर चैम्पियन 19 वर्ष की पिचामोन ओमात्रिपुत से 19-21, 17-21 से हार गई। दूसरे युगल मैच में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा को एच मिजाद और नापापाकोर्न तुंगकासातान ने 19-21, 21-14, 21-15 से हराया।मालविका बंसोड को पहले एकल में पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने 21-18, 21-14 से हराया।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## एफआईएच प्रो लीग के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित; धाविका पूजा डोप टेस्ट नहीं देने के कारण निलंबित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में दस से 15 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग के पहले चरण के लिये 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने पिछले महीने 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिसे अब घटाकर 24 कर दिया गया है। इस चरण में भारत के अलावा बेल्जियम और अर्जेंटीना की टीमें भाग लेंगी।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमारे पास रोशन कुजूर और मनमीत सिंह जैसे युवा हैं जबकि सीनियर खिलाड़ी भी टीम में हैं। यह संतुलन काफी जरूरी है। अर्जेंटीना और बेल्जियम बेहतरीन टीमें हैं और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेंगे।' 24 फरवरी को स्पेन से और 22 तथा 25 फरवरी को आस्ट्रेलिया से खेलना है । लीग का यूरोपीय चरण जून में खेला जायेगा।



**भारतीय टीम : गोलकीपर :** सूरज करकेरा, पवन **डिफेंडर :** अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, नीलम संजीप सेस, अमनदीप लाकड़ा **मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, नीलाकांता शर्मा, रोशन कुजूर **फॉरवर्ड :** अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्ति, मनदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, आदित्य अर्जुन लालागे

### लंबी दूरी की धाविका पूजा निलंबित

भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम को डोप टेस्ट से बचने के कारण एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है। पांच हजार और 10000 मीटर में भाग लेने वाली राजस्थान की पूजा 2024 में इंडियन ग्रां प्री 2 में तीसरे स्थान पर रही थी। पिछले साल लखनऊ में राष्ट्रीय क्रॉसकंट्री चैम्पियनशिप में वह 25वें स्थान पर रही। एआईयू ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'एआईयू ने भारत की पूजा आत्माराम को नमूना देने से बचने, मना करने या नहीं देने के कारण अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है । आरोप का नोटिस जारी कर दिया गया है।' पूजा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की आचार संहिता की धारा 2.3 के उल्लंघन के कारण निलंबित किया गया है।

## न्यूज कॉलम

### किसान ने किया सुसाइड, मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, तुकोगंज में भी महिला ने दी जान

**इंदौर।** इंदौर के खुड़ैल इलाके में रहने वाले एक किसान ने अपने घर के पीछे फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार रात में परिवार ने फंदे पर उनका शव देखा। बताया जा रहा है कि उनकी मानसिक स्थिति पिछले कई दिनों से ठीक नहीं थी। पुलिस के अनुसार, मृतक दिनेश चौहान (57) के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। जमाई विकास ने बताया कि दिनेश अक्सर कहते थे कि कोई उनके पीछे लगा हुआ है। करीब एक साल से उनका मानसिक उपचार चल रहा था, लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इधर, तुकोगंज पुलिस ने बताया कि विकास नगर निवासी सीमा (42) ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति राजू डोगरे इंदौर में नहीं थे। उनका बड़ा बेटा विशाल एमवाय के माध्यम से उन्हें अस्पताल लेकर गया और डॉक्टरों को फांसी लगाने की जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने बताया कि शाम को सीमा ने आटा लाने और दाल-बाटी बनाने की बात कही थी। रात 7 बजे तक उन्होंने फोन नहीं उठाया। घर पहुंचने पर बेटे ने मां को फंदे पर लटके देखा। विशाल के अनुसार पिता राजू भीकनगांव में रहते हैं और दोनों भाई कोरोना कॉल में काम के लिए इंदौर आए थे। दोनों भाई मां के साथ रह रहे थे। विशाल ने कहा कि उनकी मां को किसी तरह का तनाव नहीं था। पुलिस इस मामले की सभी जानकारियों की जांच कर रही है। इसी तरह खुड़ैल इलाके में दिनेश चौहान के मामले में भी पुलिस जांच कर रही है। परिजन उन्हें रात में अस्पताल लेकर आए थे। दोनों घटनाओं की वजहों का पता लगाने के लिए पुलिस सुसाइड की जांच कर रही है।

### राम मंदिर में घुसे चोर भगवान के आभूषण एवं दानपेटी से रुपये लेकर फरार

**इंदौर।** इंदौर में चंदन नगर क्षेत्र के सिंहासा गांव के राम मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। गुरुवार सुबह जब पुजारी मंदिर के ताले खोलने पहुंचे, तो ताले टूटे हुए मिले। इसके बाद रहवासियों को सूचना दी गई और चंदन नगर पुलिस को बुलाया गया। पुजारी नरेंद्र पाठक ने बताया कि चोर मंदिर से भगवान के आभूषण और दान पेटी में रखे लगभग तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गए। चोरों ने दान पेटी तोड़ने का भी प्रयास किया था। पुलिस को मंदिर से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां कैद मिली हैं। फुटेज में चोर बाइक से आते और जाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। चोरी की घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी देखी गई। सुबह सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए और पुलिस गश्त को लेकर सवाल उठाए।

### क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग के तीन आरोपी पकड़े राजस्थान और उज्जैन के दो मामले में थे फरार

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पूर्व में दर्ज मामले में फरार चल रहा था, जबकि अन्य दो आरोपियों को अलग मामले में संयोगितागंज क्षेत्र से पकड़ा गया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने बीते दिनों 60 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की थी। इस मामले में कुलदीप मेघवाल को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान कुलदीप ने जमान खान निवासी झालावाड़ का नाम उजागर किया था। इसके बाद बुधवार को क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर जमान खान को इंदौर सीमा से गिरफ्तार किया। आरोपी पांचवीं कक्षा तक पढ़ा है और रिपेयरिंग का काम करता है। वहीं दूसरी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने शिवाजी नगर शौचालय के पास एमडी ड्रग बेचते हुए मित सिसौदिया निवासी संयोगितागंज, इंदौर और शोभित उर्फ पुष्पेन्द्र ठाकुर निवासी उज्जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 13 ग्राम एमडी ड्रग, दो मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पेशे से ड्रग पेडलर हैं और चलते-फिरते लोगों को नशा उपलब्ध कराते थे। जल्दी पैसा कमाने के लालच में आरोपी इस अवैध गतिविधि में शामिल हुए थे।

### किन्नर सपना गुरु ने इच्छा मृत्यु मांगी पुलिस पर साजिश के आरोप

**इंदौर।** इंदौर के नंदलालपुरा क्षेत्र से जुड़े किन्नर गुरु सपना पर दो साल पुरानी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जेल से छूटने के बाद दर्ज हुई एफआईआर को लेकर किन्नर गुरु ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। इन पत्रों में इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए सीधे तौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों के नाम भी लिखे हैं और उन्हें साजिश में शामिल बताया है। पत्र में सपना ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उनकी ओर से की गई शिकायतों पर कोई जांच नहीं की गई। हालाकि पंढरीनाथ में दर्ज हुए प्रकरण में किन्नर सपना की अभी गिरफ्तारी नही हुई है।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

रावजी बाजार इलाके में नगर निगम की रिमूवल टीम की कार्रवाई

# नाले पर बने 21 मकानों के कुछ हिस्से को तोड़ा

### एक महीने में अतिक्रमण नहीं हटाया अब मांग रहे थे समय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर नगर निगम की रिमूवल टीम ने गुरुवार को वार्ड-61 स्थित अमला रावजी बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यहां नाले पर कब्जा कर बनाए गए 21 मकानों के कुछ हिस्से को तोड़ा गया है। लोग अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांग रहे थे पर टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने के लिए एक महीने का समय दिया गया था और यह अवधि पूरी होने पर भी लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

आज निगम की रिमूवल टीम पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान नगर निगम की 4 टीमों के साथ ही रावजी बाजार थाने का पुलिस बल और 3 जेसीबी मशीनें लगी थीं। यह क्षेत्र जोन-12 में आता है। पिछले दिनों निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा किया था और नाले पर हुआ अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद इलाके का सर्वे कराया गया था। जिसमें 21 मकान नाले पर बने पाए गए थे।

जोन 12 के बिल्डिंग ऑफिसर वैभव देवलासे ने बताया कि रावजी बाजार थाने के सामने की तरफ कमला रोड वाले इलाके में यह कार्रवाई की गई है। 1 महीने पहले ही इन लोगों को बताया जा चुका था और उन्हें नोटिस भी दिए जा चुके थे, इसके साथ ही यहां पर लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा था, लेकिन यहां पर लोगों ने खुद से अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके चलते आज नगर निगम की टीम ने 21 मकानों के अवैध हिस्से को हटाने की कार्रवाई की।

# अंतरिक्ष की मौत...पिता बोले- रैगिंग-बुलिंग सह रहा था बेटा

### कुर्सी-टेबल पर बैठ खाना खाने और दरवाजा बंद कर सोने की भी अनुमति नहीं थी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमजीएम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल के सुसाइड के बाद रैगिंग को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

छात्र के परिजनों ने सीनियर छात्रों की प्रताड़ना को मौत की वजह बताया है, जबकि कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग के ठोस सबूत नहीं मिलने की बात कही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि ग्वालियर निवासी अंतरिक्ष अग्रवाल ने 2 फरवरी की रात अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। पिता पंकज अग्रवाल का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के बाद से ही बेटा परेशान रहने लगा था। वह तीन महीने से रैगिंग व बुलिंग का सामना कर रहा था। परिवार के मुताबिक, अंतरिक्ष ने बताया था कि सीनियर छात्र उसे परेशान करते थे और मजाक उड़ाते थे। डर के कारण उसने किसी का नाम नहीं बताया। परिजनों का कहना है कि हॉस्टल में सीनियर छात्रों का रवैया अपमानजनक था। मेस में सीनियर छात्रों की मौजूदगी पर फर्स्ट ईयर के छात्रों को खाना खड़े होकर खाना पड़ता था। कुर्सी-टेबल पर बैठने की अनुमति नहीं दी जाती थी। दिन में यूनिफॉर्म बदलने और रात में कमरे का दरवाजा बंद कर सोने की अनुमति नहीं थी। परिवार का कहना है कि अंतरिक्ष दो बार घर आया और दोनों बार रो पड़ा। एक बार उसने हॉस्टल से फोन कर प्रताड़ना की शिकायत भी की थी।

आवश्यकता
केयर इंटरप्राइजेस
(इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर हाउस)
उज्जैन में प्रोडक्ट बेस्ड माइक्रोफाइनेंस (No cost EMI) में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है:-
फील्ड स्टाफ:- लड़के/ लड़की,
पद:- 6 योग्यता :- 12वीं पास
सैलरी :- 15000 + इंसेंटिव+ पेट्रोल खर्च + मोबाइल खर्च
नोट- केवल फील्ड करने के इच्छुक व्यक्ति ही आमंत्रित हैं !
दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है -
2 पद : सैलरी 8000/-
स्थान:- 33, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, पंचमपूरा, दो तालाब के पास, उज्जैन
इंटरव्यू में अपना रिज्यूम मय फोटो लाना अनिवार्य है।
इंटरव्यू दिनांक - 8/02/2026 रविवार, समय - 12 से 4 बजे
Mob. 6265895202 , 8224800652 , 9098281324

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

महिला कारीगर की आवश्यकता है
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

भारत की सबसे पुरानी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
रामेश्वरम, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, मदुरई, तिरुपति बालाजी यात्रा
प्रबंधक - राजेश पोरवाल एवं अनिल पोरवाल
समय 10 दिन
• आवास हेतु 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
• कंपनी द्वारा 15 व्यक्तियों से अधिक के समूह में भोजन एवं चाय नाश्ते की सुविधा
विशेष प्रस्थान - 10 मार्च 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर से त्रिवेंद्रम के लिए ट्रेन से प्रस्थान
• तीसरा दिन : विख्यात पद्मनाभ स्वामी मंदिर दर्शन, रात्रि विश्राम त्रिवेन्द्रम
• चौथा दिन : कन्याकुमारी मंदिर दर्शन, संगम स्नान रात्रि कन्याकुमारी
• पांचवा दिन : रामेश्वरम दर्शन, रामेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन रात्रि रामेश्वरम
• छठा दिवस : मदुरई स्तिथ मिनाक्षी देवी मंदिर दर्शन रात्रि बस अथवा ट्रेन
• आठवां दिन : तिरुपति बालाजी दर्शन (दर्शन हेतु आधार कार्ड साथ लाये)
• नवा दिन : भोपाल होते हुए इंदौर प्रस्थान
• दसवा दिन : इंदौर आगमन
यात्रा शुल्क मात्र 19,500 प्रति सवारी
पूर्ण AC यात्रा शुल्क 28,000 रु प्रति सवारी
ग्रुप बुकिंग पर विशेष छूट

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com